CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम :20°C

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, सोमवार 11 मई 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 254 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 | 23 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव ने योगी मंत्रिपरिषद विस्तार पर कसा तंज पेज 2



आईपीएल के अहम मुकाबले से पहले प्रीति जिंटा ने गोल्डन टेम्पल में माथा टेका खेल टाइम्स



अनाज के ढेर पर बैठी भूखी दुनिया सम्पादकीय



आत्मघाती हमले से दहला पाक, विस्फोटक से भरी गाड़ी चेकपोस्ट से टकराई पेज 12

## संक्षिप्त समाचार



**चेन्नई:CSK के बल्लेबाज उर्विल पटेल ने लखनऊ सुपर जाइन्ट्स के खिलाफ धमाकेदार पारी खेलकर आईपीएल इतिहास की सबसे तेज फिफ्टी की बराबरी की। उर्विल ने यशस्वी जायसवाल के 13 गेंद में बनाए गए अर्द्धशतक की बराबरी की।**

### मप्र-राजस्थान व गुजरात में गर्मी लौटी 4 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश में एक बार फिर गर्मी लौट आई है। राजस्थान के बाड़मेर-जैसलमेर, मध्य प्रदेश के रतलाम और गुजरात के कांडला पोर्ट में पारा 44 डिग्री सेल्सियस पार पहुंच गया है। बाड़मेर में पारा 45.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। वहीं राजस्थान और गुजरात में रात में भी लू चल रही है। मौसम विभाग ने पंजाब और गंगा से सटे बंगाल में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। असम, मेघालय, केरल और तमिलनाडु में भी भारी बारिश की संभावना है। इधर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड में भी आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

### प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा प्रदेशभर में सम्पन्न

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डा. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा रविवार को प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न कराई गई। रविवार को यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। प्रथम पाली की परीक्षा प्रात: 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित की गई।

### रक्षा साहित्य व रणनीतिक संवाद मंच गुरुवार को

**नई दिल्ली।** देश का प्रमुख रक्षा और रणनीतिक संवाद मंच 'कलाम एवं कवच 3.0' गुरुवार को यहां आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्वदेशीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से देश की रक्षा आत्मनिर्भरता को तेज़ी से आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# तमिलनाडु में विजय ने मुख्यमंत्री बनते ही बिजली की फ्री

चेन्नई, वार्ता

**तमिलनाडु की** राजनीति में एक नया अध्याय लिखते हुए, नवगठित पार्टी 'तमिलगा वेत्री कषगम' (टीवीके) के संस्थापक और अभिनेता-राजनेता सी. जोसेफ विजय ने रविवार को राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

उन्होंने इस राज्य में कई दशकों से शासन की बागडोर संभालने वाले दलों द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और अन्नाद्रमुक को हरा कर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए इन दोनों पार्टियों के लगभग 60 साल पुराने एकाधिकार को समाप्त कर दिया। रविवार सुबह करीब दस बजे, जवाहरलाल नेहरू इनडोर स्टेडियम में आयोजित एक सादे समारोह में, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने विजय और उनके पहले मंत्रिमंडल के नौ सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंत्रियों में टीवीके महासचिव एन. आनंद, आधव अर्जुन, केए सेनगोटियां डा. केजी अरुणराज, पी. वेंकटरमणन, आर. निर्मल कुमार, राजमोहन, डा. टीके प्रभु और सुश्री एस. कीर्तना शामिल हैं। इन सभी ने तमिल भाषा में ईश्वर के नाम पर शपथ ग्रहण की। जब श्री विजय को शपथ के लिए आमंत्रित किया गया और उन्होंने इन शब्दों के साथ शपथ लेना शुरू किया: मैं, सी. जोसेफ विजय, तो इस दौरान दर्शकों ने तालियों की -शेष पृष्ठ दो पर



**नौ अन्य मंत्री भी मंत्रिमंडल में शामिल, सभी ने तमिल भाषा में ईश्वर के नाम पर शपथ ग्रहण की**

### विजय ने महिलाओं की सुरक्षा संबंधित फाइलों पर हस्ताक्षर किए

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के कुछ देर बाद, तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के संस्थापक सी. जोसेफ विजय ने रविवार को तीन महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर किए। इनमें हर दो महीने में 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष 'सिगापेन' रैपिड रिस्पॉन्स फोर्स का गठन और राज्य भर में मादक पदार्थ विरोधी इकाइयों की स्थापना की घोषणा की गई है। श्री विजय ने इन तीन आदेशों पर जनता के सामने मंच पर ही हस्ताक्षर किए। स्थानीय जवाहरलाल नेहरू बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम में नौ कैबिनेट मंत्रियों के साथ शपथ लेने के बाद जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पिछली द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार ने सरकार ने सरकारी खजाने को 'खाली' छोड़ दिया है।

### मोदी-राहुल समेत अन्य नेताओं की बधाई पर विजय ने जताया आभार

**चेन्नई।** तमिलनाडु के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुभकामना संदेश का अत्यंत गर्मजोशी से जवाब देते हुए राज्य और केंद्र के बीच रचनात्मक सहयोग की नई उम्मीद जताई है। श्री विजय ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए अपने संदेश में लिखा है, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, आपकी शुभकामनाओं के लिए हृदय से आभार। मैं तमिलनाडु के विकास और लोक-कल्याण के साझा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करने के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। इसके साथ ही श्री विजय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, अभिनेता से नेता बने कमल हासन, अन्य विपक्षी और क्षेत्रीय नेताओं से मिली बधाइयों पर भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

# योगी मंत्रिमंडल में 6 नए मंत्री शामिल, दो को मिला प्रमोशन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपनी मंत्रिपरिषद का विस्तार कर छह नए मंत्री शामिल किए हैं, जबकि दो मंत्रियों को प्रोन्नत किया है।

भूपेन्द्र चौधरी तथा मनोज पांडेय को कैबिनेट मंत्री और कृष्णा पासवान, कैलाश सिंह राजपूत, सुरेन्द्र दिलेर तथा हंसराज विश्वकर्मा को राज्यमंत्री के रूप में मंत्री परिषद में शामिल किया गया है। मंत्रिपरिषद में पहले से शामिल दो राज्यमंत्रियों अजीत पाल तथा सोमेन्द्र तोमर को प्रोन्नत कर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। इन सभी मंत्रियों को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने यहां जन भवन में एक सादे समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी तथा कुछ अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



**भूपेन्द्र चौधरी व मनोज पांडेय को कैबिनेट मंत्री और कृष्णा पासवान , कैलाश राजपूत, सुरेन्द्र दिलेर व हंसराज विश्वकर्मा को राज्यमंत्री बनाया गया**

**2027 विस चुनाव के दृष्टिगत भाजपा ने क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश करते हुए विभिन्न वर्गों के नेताओं को मंत्रिमंडल विस्तार में जगह दी**

मंत्रिपरिषद विस्तार को 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है। भाजपा ने क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश करते हुए विभिन्न वर्गों के नेताओं को इस विस्तार में जगह दी है। चौधरी भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रमुख जाट नेताओं में शामिल हैं और मुरादाबाद के रहने वाले हैं। वह लंबे समय तक -शेष पृष्ठ दो पर

# दबाव बनाया, तो हमेशा के लिए बंद हो जाएगा होर्मुज: ईरान

**तेहरान/वाशिंगटन।** होर्मुज स्ट्रेट के संबंध में संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के प्रस्ताव को बहरीन एवं अन्य देशों का समर्थन मिलने की रिपोर्टों के बीच ईरानी सैन्य अधिकारियों तथा इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान पर दबाव जारी रहा तो होर्मुज को स्थायी रूप से बंद किया जा सकता है।

आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल सैयद माजिद मौसवी ने कहा कि ईरान की मिसाइल और ड्रोन इकाइयों ने अपने लक्ष्यों को पहले ही लॉक कर लिया है और केवल आदेश का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मिसाइलें और एयरोस्पेस ड्रोन दुश्मन पर लॉक हैं और हम फायरिंग आदेश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी ठिकानों और आक्रामक दुश्मन के जहाज ईरानी हथियारों की जद में हैं। आईआरजीसी नौसेना कमांडर सईद सियाह-सरानी ने कहा कि यदि इस्लामी गणराज्य ईरान पर हमला होता है तो होर्मुज स्ट्रेट से किसी भी तेल खेप को गुजरने नहीं दिया जाएगा। ईरानी नौसेना प्रमुख शहराम ईरानी ने कहा कि स्वदेशी हल्की पनडुब्बियां पहले से ही होर्मुज स्ट्रेट में तैनात हैं और ट्रिगर-रेडी स्थिति में हैं। उनके अनुसार ये पनडुब्बियां समुद्र तल पर लंबे समय तक स्थिर रहकर दुश्मन के जहाजों पर नजर रख सकती हैं और आदेश मिलते ही उन्हें निशाना बना सकती हैं। ईरानी सशस्त्र बलों के प्रवक्ता अबोलफजल शेखार्ची ने भी चेतावनी दी कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने वाले किसी भी देश को निर्णायक जवाब मिलेगा। स्थानीय मीडिया के अनुसार एक अन्य सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका के प्रतिबंध लागू करने वाले देशों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। आईआरजीसी नौसेना कमान ने कहा कि ईरानी तेल टैंकरों या वाणिज्यिक जहाजों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का जवाब क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और दुश्मन जहाजों पर भारी हमले के रूप में दिया जाएगा।

**संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के प्रस्ताव को बहरीन एवं अन्य देशों का समर्थन मिलने की रिपोर्टों के बीच दी चेतावनी**



> होर्मुज स्ट्रेट में ईरानी तेल टैंकरों और व्यापारिक जहाजों पर फिर हमला हुआ, तो अमेरिकी ठिकानों और सैन्य जहाजों पर भारी हमला किया जाएगा
> **-आईआरजीसी**

# केरलम में सीएम पर सस्पेंस

**नई दिल्ली।** 4 मई को 5 राज्यों के चुनावों के रिजल्ट आने के बाद बंगाल और तमिलनाडु में नए सीएम की शपथ हो चुकी है।

पुडुचेरी और असम में सीएम का नाम और शपथ की तारीख तय हो गई है, लेकिन 6 दिन बाद भी केरलम में पूर्ण बहुमत पाने वाले कांग्रेस के गठबंधन ने अपने सीएम के नाम का ऐलान नहीं किया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पिछले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन और 6 बार के विधायक रमेश चेन्निथला यहां मुख्यमंत्री की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। 6 मई को कांग्रेस ने मुकुल वासनिक और अजय माकन को पर्यवेक्षक बनाकर केरलम भेजा था।

**कांग्रेस ने दावेदारों के पोस्टर हटवाए**

# बिजनौर जिला कारागार में कैदी ने दी जान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जिला कारागार में रविवार को सजायाफ्ता कैदी के द्वारा आत्महत्या कर लिए जाने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए यहां से गुजर रहे बरेली जोन के डीआईजी की कार रोक कर जाम लगा दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम पृथ्वीपुर निवासी दीपक पुत्र चंद्रपाल को न्यायालय के द्वारा सजा सुनाई गई थी। वह जिला कारागार में अपनी सजा काट रहा था। वह शहर कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर बदमाश था और उसके खिलाफ डकैती व लूट जैसे संगीन मामलों में अभियोग दर्ज है। रविवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली थी कि उसने जिला कारागार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही परिजनों ने जमकर हंगामा करते हुए पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की। जजी चौक से गुजर रहे बरेली जोन के डीआईजी अजय साहनी की गाड़ी को रोक कर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने जबरदस्त हंगामा किया। सूत्रों का कहना है कि पुलिस इस मामले में कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

**ग्रामीणों ने बरेली के DIG की गाड़ी रोकी**

# मोदी ने कांग्रेस को परजीवी करार दिया

बेंगलुरु, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए यहां एक जनसभा में स्थिरता बनाम अस्थिरता पर व्यापक चर्चा की और कर्नाटक, केरल एवं तमिलनाडु का सीधा उदाहरण देते हुए कांग्रेस की शासन संबंधी विफलताओं एवं आंतरिक विरोधाभासों को उजागर किया।

श्री मोदी ने एचएएल हवाई अड्डे पर एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के मतदाता आज समाधान चाहते हैं, खेल नहीं। उन्होंने तर्क दिया कि कई राज्यों में हाल के चुनाव परिणाम भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के अंतर्गत राजनीतिक स्थिरता एवं निर्णायक शासन के लिए जनता की स्पष्ट प्राथमिकता को दर्शाते हैं। पीएम मोदी ने कर्नाटक पर ध्यान केंद्रित करते हुए कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार लगातार आंतरिक सत्ता संघर्षों एवं नेतृत्व अनिश्चितता से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि वे यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि मुख्यमंत्री कब तक पद पर रहेंगे, सब कुछ अधर में लटका हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में शासन व्यवस्था सत्ताधारी पार्टी में गुटबाजी एवं राजनीतिक सौदेबाजी के आगे लाचार हो गई है। कर्नाटक से आगे बढ़कर अपने हमले का दायरा बढ़ाते हुए श्री मोदी ने कांग्रेस की आलोचना में केरल और तमिलनाडु को भी शामिल किया और तर्क दिया कि दक्षिणी राज्यों में पार्टी का प्रभाव सुसंगत शासन की तुलना में राजनीतिक अवसरवादिता से ज्यादा चिह्नित होता रहा है। तमिलनाडु का उल्लेख करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर सत्ता समीकरण बदलने के लिए अपने पुराने सहयोगियों को बार-बार धोखा देने का आरोप लगाया। अपने भाषण के सबसे तीखे शब्दों का चयन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि ऐसा कोई करीबी नहीं है, जिसे कांग्रेस ने धोखा न दिया हो। उन्होंने कांग्रेस-द्रमुक के संबंधों का भी उल्लेख किया और आरोप लगाया कि दशकों तक राजनीति गठबंधन रहने के बावजूद, कांग्रेस का अपने सहयोगियों के खिलाफ राजनीतिक रूप से सुविधाजनक समय पर छोड़ने का इतिहास रहा है। सत्ता में बदलाव आते ही सत्ता की भूखी कांग्रेस ने अपने सहयोगी को धोखा दिया।



**प्रधानमंत्री ने कर्नाटक, केरलम एवं तमिलनाडु का सीधा उदाहरण देते हुए कसा तंज**

# असम में हिमंता ने सरकार बनाने का दावा किया पेश

गुवाहाटी, वार्ता

**असम विधानसभा** चुनावों में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी भाजपा के नेता हिमंता बिस्व सरमा ने रविवार दोपहर राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य के समक्ष राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया।

श्री सरमा ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि असम की जनता के आशीर्वाद और विश्वास के साथ, आज मैंने राजभवन में माननीय राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य जी को सरकार गठन का प्रस्ताव सौंपा। आम जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने तथा विकास, सुशासन और एक समृद्ध असम की ओर हमारी यात्रा को और अधिक गतिशील बनाने के लिए, हम एक बार फिर से प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले पर्यवेक्षक के तौर पर यहां भेजे गए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में श्री सरमा को विधायक दल का नेता चुना गया। हाल ही में संपन्न हुए 126 सदस्यीय विधानसभा चुनावों में भाजपा नीत राजग ने प्रचंड जीत हासिल की है। भाजपा ने अकेले 82 सीटें जीती हैं, जबकि उनके गठबंधन सहयोगियों असम गण परिषद (अगप) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट ने 10-10 सीटों पर जीत दर्ज की है। इस दो तिहाई बहुमत के साथ राजग ने राज्य में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की है। असम में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की यह लगातार तीसरी सरकार होगी। राजग ने यहां 2016 और 2021 के बाद अब 2026 में जीत की हैट्रिक लगाई है।



**राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सरकार गठन का प्रस्ताव सौंपा**

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु: विजय ने तिरुचिरापल्ली पूर्व सीट से दिया इस्तीफा

**चेन्नई।** तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री एस जोसेफ विजय ने औपचारिक रूप से पेराम्बूर विधानसभा क्षेत्र को बरकरार रखने का निर्णय लेते हुए तिरुचिरापल्ली पूर्व सीट से इस्तीफा दे दिया है। इसकी आधिकारिक सूचना सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने दी है। तमिलनाडु मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने से पहले श्री विजय ने टीवीके नेता और बतौर मंत्री आज शपथ लेने वाले में शामिल के ए सेंगोट्टइयन और पी वेंकटरामन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनके साथ जाकर तिरुचिरापल्ली पूर्व चुनाव क्षेत्र के विधानसभा सदस्य के पद से अपना इस्तीफा पत्र सौंपा।

### टीवीके सरकार बनने पर खड़गे ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तमिलनाडु में थलापति विजय के मुख्यमंत्री पद का शपथ ग्रहण करने पर उन्हें, तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) और पूरे प्रगतिशील गठबंधन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। खड़गे ने रविवार को अपने संदेश में कहा कि इस सरकार का गठन आत्मसम्मान, सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण और तर्कशील विचारधारा की स्थाई ताकत को फिर से स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि ये वही मूल्य हैं जिन्होंने लंबे समय से तमिलनाडु की राजनीतिक और सामाजिक चेतना को परिभाषित किया है। यह विरासत पेरियार और के कामराज जैसे महान नेताओं द्वारा गढ़ी गई थी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के लाखों लोगों, विशेष रूप से आकांक्षी युवाओं ने टीवीके पर अपना भरोसा जताया है। श्री खड़गे ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री विजय के नेतृत्व में ए आदर्श शासन का मार्गदर्शन करते रहेंगे और पूरे देश को प्रेरित करेंगे।

# अनुभवों का उपयोग समाज कल्याण के लिए करें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ जनभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों के चिंतन शिविर में बोलीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में जनपद रायबरेली स्थित आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में जन भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए चिंतन शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी कार्य दक्षता, कार्य प्रणाली, कार्यों में आने वाली समस्याओं, आपसी समन्वय तथा टीमवर्क से संबंधित विषयों पर खुलकर विचार-विमर्श किया। राज्यपाल ने विभिन्न सत्रों में आयोजित इस चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए ने कहा कि हमें अपने अनुभवों का उपयोग समाज कल्याण के लिए करना चाहिए। उन्होंने गुजरात में आयोजित चिंतन शिविरों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन व्यवहारिक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसका सकारात्मक प्रभाव कार्य संस्कृति एवं कार्य निष्पादन पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने अन्न की बर्बादी रोकने पर विशेष बल देते हुए कहा कि सभी को उतना ही भोजन ग्रहण करना चाहिए जितनी आवश्यकता हो तथा बच्चों को भी इस संबंध में संस्कारित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में समानता एवं समरसता की भावना को मजबूत करने के लिए सभी को समान दृष्टि से देखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई क्षमता एवं कौशल अवश्य होता है। छोटी-छोटी बातों एवं त्रुटियों पर भी ध्यान देना चाहिए तथा यदि कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार कर भविष्य में दोबारा न होने देने का प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि यह चिंतन शि. विर सहयोग, समन्वय एवं आपसी विश्वास की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने जन भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य दक्षता बढ़ाने, टीमवर्क एवं बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा आपसी संवाद को सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्यों पर विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर) डा. सुधीर महादेव बोबडे ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल द्वारा आधुनिक रेल कोच फैक्ट्री परिसर स्थित व्हील शॉप में स्थापित नई व्हील मशीनों का लोकार्पण किया गया । शिविर के पश्चात अधिकारियों ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना का भ्रमण भी किया तथा वहां संचालित विभिन्न तकनीकी एवं उत्पादन इकाइयों का अवलोकन किया। प्रतिभागियों ने कारखाने की आधुनिक कार्यप्रणाली, मशीनों एवं उत्पादन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# सीएम का मतलब अब कूरियर मैसेंजर रह गया: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ योगी मंत्रिपरिषद विस्तार पर सपा का तंज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हुए मंत्रिपरिषद विस्तार को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोला है।

श्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि मंत्रिपरिषद विस्तार में मुख्यमंत्री की कोई भूमिका नहीं रह गई है और फैसले 'ऊपर से आने वाली पर्चियों' के आधार पर हो रहे हैं। सपा प्रमुख ने व्यंग्य करते हुए लिखा, 'समय बिताने के लिए करना है कुछ काम! वैसे भी मंत्रिमंडल के विस्तार में तो इनका कोई काम है नहीं। उधर से पर्ची आएगी, यहां तो सिर्फ पढ़ी जाएगी। भाजपा राज में वैसे भी सीएम का मतलब बस यही रह गया है : कूरियर मैसेंजर। उन्होंने आगे कटाक्ष करते हुए कहा कि जनता पूछ रही है कि फिल्म सबसे आगे बैठकर देखेंगे या पीछे बैठकर, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म ध्यान से देखिएगा, हो सकता है ''कर्मफल-कंसफल'' का सिद्धांत समझ में आए और कुछ सकारात्मक बदलाव देखने को मिले। दरअसल योगी आदित्यनाथ रविवार को पूरी मंत्रिमंडल के साथ शाम को लोकभवन में कृष्णावतरम फिल्म देखेंगे। यादव ने नैतिकता और आत्ममंथन का संदेश भी दिया। उन्होंने लिखा कि मूल रूप से व्यक्ति नहीं, बल्कि उसका लालच और लोभ बुरा होता है, जो धीरे-धीरे दुराचरण का रूप ले लेता है। इसके विपरीत जब व्यक्ति स्वार्थ छोड़कर परमार्थ के मार्ग पर चलता है, तो सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है। महाकाव्यों का संदेश भी यही है कि अच्छाई अंतत: बुराइयों पर विजय प्राप्त करती है। अपनी गलतियों और दुर्भावनाओं के लिए प्रायश्चित का कोई निश्चित स्थान नहीं होता, बल्कि इसके लिए भीतर के प्रकाश की आवश्यकता होती है।

# 5वीं के 70 प्रतिशत बच्चों को नहीं आता 'भाग'

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ नीति आयोग की रिपोर्ट, तीसरी के 73 फीसदी किताब नहीं पढ़ते

नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट भारत में स्कूली शिक्षा प्रणाली गुणवत्ता सुधार के लिए समयबद्ध विश्लेषण और नीतिगत रोडमैप शिक्षा विभाग मई 2026 के अनुसार भारतीय स्कूली बच्चों के गणित, पढ़ने की समझ और तर्क कौशल में चिंताजनक गिरावट देखी जा रही है।

सभी बच्चों के नामांकन के अभियानों के बावजूद सीखने के नतीजे कमजोर बने हुए हैं। कक्षा 3 के केवल 27.1 प्रतिशत छात्र ही कक्षा 2 के स्तर का पाठ पढ़ सकते हैं और कक्षा 5 के केवल 30.7 प्रतिशत छात्र ही भाग का एक बुनियादी सवाल हल कर सकते हैं। यह रिपोर्ट शिक्षा के क्षेत्र की एक विस्तृत तस्वीर पेश करती है, जिसे यूडाइस 2014-15 से यूडाइस 2024-25, परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024, राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2017, 2021 और असर 2024 के आंकड़ों के आधार पर तैयार किया गया है। भारत के 14.71 लाख स्कूल 24.69 करोड़ से अधिक छात्रों को शिक्षा दे रहे हैं। हालांकि प्राथमिक स्तर पर लगभग सभी बच्चों की पहुंच स्कूल तक हो गई है, लेकिन उच्च माध्यमिक स्तर पर नामांकन का राष्ट्रीय सकल नामांकन अनुपात केवल 58.4 प्रतिशत है। अलग-अलग राज्यों में इसमें काफी अंतर है। एकीकृत स्कूल परिसरों के माध्यम से हर स्तर पर, विशेष रूप से उच्च प्राथमिक के बाद छात्रों के आगे बढ़ने की दर को मजबूत करने से स्कूली शिक्षा में बेहतर जुड़ाव सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती है।

## उत्तर-पश्चिमी राज्यों में पांच दिनों तक तेज हवाएं चलने के आसार

# दिल्ली-एनसीआर में 11 से 13 तक आंधी व बारिश

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ दक्षिण भारत में अगले सात दिन तक भारी बारिश होने की संभावना, किसानों को जारी किया परामर्श

मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिमी भारत के कई राज्यों में अगले पांच दिनों के दौरान गरज-चमक के साथ 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के चलने की संभावना जताई है।

जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख में 11 और 12 मई को मौसम अधिक खराब रह सकता है, जबकि हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड में 12 और 13 मई को ओलावृष्टि होने की भी आशंका जताई गई है। मौसम विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार, दक्षिण पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में अगले 48 घंटों के भीतर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के आसार हैं। इसके प्रभाव से दक्षिण भारत के राज्यों, विशेषकर केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में अगले सात दिनों तक भारी वर्षा होने की संभावना है। लक्षद्वीप में भी रविवार को भारी बारिश का अनुमान है। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में 11 से 13 मई के बीच शाम या रात के समय हल्की बारिश और धूल भरी आंधी चलने से तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग ने ओलावृष्टि और तेज हवाओं को देखते हुए कृषि क्षेत्र के लिए पहाड़ी राज्यों के फल उत्पादकों को सुझाव दिया गया है कि वे अपने बागानों को ओलों से बचाने के लिए 'हेलनेट' का प्रयोग करें। तेज हवाओं के दौरान पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर रखने और कटी हुई फसलों को ढककर रखने की सलाह दी है। मछुआरों को 15 मई तक बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के हिस्सों में न जाने की हिदायत दी गई है।

### यूपी में इस सप्ताह होगी तेज गर्मी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बीते एक सप्ताह से मौसम काफी सुहाना था, लेकिन अब एक बार फिर गर्मी पड़नी शुरू हो गई है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मिली तात्कालिक राहत अब खत्म होने लगी है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक इस सप्ताह के आखिर तक एक बार फ़िर तल्ख गर्मी शुरू हो सकती है। इस संबंध में भारतीय मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र ने ताजा बुलेटिन जारी करते हुए आगाह किया है। इसी बीच मौसम विभाग ने पूर्वांचल के कई जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट भी जारी किया है। आशंका जताई है कि कुछ जिलों में बिजली गिरने की भी घटनाएं हो सकती हैं। मौसम विभाग के मुताबिक यूपी के पूर्वांचल में बलिया-बनारस से लेकर प्रयागराज-कानपुर तक अगले दो तीन दिन तक हल्की बारिश या आंधी चलने के आसार हैं। इस समय यूपी में कोई मौसम तंत्र एक्टिव नहीं है। इसके चलते पश्चिमी यूपी के ज्यादातर हिस्से में आसमान साफ रहेगा। सूर्य की किरणें सीधे धरती पर पड़ेंगी।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 77328.19
निफ्टी 24176.15

सोना 152720 प्रति 10 ग्राम
चांदी 261000 प्रति किलो

# इस सप्ताह महंगाई के आंकड़ों का असर शेयर बाजार पर भी दिखेगा

**मुंबई, वार्ता**

■ आलोच्य सप्ताह में सेसेंक्स की 20 कंपनियों के शेयर हरे निशान पर रहे

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में महंगाई के आंकड़े निवेशकों की धारणा को दिशा देंगे। अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता में यदि कोई विशेष प्रगति होती है तो उसका असर सीधे तौर पर बाजार पर पड़ेगा।

इसके अलावा, अगले सप्ताह खुदरा और थोक महंगाई के आंकड़े भी जारी होने हैं। इनका असर भी बाजार पर दिखेगा। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 414.69 अंक (0.54 प्रतिशत) की साप्ताहिक तेजी के साथ 77,328.19 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक में सोमवार और बुधवार को तेजी रही जबकि अन्य तीन दिन गिरावट के रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 178.60 अंक (यानी 0.74 प्रतिशत) की साप्ताहिक तेजी के साथ 24,176.15 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों के लिए यह सप्ताह अच्छी लिवाली वाला रहा। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 4.42 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 4.05 प्रतिशत उछल गया। आलोच्य सप्ताह में सेंसेक्स की 30 से 20 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 7.51 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। एशियन पेंट्स का शेयर 6.37 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 6.35, इंडिगो का 5.27, बजाज फिनसर्व का 3.97, इटरनल का 3.87, अल्ट्राटेक सीमेंट का 3.15 और मारुति सुजुकी का 3.10 प्रतिशत चढ़ा। टाइटन में 2.91 फीसदी, सन फार्मा में 2.16, बजाज फाइनेंस में 1.97, बीईएल में 1.92, हिदुस्तान यूनीलिवर में 1.66, टाटा स्टील में 1.49 और एचडीएफसी बैंक में 1.30 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर भी ऊपर बंद हुए। अपेक्षा से कमजोर तिमाही परिणामों के कारण भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 4.54 प्रतिशत टूट गया।

## ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट पर कांग्रेस की चिंता मंत्री को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना को लेकर उन्ह केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि परियोजना के लिए किए गए पर्यावरण प्रभाव आकलन अध्ययन अधूरे हैं जो जल्दबाजी में किए गए हैं और वैज्ञानिक मानकों के खिलाफ हैं। रमेश ने रविवार को कहा कि सरकार ने एक मई 2026 को जारी सवालों के जवाब में दावा किया था कि परियोजना के पर्यावरणीय प्रभावों का व्यापक अध्ययन किया गया है, लेकिन उपलब्ध दस्तावेज इससे मेल नहीं खाते।

नियमों के अनुसार अंडमान-निक. ोबार जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में बंदरगाह परियोजनाओं के लिए कम से कम दो से तीन मौसमों का विस्तृत अध्ययन जरूरी है, जबकि यहां केवल कुछ दिनों और एक मौसम के आधार पर सर्वे किए गए है।

# चावल में साप्ताहिक नरमी, गेहूं और चीनी महंगी, दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव टूट गए। वहीं, गेहूं और चीनी में तेजी का रुख रहा जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 76 रुपये घटकर सप्ताहांत पर 3,761 रुपये प्रति क्विटंल रह गई। गेहूं तीन रुपये महंगा हुआ और 2,785 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे का भाव भी 17 रुपये बढ़कर 3,290 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 53 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। मूंग दाल में 26 रुपये और चना दाल में 18 रुपये की साप्ताहिक गिरावट रही। वहीं, उड़द दाल तीन रुपये और मसूर दाल दो रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। बीते सप्ताह पाम ऑयल की औसत कीमत 79 रुपये और सरसों तेल की 61 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 55 रुपये और मूंगफली तेल 15 रुपये महंगा हुआ। सोया तेल चार रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विटंल चढ़ गया। चीनी की कीमत 26 रुपये बढ़ गई।

**दाल-दलहन:** दाल चना 7643.91 रुपये, मसूर काली 8081.76 रुपये, मूंग दाल 10161.75 रुपये, उड़द दाल 10849.80 रुपये, तुअर दाल 11193.35 रुपये प्रति क्विंटल रही। गेहूं दड़ा 2784.54 रुपये और चावल 3760.80 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3290.45 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4335.64 रुपये और गुड़ 5038.48 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17911.69 रुपये, मूंगफली तेल 18968.57 रुपये, सूरजमुखी तेल 17536.84 रुपये, सोया तेल 14966.98 रुपये, पाम ऑयल 13577.73 रुपये और वनस्पति 14968.37 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**तमिलनाडु में...**

गड़गड़ाहट के साथ उनका ज़ोरदार स्वागत किया। चौंकाने वाली बात यह थी कि श्री विजय ने परंपरागत तमिल पोशाक के बजाए काले रंग की पैंट, सफेद पूरी आस्तीन वाली शर्ट और काले रंग का कोट पहना। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी पहुंचे। विजय सरकार के गठन में कांग्रेस की बेहद अहम भूमिका है। वह मंच पर श्री विजय के ठीक बगल में बैठे हुए दिखाई दिए। श्री विजय ने चुनावी राजनीति में अपनी पहली ही परीक्षा में अपनी पार्टी बनाने के दो साल के अंदर ही, शानदार आगाज किया। उन्होंने 108 सीटें जीतीं, जिसमें खुद यह अभिनेता-राजनेता दो सीटों से विजयी रहे। श्री विजय दो सीटों से जीते हैं इसलिए उनके पास गणितीय रूप से 107 विधायक ही हैं इसलिए उन्हें आवश्यक 118 विधायकों के समर्थन के लिए 11 सदस्यों की कमी पड़ रही थी। ऐसे में कांग्रेस ने अहम भूमिका निभाई और श्री विजय के लिए बहुमत तैयार करने में मदद की। कांग्रेस के वाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल), स्थानीय दल वीसीके ने समर्थन देने की पेशकश की। इससे राज्य में विजय के नेतृत्व में सरकार बनाने का रास्ता खुल गया।

**योगी मंत्रिमंडल में...**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भाजपा संगठन में सक्रिय रहे हैं। वह वर्ष 2016 में पहली बार विधान परिषद सदस्य बने तथा 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद उन्हें पंचायती राज राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया और 2019 में कैबिनेट मंत्री, पंचायती राज की जिम्मेदारी मिली। लेकिन प्रदेश अध्यक्ष बनने पर उन्होंने मंत्री पद छोड़ दिया था। मनोज पांडेय रायबरेली की ऊंचाहार विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह 2012-17 में समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। वह 2022 में सपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे और विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक भी रहे। बाद में वह भाजपा में शामिल हो गए थे। कैलाश सिंह राजपूत कन्नौज की तिर्वा विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह 1996 में पहली बार भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीते थे। बाद में 2007 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीते और 2017 में वह फिर भाजपा में लौटे और लगातार दो बार विधानसभा पहुंचे। हंसराज विश्वकर्मा विधान परिषद के सदस्य हैं और पिछड़ा वर्ग की राजनीति में मजबूत पकड़ रखते है। उन्होंने 1989 में बूथ स्तर से अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था और राम मंदिर आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभाई थी। वाराणसी में 2019 लोकसभा और 2022 विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत में उनकी अहम भूमिका मानी जाती है। सुरेंद्र दिलेर अलीगढ़ जिले की खैर विधानसभा सीट से विधायक हैं और भाजपा के प्रमुख दलित युवा नेताओं में गिने जाते हैं।

वह पूर्व भाजपा सांसद राजवीर सिंह दिलेर के पुत्र हैं। सु. कृष्णा पासवान फतेहपुर जिले की खागा विधानसभा सीट से विधायक है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की थी। वह चार बार विधायक और दो बार जिला पंचायत सदस्य रह चुकी हैं तथा भाजपा का प्रमुख दलित महिला चेहरा मानी जाती हैं। सोमेंद्र तोमर मेरठ दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक हैं और मंत्रिपरिषद में अब तक ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत राज्य मंत्री के रुप में कार्यरत रहे हैं। उन्हें राज्य मंत्री से राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। इसी तरह कानपुर देहात की सिकंदरा विधानसभा सीट से विधायक अजीतपाल सिंह अब तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री के रुप में काम करते रहे है। उन्हें भी राज्य मंत्री से प्रोन्नत कर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक इस मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए भाजपा ने पूर्वांचल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दलित, ओबीसी और ब्राह्मण समीकरणों को साधने की कोशिश की है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में कुल 403 सीटें हैं। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार राज्य में अधिकतम 60 मंत्री बनाए जा सकते हैं। अब तक योगी सरकार में 54 मंत्री थे ऐसे में खाली पड़ी छह सीटों पर नए मंत्री बनाए गए हैं।

# अनधिकृत कालोनियों में खुला छल

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ने सरकार पर लगाया इन कालोनियों में रहने वाले लोगों की अनदेखी करने का आरोप

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता डा. नरेश कुमार ने कहा है कि दिल्ली सरकार अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित के नाम पर जनता को गुमराह करने और उनसे पैसा वसूलने की साजिश चला रही है।

अनऑथराइज़्ड कॉलोनी रेजिडेंट्स वेलफेयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. कुमार ने रविवार को मुंडका विधानसभा क्षेत्र की अनधिकृत कॉलोनी शेर सिंह एन्क्लेव में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों के साथ नुक्कड़ सभा कर दिल्ली सरकार की कथित कॉलोनी नियमितीकरण नीति पर तीखा हमला बोला। डा. कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि हाल ही में दिल्ली सरकार ने 1511 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने का नोटिफिकेशन जारी किया है, जबकि पहले 1731 कॉलोनियां चिन्हित थीं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर 220 कॉलोनियों को इस योजना से बाहर क्यों कर दिया गया? सरकार बताए कि इन कॉलोनियों के लाखों लोगों का क्या दोष है? उन्होंने आरोप लगाया कि गांवों से सटी विस्तृत लालडोरा और बसाहट क्षेत्रों को लेकर सरकार की कोई स्पष्ट नीति नहीं है। यह गांवों और वहां रहने वाले लोगों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया है। डा. कुमार ने कहा कि सरकार की पूरी योजना दोषपूर्ण और जनता विरोधी है। पीएम उदय योजना के तहत लोगों को पोर्टल पर आवेदन करने, भारी शुल्क जमा करने और अपने-अपने प्लॉट नियमित कराने की प्रक्रिया में उलझाया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी हमेशा कॉलोनियों को सामूहिक रूप से नियमित करने की पक्षधर रही है, न कि हर प्लॉट मालिक से अलग-अलग वसूली करने की। उन्होंने कहा कि वर्ष 1977 में स्वर्गीय श्रीमती इंदि. रा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने बिना किसी शुल्क के अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की ऐतिहा. सिक योजना शुरू की थी, जो 1993 तक चली। इस दौरान अनेक कॉलोनियों को नियमित किया गया था। आज भी उसी मॉडल को लागू करते हुए बिना किसी आर्थिक बोझ के कॉलोनियों को नियमित किया जाना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों ने अपनी पूरी जिदगी की जमा पूंजी लगाकर इन कॉलोनियों में छोटे-छोटे प्लॉट खरीदे हैं। अब उन पर डेवलपमेंट चार्ज और अन्य शुल्कों का बोझ डालना सरासर अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार की नीयत कॉलोनियों को नियमित करने की नहीं, बल्कि जनता की जेब से पैसा निकालने की है। उन्होंने घोषणा की कि अगले दो महीनों तक वह दिल्ली की सभी 1511 अनधिकृत कॉलोनियों में जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और बताएंगे कि सरकार किस तरह उनके साथ धोखा कर रही है। इसके बाद सभी कॉलोनीवासियों और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के साथ मिलकर दिल्ली की मुख्यमंत्री के निवास का घेराव किया जाएगा।

# देश सदैव रहेगा शहीदों के बलिदान और उनके परिवारों के योगदान का ऋणी : राज्यपाल

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून/ पौड़ी ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने अपने दो दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान लैंसडाउन में विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करते हुए सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं अधिकारियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने सैनिक सम्मेलन में शामिल होकर सैनिकों का उत्साहवर्धन किया तथा जनपद में संचालित विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा भी की।

राज्यपाल ने कार्यक्रम की शुरुआत वॉर मेमोरियल पहुंचकर की, जहां उन्होंने राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत वे सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के साथ आयोजित सैनिक सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन में वीर माताओं, वीर नारियों एवं सैन्य परिवारों की उपस्थिति ने कार्यक्रम



राज्यपाल ने सैनिक सम्मेलन में सैनिकों का बढ़ाया उत्साह, शहीदों को श्रद्धांजलि, वीर नारियों का सम्मान लैंसडाउन में विकास कार्यों की समीक्षा कर जिला एवं सैन्य प्रशासन के समन्वय पर राज्यपाल ने दिया विशेष जोर

को भावनात्मक एवं गौरवपूर्ण स्वरूप प्रदान किया।

राज्यपाल द्वारा गढ़वाल राइफल्स केंद्र को उत्कृष्ट योगदान एवं गौरवशाली सैन्य परंपराओं के सम्मान स्वरूप विशेष ट्रॉफी प्रदान की गयी। इस अवसर पर राज्यपाल ने गढ़वाल राइफल्स की वीरता, अनुशासन एवं राष्ट्र सेवा की भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह रेजिमेंट देश की सुरक्षा, शौर्य और बलिदान की अमिट पहचान रही है। उन्होंने कहा कि गढ़वाल राइफल्स ने विपरीत परिस्थितियों में भी अदम्य साहस और समर्पण का परिचय देते हुए राष्ट्र की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यक्रम के दौरान गढ़वाल राइफल्स की ओर से राष्ट्र रक्षा में सर्वस्व बलिदान करने वाले वीर शहीदों की वीर नारियों को सम्मानित किया गया। जैसे ही वीर नारियां मंच पर पहुंचीं, पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उपस्थित सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं नागरिकों ने खड़े होकर उनका सम्मान किया। यह दृश्य अत्यंत भावुक एवं गौरवपूर्ण रहा, जिसने सभी को राष्ट्र सेवा और बलिदान की भावना से अभिभूत कर दिया।

राज्यपाल ने वीर नारियों को राष्ट्र की शक्ति और सम्मान का प्रतीक बताते हुए कहा कि सैनिकों के त्याग और बलिदान के पीछे उनके परिवारों, विशेष रूप से वीर नारियों का अद्वितीय साहस और धैर्य होता है। उन्होंने कहा कि देश सदैव शहीदों के बलिदान और उनके परिवारों के योगदान का ऋणी रहेगा। सैनिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज का दिन उनके लिए अत्यंत आत्मिक एवं सौभाग्यपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि सेना में बिताए उनके 40 वर्षों का अनुभव भगवान बद्री विशाल की कृपा एवं आशीर्वाद का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि सैनिक जीवन अनुशासन, समर्पण एवं राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च उदाहरण है और भारतीय सेना सदैव देश की सुरक्षा एवं गौरव की प्रतीक रही है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड वीर सैनिकों की भूमि है, जहां लगभग प्रत्येक परिवार का सेना से जुड़ाव रहा है। यहां के युवाओं के भीतर राष्ट्र सेवा की भावना जन्मजात होती है और उनका हृदय सदैव राष्ट्र सुरक्षा के लिए धड़कता है। उन्होंने कहा कि 139 वर्ष पूर्ण कर चुकी गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट देश के लिए गौरव का विषय है तथा इस सैन्य केंद्र ने देश के चरित्र निर्माण, अनुशासन एवं राष्ट्र सेवा की भावना को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। सम्मेलन के दौरान सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद नेगी ने राज्यपाल का आभार व्यक्त करते हुए उनके स्नेह, आशीर्वाद एवं गढ़वाल राइफल्स के प्रति विशेष लगाव के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, सेंटर सूबेदार मेजर नंद किशोर सहित सेवारत सैनिक, भूतपूर्व सैनिक, वीर माताएं तथा वीर नारियां एवं समीक्षा बैठक में डीएफओ कालागढ़ एस तरुण, एएसपी मनोज कुमार ठाकुर, सीओ कोटद्वार निहारिका सेमवाल, सीएमओ शिव मोहन शुक्ला, उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य, बीडीओ रवि सैनी, अधिशासी अभियंता लोनिवि लैंसडाउन विवेक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कर्मचारी हितों के समाधान को सरकार प्रतिबद्ध : चौधरी



उद्योग विभाग कर्मचारी प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री भरत सिंह चौधरी से की शिष्टाचार भेंट

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** उद्योग विभाग राज्य कर्मचारियों के पदाधिकारियों ने आज ग्राम्य विकास, लघु एवं सूक्ष्म मध्यम उद्यम , खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री भरत सिंह चौधरी से यमुना कॉलोनी स्थित कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कर्मचारी प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न विभागीय समस्याओं एवं मांगों को लेकर मंत्री जी को मांग पत्र सौंपा गया। कर्मचारियों ने स्थानांतरण, डीपीसी (पदोन्नति), मृतक आश्रित नियुक्ति, विभागीय संविदा कर्मचारियों से संबंधित विषयों सहित अन्य मुद्दों पर अपना पक्ष विस्तार से रखा। मंत्री श्री भरत सिंह चौधरी ने कर्मचारियों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि सभी विषयों का नीतिगत एवं न्यायोचित तरीके से समाधान किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। मा.मंत्री ने कहा कि कर्मचारी किसी भी विभाग की कार्यप्रणाली की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर उद्योग विभाग राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी,सचिव पंकज चौहान,प्रचार मंत्री प्रदीप नेगी, कोषाध्यक्ष सचिन, सदस्य नवीन मलाशी एवं प्रवीन मल्ल उपस्थित रहे।

## 155 बार रक्तदान करने वाले डॉ. अनिल वर्मा को ऑपरेशन सिन्दूर सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा आई आर डी टी ऑडिटोरियम सर्वे चौक में ऑपरेशन सिन्दूर दिवस के उपलक्ष में आयोजित भव्य ऑपरेशन सिन्दूर सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में यूथ रेड क्रॉससोसाइटी के रक्तदाता शिरा. ेमणि डॉव अनिल वर्मा सन 1971 में भारत- को पाकिस्तान युद्ध के दौरान मिलिट्री हॉस्पिटल देहरादून में भर्ती घायल सैनिकों के लिए 9 दिसंबर 1971 को एनसीसी के अंडर ऑफिसर के रूप में अपने 150 कैडेटों सहित पहली बार रक्तदान करने से लेकर अब तक कुल 155 बार रक्तदान करने के लिए ष्ऑपरेशन सिन्दूर सम्मानष से नवाजा गया।

मुख्य अतिथि जस्टिस राजेश टंडन,अति विशिष्ट अतिथि राज्य बाल संरक्षण आयोग डॉ. गीता खन्ना, राज्यमंत्री विनय कुमार




रोहिल्ला,विशिष्ट अतिथि पूर्व नौसेना अधिकारी व दून डिफेन्स एकेडमी के निदेशक संदीप गुप्ता, पूर्व डिप्टी सर्वेयर जनरल ब्रिगेडियर के जी बहल, पूर्व नेवल ऑफिसर अशोक वर्मा, साइफर कोर ऑफ सिग्नल्स के पूर्व साईफर ऑफिसर रमेश बलूनी, पूर्व नौसेना अधिकारी व डिप्टी चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर एच.आई. एच. टी. चंद्र अंथवाल, पूर्व सैन्य अधिकारी बी पी शर्मा (आर्टिलरी), समाजसेवी सोनिया आनंद, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अकील खान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुलिस्तां खानम, संरक्षक डॉ. बीडी शर्मा व फ्यूचर एरा स्कूल के डायरेक्टर शाहिद अली ने संयुक्त रूप से डॉ अनिल वर्मा को सम्मानित किया। जिसके चलते परिवार के लोगो में खुशी की लहर दौड गयी। वही अन्य लोगो को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया।

## भाजपा सक्षम समाज से समर्थ राष्ट्र निर्माण का अनंत आंदोलन : चौहान

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भाजपा सिर्फ राजनैतिक दल नहीं बल्कि सक्षम समाज से समर्थ राष्ट्र निर्माण का अनंत आंदोलन है। इस विचार के साथ पार्टी प्रशिक्षण वर्ग को सम्बोधित करते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा, हमारा लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि समाज का विश्वास जीतना भी होना चाहिए।

राजधानी के पटेल नगर में आयोजित देहरादून महानगर के प्रशिक्षण वर्ग में उन्होंने बदलती परिस्थितियों में मीडिया समन्वय की भूमिका पर कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि बेशक आज भाजपा को विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक संगठन के रूप में पहचाना जाता हो। लेकिन इससे इतर जो सच्चाई है कि हम केवल राजनैतिक नहीं बल्कि वृहद सामाजिक संगठन भी हैं। जब हम चुनावी राजनीति की दृष्टि से कुछ भी नहीं थे, तब भी देश समाज में




### कहा - सोशल मीडिया पर कार्यकर्ता की भाषा ही बनती है संगठन की पहचान

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जोर देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर कार्यकर्ता की भाषा ही संगठन की पहचान बनती है। हमें मीडिया के माध्यम से केवल प्रतिक्रिया की राजनीति नहीं करनी है। बल्कि हमें सकारात्मक राजनीति का संदेश भी देना है। मीडिया से स्वस्थ संबंध बनाते हुए, लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण स्तंभ हैं का हमें सम्मान करना चाहिए। उन्हें समय पर तथ्यात्मक जानकारी देना और संवाद को विश्वास के आधार पर मजबूत करना चाहिए। अफवाहों के दौर में सत्य और संयम सबसे बड़ी शक्ति है जिसे मीडिया के सभी तंत्रों द्वारा मजबूती से स्थापित करना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, हमें अंगीकार करना होगा कि हमारा लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि समाज का विश्वास जीतना भी होना चाहिए। इसी दृष्टि से मीडिया के माध्यम से जनता से संवाद करते हुए हमें अपने सभी राजनैतिक एवं सामाजिक लक्ष्यों को प्राप्त करना है।

जागरूकता और समन्वय में हमारे कार्यकर्ताओं की सबसे अधिक भूमिका रहती थी। आज भारत, पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार के अभूतपूर्वक कार्यों से विकसित राष्ट्र की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। लेकिन इस सबसे विपरीत, विपक्ष और समाज का एक छोटा वर्ग नकारात्मकता फैलाकर, जनता का भाजपा के प्रति विश्वास और विकसित भारत के प्रति आत्मविश्वास को तोड़ने में लगा रहता है।

उन्होंने कहा, सरकार के कार्यों को जन जन तक पहुंचाकर देश और प्रदेश में सकारात्मक माहौल निर्माण करने और नकारात्मक चर्चा पर विराम देने के लिए जनता में विश्वास बनाना जरूरी है। ये विश्वास प्रभावी और समसामयिक संवाद से बनता है। वर्तमान परिस्थितियों में इस संवाद को स्थापित करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। हमें सत्य, सकारात्मकता और संगठनात्मक अनुशासन के साथ मीडिया और सोशल मीडिया का उपयोग करना है, ताकि राष्ट्रहित की आवाज जन-जन तक पहुंचे। हमे संज्ञान में रखना है कि भाजपा ने केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित एक विचार परिवार है, और मीडिया उस विचार को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। आज का युग तलवार का नहीं, विचार और सूचना की शक्ति का युग है। जो समाज तक सही बात समय पर पहुँचाता है, वही जनविश्वास अर्जित करता है। सूचना क्रांति के इस दौर में आज प्रत्येक कार्यकर्ता केवल कार्यकर्ता नहीं, बल्कि संगठन का संवाद दूत भी है।

मीडिया प्रबंधन का एक उद्देश्य ये भी होना चाहिए कि सरकार और संगठन की जनकल्याणकारी योजनाएँ सही रूप में अंतिम व्यक्ति तक पहुँचें। आज सोशल मीडिया के फेसबुक, व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम, एक्स और यूट्यूब जैसे माध्यमों ने संवाद की शक्ति को कई गुना बढ़ा।

## उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने किया सतपुली डिग्री कालेज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**सतपुली/देहरादून।** सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अपने पौड़ी जनपद भ्रमण के दूसरे दिन सतपुली क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय महाविद्यालय सतपुली में आयोजित भव्य कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉ. रावत ने कहा कि सतपुली क्षेत्र लंबे समय से उच्च शिक्षा के लिए स्थायी एवं सुदृढ़ आधारभूत सुविधाओं की प्रतीक्षा कर रहा था, जो अब पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय को अपना स्थायी भवन मिलने से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा



अब क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए नहीं जाना पड़ेगा बाहर, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

ग्रहण करने के लिए दूसरे शहरों में नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें यहीं पर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांव और दूरस्थ क्षेत्रों तक शिक्षा सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

इसके लिये सरकार ब्लॉक स्तर पर बेहतर शिक्षण संस्थान खोल रही है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ रावत ने अपने भ्रमण के दौरान सतपुली स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के नवनिर्माणाधीन भवन का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं समयबद्ध पूर्णता को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

इसके बाद डॉ रावत ने अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के धारकोट, ताल एवं पाली-चोपड़ा जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जनसम्पर्क कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने जनसम्पर्क के दौरान जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये। डॉ. रावत ने कहा कि सरकार विकास योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

### 41 मकान मालिकों पर लगा लाखों का जुर्माना

देहरादून। एसएसपी के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाए गए विशेष सत्यापन अभियान के दौरान पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की। रविवार को पुलिस की अलग-अलग टीमों ने 600 से अधिक बाहरी व्यक्तियों की जांच की और सत्यापन न कराने वाले मकान मालिकों पर लाखों का जुर्माना लगाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्रों में किराएदारों, फड़, फेरी और ठेली लगाने वालों के साथ-साथ संदिग्ध व्यक्तियों के सत्यापन हेतु कड़े निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में आज बसंत विहार, विकासनगर और सेलाकुई क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने घर-घर जाकर वहां रह रहे बाहरी लोगों के दस्तावेजों की जांच की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पाया कि कई मकान मालिकों और प्रतिष्ठान स्वामियों ने अपने यहां रह रहे किराएदारों का पुलिस सत्यापन नहीं कराया था।

## अमर सेनानी जोगाराम आर्य की प्रतिमा का अनावरण

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** अमर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. जोगाराम आर्य की प्रतिमा का अनावरण समारोह उनके पैतृक गांव स्थित राजकीय इंटर कॉलेज गंगानगर मोतियापाथर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, स्वतंत्रता सेनानी संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि जोगाराम आर्य का स्वतंत्रता आंदोलन और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान प्रेरणादायी है। उनकी अनुपस्थिति में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुं. जवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि जिस विद्यालय की नींव जोगाराम आर्य ने रखी, उसी परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित होना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है।



आर्य ने जातिवाद, अशिक्षा और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जनजागरण चलाया: कुंजवाल

उन्होंने कहा कि जोगाराम आर्य ने किशोरावस्था से ही जातिवाद, अशिक्षा और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जनजागरण चलाया तथा उत्तराखंड के सुदूर क्षेत्रों में आजादी की अलख जगाई। दलित एवं वंचित समाज के उत्थान में भी उनका अहम योगदान रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी रमेश चंद्र आर्य ने की।

जिनका प्रतिमा निर्माण में विशेष योगदान रहा। वहीं विशेष आमंत्रित अतिथियों में अवधेश पंत, गुरिंदर पाल सिंह, अजीत पाल सिंह और नित्यानंद शर्मा सहित कई क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वक्ताओं ने स्व. जोगाराम आर्य के राष्ट्रसेवा, संघर्ष और सामाजिक चेतना के योगदान को याद करते हुए नई पीढ़ी से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की आयोजक एवं स्व. जोगाराम आर्य की सुपुत्री, अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी समिति (रजि.) दिल्ली की महिला अध्यक्ष सहित अन्य मौजूद रहे।

## 10 लाख की चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून/हल्द्वानी।** उत्तराखंड को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे श्ड्रग्स फ्री देवभूमिश अभियान के तहत स्पेशल टास्क फोर्स ने नशा तस्करों के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल की है। एसटीएफ की एंटी नार्कोटिक्स कुमाऊं यूनिट और काठगोदाम पुलिस ने एक संयुक्त ऑपरेशन में दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 किलो 2 ग्राम अवैध चरस बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस बरामद ड्रग्स की कीमत लगभग 10 लाख रुपए बताई जा रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ के निर्देशन में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स पूरे राज्य में नशे के सौदागरों पर कड़ी नजर रख रही है। इसी क्रम में कुमाऊं टीम को तकनीकी और मैनुअल इनपुट के जरिए सूचना मिली थी कि काठगोदाम क्षेत्र में भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है। इस पर कार्रवाई करते हुए टीम ने दमुआढुंगा क्षेत्र में घेराबंदी कर दो आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान प्रवीण आर्य निवासी दमुआढुंगा (काठगोदाम) और बलवंत सिंह निवासी हल्द्वानी (मूल निवासी बागेश्वर) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे लंबे समय से इस अवैध धंधे में शामिल थे। वे चरस की खेप जनपद बागेश्वर से सस्ते दामों पर खरीदकर लाते थे और उसे नैनीताल व ऊधमसिंह नगर के विभिन्न क्षेत्रों में ऊंचे दामों पर बेचकर मुनाफा कमाते थे। एसटीएफ अब इन अभियुक्तों के फॉरवर्ड व बैकवर्ड संपर्कों की पड़ताल कर रही है ताकि इस पूरे सिंडिकेट का पर्दाफाश किया जा सके। इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में एसटीएफ के निरीक्षक पावन स्वरुप, एसआई विनोद चंद्र जोशी, आरक्षी वीरेंद्र चौहान और आरक्षी इसरार अहमद शामिल रहे।

## जिला महिला मोर्चा प्रभारी डॉ. भावना डोभाल महानगर नियुक्त

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा डॉ. भावना डोभाल को देहरादून महानगर जिला (महिला मोर्चा) का प्रभारी नियुक्त कर संगठन को नई ऊर्जा और सशक्त नेतृत्व प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उनकी यह नियुक्ति संगठन में एक दूरदर्शी एवं प्रभावशाली निर्णय के रूप में देखी जा रही है।

डॉ. भावना डोभाल का राजनीतिक एवं संगठनात्मक जीवन प्रारंभ से ही संघर्ष, समर्पण और नेतृत्व क्षमता का परिचायक रहा है। उनका सफर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद



(एबीवीपी) से शुरू हुआ, जहां वे राजकीय महाविद्यालय डोईवाला की प्रथम छात्रसंघ अध्यक्ष रहीं। छात्र राजनीति से लेकर संगठन के विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों तक उन्होंने अपनी कार्यकुशलता और नेतृत्व का प्रभावशाली परिचय दिया। एबीवीपी में पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने प्रदेश छात्रा प्रमुख, प्रदेश मंत्री एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जैसे महत्वपूर्ण पदों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। इसके पश्चात भारतीय जनता युवा मोर्चा में प्रदेश मंत्री के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने युवाओं और मातृशक्ति को संगठन से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. भावना डोभाल अपनी कर्मठता, अनुशासन, संगठन के प्रति निष्ठा एवं जिम्मेदारियों के प्रभावी निर्वहन के लिए जानी जाती हैं। उनका व्यापक संगठनात्मक अनुभव और सक्रिय जनसंपर्क क्षमता निश्चित रूप से महिला मोर्चा देहरादून महानगर जिले को नई दिशा, नई गति और नई मजबूती प्रदान करेगी। पार्टी नेतृत्व को पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में महिला मोर्चा संगठनात्मक दृष्टि से और अधिक सशक्त होगा।

### इन्हें मिली अलग-अलग जनपदों की जिम्दारी

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की सहमति और प्रदेश मोर्चा प्रभारी शैलेंद्र सिंह बिष्ट से परामर्श के बाद पार्टी के संगठनात्मक जिलों के प्रभारी व सह प्रभारियों की घोषणा की है। इनमें उत्तरकाशी जनपद में रचिता ठाकुर को जिला प्रभारी व मनीषा पंवार को जिला सह प्रभारी, चमोली में अमरदेई शाह प्रभारी, अनीता बुड़ाकोटी सह प्रभारी, रुद्रप्रयाग में पुष्पा पासवान प्रभारी , बबीता रावत सह प्रभारी, टिहरी में कविता शाह प्रभारी, विनीता रावत सह प्रभारी, देहरादून ग्रामीण प्रभारी , वंदना ठाकुर, सह प्रभारी पुष्पा बर्थवाल, देहरादून महानगर डॉ भावना डोभाल प्रभारी, , जानकी नौटियाल सह प्रभारी, ऋषिकेश डॉ नेहा शर्मा प्रभारी, इंद्रा आर्य सह प्रभारी, हरिद्वार कमली भट्ट प्रभारी, नगीना रानी सह प्रभारी, रुड़की रंजना चतुर्वेदी प्रभारी, और तनु तेवतिया सह प्रभारी आदि को नियुक्त किया गया।

# प्रशासन ने जीता मैत्री मैच

## न्यायिक प्रशासन व जिला प्रशासन के बीच सद्भावना क्रिकेट मुकाबला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** पुलिस लाइन मालता के मैदान में रविवार को न्यायिक प्रशासन और जिला प्रशासन के बीच 'सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। खेल भावना और आपसी समन्वय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस मैत्रीपूर्ण मुकाबले में जिला प्रशासन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यायिक प्रशासन की टीम 111 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिला प्रशासन के सामने जीत के लिए 112 रनों का लक्ष्य रखा गया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिला प्रशासन की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 9 ओवरों में 4 विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया। फेयर प्ले अवार्ड जिला एवं सत्र न्यायाधीश बागेश्वर पंकज तोमर को प्रदान किया गया। वहीं बेस्ट बॉलर का पुरस्कार पुलिस अधीक्षक बागेश्वर जितेंद्र मेहरा (आईपीएस), बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार एआरटीओ बागेश्वर अमित कुमार तथा मैन ऑफ द मैच का खिताब देवेंद्र मेहरा को मिला। इस दौरान डीएफओ बागेश्वर आदित्य रत्न, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संदीप तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक कपकोट सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### कसार वारियर्स ने जीती पीपीएल ट्रॉफी

**अल्मोड़ा।** पहल प्रीमियर लीग का समापन हो गया है। रविवार को प्रतियोगिता के तहत फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें कसार वारियर्स की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक मनोज तिवारी और दर्जा राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलखवाल ने किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कसार वारियर्स की टीम ने निर्धारित 16 ओवरों में 221 रन बनाए। जवाब में उतरी जीआईसी गोल्डन बॉयज की टीम अपने पूरे विकेट खोकर 206 रनों में सिमट गई। वारियर्स की टीम ने 15 रनों ने फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैन का खिताब शिव शक्ति टीम के प्रदीप कार्की को दिया गया। यहां पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख हवालबाग आनंद सिंह कनवाल, देव सिंह, प्रेम सिंह, प्रधान मनोज कुमार, राजेंद्र लटवाल, हितेश नेगी, अनिल टम्टा, ललित कनवाल, उज्जवल जोशी, किशन कनवाल, चंदन कनवाल, सोबन सिंह, लक्की कनवाल, अमित कनवाल, अजय कनवाल मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण बाल लीलाओं का हुआ भावपूर्ण वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** तहसील मुख्यालय से 13 किमी दूर स्थित गुरु गोरखनाथ पोखरी धाम में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। धाम में दिन-रात चल रहे भजन-कीर्तन का श्रद्धालु आनंद ले रहे हैं। वेद व्यास महंत श्री 108 रमेश दास जी महाराज ने कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के नामकरण संस्कार एवं बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान भोलेनाथ भी कान्हा के दर्शन के लिए पहुंचे थे, जिसका प्रसंग श्रद्धालुओं को भावविभोर कर गया। श्रीकृष्ण के नामकरण संस्कार का प्रसंग बेहद रोचक रहा। महंत रमेश दास जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत में कही गई प्रत्येक बात मानव जीवन को सुख और शांति प्रदान करने वाली है। सत्संग से ज्ञान में वृद्धि होती है तथा अच्छी संगति से जीवन धन्य बन जाता है। इस अवसर पर पुजारी कुंदन गढ़िया ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वित.



रित किया। वहीं व्यापार मंडल कपकोट की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री शेर सिंह गढ़िया, संयोजक नवीन गढ़िया, आचार्य पूरन चंद्र जोशी, यज्ञाधीश ललित सिंह गढ़िया, पूरन जोशी, पूर्व प्रधान गणेश चंद्र उपाध्याय, राजेंद्र, नवीन, महिमन कपकोटी, भूपेंद्र कन्याल, दयाल जोशी एवं वरिष्ठ व्यापारी भूपाल को. रंगा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## एक नजर

### पुत्रों व पुत्रवधू के खिलाफ कार्रवाई की गुहार

**काशीपुर।** अपने पुत्रों व पुत्रवधू के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाती एक वृद्धा पिछले काफी समय से परेशान घूम रही है। करीब पंद्रह दिन पहले उसने उपजिलाधिकारी कार्यालय में पत्र सौंपकर इंसाफ की गुहार लगाई, लेकिन कोई नतीजा हासिल नहीं हुआ। बीती 24 अप्रैल को मोहल्ला महेश. पुरा निवासी भूरी पत्नी नन्हें सिंह ने उपजिलाधिकारी कार्यालय में प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि उसके दो पुत्र और एक पुत्र व पुत्रवधू आयेदिन उसे परेशान करते हैं और खाने-पीने के लिये कुछ भी नहीं देते हैं। आरोप लगाया कि उसकी सारी जमापूंजी पुत्रों ने आपस में बांट ली है और पुत्र व पुत्रवधू उसे उसके ही घर से निकालना चाहते हैं। जबकि मकान उसके नाम पर है। वृद्ध विधवा का आरोप है कि पुत्र उसे मारते-पीटते हैं। परेशान होकर कई बार बांसफोड़ान पुलिस चौकी में शिकायत की किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। वृद्धा भूरी ने बताया कि मजबूरन उसने इंसाफ के लिये उपजिलाधिकारी कार्यालय में पत्र सौंपा है। पीड़ित वृद्धा की मांग है कि उसके मकान से उसके पुत्रों व पुत्रवधू को निकाला जाये। उधर उपजिलाधिकारी ने बताया कि मामले में आरोपियों को नोटिस जारी किया गया है। कार्यवाही गतिमान है।

### घर में हुई चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** ताले तोड़कर घर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कविनगर निवासीसुदीप विश्नोई पुत्र ज्ञानप्रकाश विश्नोई ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह आठ मई की सुबह अपने परिवार के साथ विवाह समारोह में मुरादाबाद गया था तथा 9 मई की सुबह 6.00 बजे अपने घर वापस पहुंचा तो घर का ताला टूटा हुआ था और कमरे की अलमारियां टूटी हुयी थी तथा अलमारियों में रखा हुआ सामान बिखरा था। चोर घर से सोने तथा चाँदी के जेवर तथा अलमारी में रखी नगदी चोरी कर अपने साथ ले गया। पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### युवक गायब लापता, गुमशुदगी दर्ज

**काशीपुर।** केशवपुरम निवासी रघुराज सिंह पुत्र झम्मन सिंह ने आईटीआई कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसका 31 वर्षीय पुत्र विनीत कुमार 1 मार्च 2026 को सुबह करीब 10 बजे घर से बिना किसी को कुछ बताये कहीं चला गया है। उसे हर संभावित जगह व सारी रिश्तेदारी में दूढ लिया है परन्तु उसका कहीं भी कुछ पता नहीं चल पाया है। बताया कि इससे पूर्व में भी वह काम के सिलसिले में 5-10 दिन के लिए घर से चला जाता था परन्तु वह घर वापस आ जाता था और अगर नहीं आता था तो वह किसी के भीोन से कॉल करके बता देता था कि वह कहां है परन्तु अब 15 दिन बीत जाने के बाद भी वह घर वापस नहीं लौटा है और उसने इन दिनों हमें कॉल भी नहीं की है। वह अपने साथ कोई मोबाइल भी नहीं रखता है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर गायब युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**काशीपुर।** पति व ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट व मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए विवाहिता ने आईटीआई कोतवाली में तहरीर सौंपकर केस दर्ज कराया है। कोतवाली आईटीआई क्षेत्रांतर्गत दभौरा टांडा निवासी प्रीति सागर ने तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह दिसंबर 2020 को रविभान सिंह निवासी लक्ष्मी नगर बरेली के साथ हुआ था। आरोप है कि मर्चेंट नेवी में कार्यरत पति रविभान, ससुर बाबूराम, सास गोमती देवी व जेठ-जेठानी व ननद पांच लाख रुपये नकद व कार की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। मारपीट के कारण उसके गर्भ में पल रहे आठ माह के बच्चे की मौत हो गई। सितंबर 2024 को ससुराल वालों ने उसे मायके छोड़ दिया। सदमे के कारण जून 2025 में पीड़िता के पिता का निधन हो गया। जनवरी 2026 में वह ससुराल गई, तो उसे घर में नहीं आने दिया। बरेली पुलिस से मदद न मिलने पर काशीपुर में शिकायत करने की बात कही है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वार्षिक उत्सव में दिव्यांग बच्चों का उत्साहवर्धन

**कालाढूंगी।** कटघरिया स्थित मंगलम बैंकट हॉल में सेवालय समिति द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने दिव्यांग बच्चों के साथ समय बिताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और उनके आत्मविश्वास व प्रतिभा की सराहना की। समारोह के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों को भावुक करने के साथ-साथ प्रेरित भी किया। कार्यक्रम में रोहित जोशी, नीमा बिष्ट, भावना मजगई तथा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित जीवन जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने दिव्यांग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम का समापन सेवा, संवेदना और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ हुआ।

### 700 रुपये किलो बिक रहा काफल

**बागेश्वर।** जंगलों में पाया जाने वाला पहाड़ी जंगली फल काफल अब बाजार में पहुंच चुका है। सीजनल फल होने के कारण लोग इसकी जमकर खरीदारी कर रहे हैं। काफल को स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभदायक माना जाता है। बताया जाता है कि इसके सेवन से स्ट्रोक और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। वहीं काफल की बिक्री बढ़ने से इसे बेचने वाले ग्रामीणों के चेहरे भी खिल उठे हैं। इन दिनों बागेश्वर बाजार में गिरेछीना और धारीडोबा क्षेत्रों से ग्रामीण काफल लेकर बिक्री के लिए पहुंच रहे हैं। वर्तमान में बाजार में काफल 700 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। काफल बेचने पहुंची महिला हीरा देवी ने बताया कि इस बार मौसम की मार काफल पर भी पड़ी है।

# ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** आनंदी एकेडमी बागेश्वर में ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत हो उठा।

कार्यक्रम में 81 बटालियन एनसीसी से कर्नल सतेंद्र त्रिपाठी, सूबेदार मेजर सुरेंद्र, सूबेदार भोपाल, सूबेदार द्रिगपाल, सीएचएम राजकुमार तथा केयरटेकर प्रियंका भाकुनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय के प्रिंसिपल गौरव पंत, वाइस प्रिंसिपल दीपचंद्र लोहनी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर पोस्टर एवं स्पीच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए देशभक्ति, राष्ट्रसेवा और भारतीय सेना के शौर्य पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान बागेश्वर की एनसीसी कैडेट एसयूओ मानसी विश्वकर्मा को भी सम्मानित किया गया। मानसी ने गणतंत्र दिवस परेड में परेड कमांडर के रूप में नेतृत्व कर जिले का नाम रोशन किया था। पूरा कार्यक्रम अनुशासन, उत्साह और राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ संपन्न हुआ।

# पुण्यतिथि पर फल-वस्त्र वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. प्रवीण सिंह कालाकोटी की 22वीं पुण्यतिथि पर पुंगर घाटी विकास मंच के तत्वावधान में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर लोगों ने नीलेश्वर मंदिर स्थित आवासीय विद्यालय में फल, वस्त्र एवं पठन-पाठन सामग्री वितरित की। साथ ही नीलेश्वर स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को फल बांटकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को याद करते हुए कहा कि वर्ष 1947 में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन से प्रेरित होकर स्व. प्रताप सिंह कालाकोटी एवं स्व. प्रवीण सिंह कालाकोटी ने आंदोलन




में सक्रिय भागीदारी निभाई थी। दोनों सगे भाइयों को अंग्रेजों की यातनाएं सहनी पड़ीं तथा अल्मोड़ा जेल में भी रहना पड़ा। वक्ताओं ने बताया कि दोनों भाइयों ने समाज और देशहित को सर्वोपरि रखते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पेंशन तक स्वीकार नहीं की। उन्होंने कहा कि ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को देश कभी नहीं भूल सकता। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश रौतेला, वृक्ष पुरुष किशन सिंह मलड़ा, कैलाश कोरंगा, नरेंद्र चौहान, राजू रौतेला, हंसी रौतेला, बबलू जोशी, संत सुंदर गिरी महाराज सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संच. ालन हरीश कालाकोटी ने किया।

## रंजीत कौर बनीं महिला कांग्रेस की नगर अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने रंजीत कौर को कालाढूंगी महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष पद पर मना. नीत किया है।



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी, पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश नैनवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पांडे, नीरज तिवारी, दीपचंद सती, भोला दत्त भट्ट, राजकुमार पांडे, प्रताप बिष्ट, नगर अध्यक्ष वकील अहमद, सलमान वारसी, नदीम अहमद समेत अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रंजीत कौर के मनोनयन का स्वागत किया।

## डीजी ने किया एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय का निरीक्षण

**काशीपुर।** स्वास्थ्य विभाग की डीजी डॉ. सुनीता टम्टा ने एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय में औषधि भंडार, प्रसव कक्ष, ओटी, महिला-पुरुष वार्ड, शौचालय, ओपीडी, नेत्र विभाग, चंदन लैब, अस्पताल की लैब, ब्लड बैंक, आयुष्मान कार्ड कक्ष आदि का औचक निरीक्षण करने के साथ ही दस्तावेजों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि चिकित्सालय में स्फाई ठीक है। हढी रोग विशेषज्ञ की व्यवस्था के लिए प्रयास चल रहा है। टीबी विभाग को बीच अस्पताल से हटाकर अलग व्यवस्था कराई जाएगी। हृदय रोग विभाग को भी फिर से सुचारू कराने पर विचार चल रहा है। एंटी रैबीज वैक्सीन भी पर्याप्त है। बीच में कसोली हिमाचल प्रदेश स्थित लैब में एआरबी की टेस्टिंग में देरी हुई है। उन्होंने बताया कि 4-5 आयुष्मान कार्ड रोज बन रहे हैं। कर्मचारी संख्या बढ़ाने को कहा गया है। उन्होंने मरीजों से भी फीडबैक लिया। इस दौरान डॉ. अमरजीत सिंह साहनी, डॉ. मदनमोहन, डॉ. प्रियांक चौहान, डॉ. वरुण भारद्वाज, डॉ. मनु पांडे, डॉ. अल्पना मिश्रा, विनोद कुमार भट्ट, शोभा रानी आदि थे।

**NAME CHANGE**

I, **SUNIL KUMAR NARANG** have changed my name from **SUNIL KUMAR** to **SUNIL KUMAR NARANG** hence forth I shall be known as SUNIL KUMAR NARANG S/o Bakhtawar Lal, R/o 724, Azad Nagar, Behind, KPC School, Tanda Ujjain, Kashipur, Udham Singh Nagar, UK.

# आईएमटी में आयोजित किया विद्यार्थियों का विदाई समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सत्येंद्र चंद गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के प्रांगण में विगत दिवस बीबीए, बीसीए, बीकॉम ऑनर्स, एमबीए, एलएलबी एवं बीबीए एलएलबी के अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि चंद्राव. ती तिवारी कन्या महाविद्यालय की



उपप्राचार्य डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, संस्थान की एकेडमिक काउंसिल के सदस्य डॉ. नीरज आत्रेय एवं निदेशक डॉ. केवल कुमार ने मां सरस्वती एवं संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय गुड़िया के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में मिस्टर फेयरवेल एवं मिस फेयरवेल के किताब दिए गए। इस दौनान संस्थान की चेयरमैन विमला गुड़िया की ओर से भी सभी विद्यार्थियों को साधुवाद दिया। इस अवसर पर संस्थान के यूजी विभाग की प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल के अलावा समस्त फैकल्टी एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

# धीमी गति से चल रहे पुल निर्माण कार्य से ग्रामीणों में नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** विधानसभा क्षेत्र के चकलुवा इलाके में रामनगर-हल्द्वानी मुख्य मार्ग पर चल रहे पुल निर्माण कार्य की धीमी प्रगति से स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार, 22 दिसंबर 2025 से लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार द्वारा पुल निर्माण कार्य किया जा रहा है, लेकिन कार्य की रफ्तार बेहद धीमी होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विदरामपुर ग्राम प्रधान किशोर सिंह देऊपा ने बताया कि यह क्षेत्र का मुख्य मार्ग है, जहां दिन-रात भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में निर्माण कार्य की धीमी गति के चलते स्थानीय लोगों और यात्रियों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। वहीं



भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल ने कहा कि नाले के दोनों ओर की मिट्टी पहले ही हटाई जा चुकी थी, लेकिन अब दोबारा खुदाई की जा रही है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों की समस्याएं और बढ़ गई हैं। उन्होंने आशंका जताई कि यदि कार्य इसी गति से चलता रहा तो जून माह के अंत तक पुल निर्माण पूरा होना मुश्किल है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात का मौसम नजदीक है और समय पर पुल निर्माण पूरा नहीं होने पर किसानों की भूमि कटाव का खतरा बढ़ जाएगा। साथ ही आवागमन भी प्रभावित हो सकता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने विभागीय ठेकेदार से जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है, ताकि बरसात के दौरान लोगों को किसी बड़ी समस्या का सामना न करना पड़े।

# विश्वविद्यालय में 'कल्पनाकृति' कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान समिति द्वारा 'कल्पनाकृति' सांस्कृतिक कार्यक्रम का हर्षोल्लास के विश्वविद्यालय के गांधी हाल सभागार में एक उत्कृष्ट आयोजन किया गया। कुलपति डा. शिवेंद्र कुमार कश्यप ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने कहा कि प्रथम वर्ष से अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम एक उत्सव जैसा लग रहा था। अध्ययन अध्यापन के बीच इस प्रकार के कार्यक्रम से एक नई ऊर्जा का प्रवाह होता है। कार्यक्रम के आयोजन में समूह के रूप में कार्य करने की भावना उत्पन्न होती है और आनंद की अनुभूति प्रदान करने वाले ये क्षण विश्वविद्यालय से डिग्री लेकर जाने के बाद भी याद आते रहते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर समिति द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को तथा समिति के पद धारकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन साम. ुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल के नेतृत्व में स्टाफ काउन्सलर डा. दिव्या सिंह और सह स्टाफ काउन्सलर डा. पूजा टम्टा के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. दीपा विनय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. विपिन ध्यानी, अन्य अधिष्ठाता एवं निदेशकगण तथा विभिन्न छात्रोंवासो के वार्डन, सहायक वार्डन, संकाय सदस्य और विद्यार्थी मौजूद थे।



## जाम से परेशान रहे श्रद्धालु

**अल्मोड़ा।** जागेश्वर धाम में रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों में प्रवेश के लिए लोगों को कतार लगानी पड़ी और काफी देर तक बारी का इंतजार करना पड़ा। वही, जाम की समस्या से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रविवार को वीकेंड पर जागेश्वर धाम में काफी लोग पूजा-अर्चना को पहुंचे। श्रद्धालुओं को जागनाथ, महामृत्युंजय, पुष्टिमाता, हनुमान, केदारनाथ, भैरव, कुबेर आदि मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए कतार में खड़े होकर काफी देर तक बारी का इंतजार करना पड़ा। वहीं, जागेश्वर-आरतोला सड़क पर दिन भर वाहनों की कतार लगी रही। मार्ग में कई बार जाम भी लगा। जिससे स्थानीय लोगों समेत यहां पहुंचे श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, पुलिस, होमगार्ड और पीआरडी जवानों को यातायात व्यवस्थित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# कालाढूंगी कोतवाल में योग सत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य एवं फिटनेस को बढ़ावा देने हेतु कोतवाली कालाढूंगी में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कालाढूंगी अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस कर्मियों को योगाचार्य दीपक सैनीद्वारा योगाभ्यास कराया गया। योग सत्र के दौरान पुलिस कर्मियों को तनाव, स्ट्रेस एवं विभिन्न बीमारियों से बचाव हेतु नियमित योग एवं व्यायाम के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। योगाचार्य द्वारा बताया गया कि नियमित योगाभ्यास से मानसिक शांति, शारीरिक स्फूर्ति एवं कार्य क्षमता में वृद्धि होती है, जिससे पुलिस कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन अधिक ऊर्जा एवं सकारात्मकता के साथ कर सकते हैं। एसएसपी नैनीताल द्वारा जनपद पुलिस को फिट एवं स्वस्थ बनाए रखने हेतु समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पुलिस कर्मी स्वस्थ रहकर बेहतर पुलिसिंग एवं जनसेवा कर सकें। कालाढूंगी पुलिस द्वारा भविष्य में भी पुलिस कर्मियों की फिटनेस एवं मानसिक स्वास्थ् को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।



## समर स्टडी हॉल में मदर्स डे मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** समर स्टडी हॉल विद्यालय में मदर्स डे कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की डायरेक्टर दीपाली सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 3 से 6 तक के विद्यार्थियों तथा उनकी माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कक्षा 3 एवं 4 के विद्यार्थियों की माताओं के लिए फोटो फ्रेम गतिविधि आयोजित की गई, जबकि कक्षा 5 एवं 6 की माताओं ने फायर लेस कु. कंग गतिविधि में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर स्वादिष्ट व्यंजन बनाएं। सभी प्रतिभागियों ने रचनात्मकता एवं उत्साह के साथ गतिविधियों में सहभागिता कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता माताओं को आकर्षक गिफ्ट हैम्पर प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य अनुज भाटिया ने कहा कि विद्यालय आने से पूर्व बच्चा मां की देखरेख में बड़ा होता है इसलिए वहीं जीवन की पहली शिक्षिका होती है। संचालन पूनम अरोड़ा ने किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मनु अग्रवाल, नेहा पंत, काजिम रिजवी, निधि गुप्ता, अजरा तबस्सुम, हिमानी पुरोहित आदि शिक्षक-शिक्षिकाएँ भी उपस्थित रहे।



# आतंकवाद में फंसाने का डर दिखाकर बुजुर्ग से आठ लाख रुपये की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** भतरौंजखान में एक बुजुर्ग से ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने बुजुर्ग को आतंकवाद मामले में फंसाने का भय दिखाकर 8.8 लाख की ठगी कर ली। अब पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार भतरौंजखान के धारड़ गांव निवासी एक बुजुर्ग पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि बीते माह दस मार्च को उनके फोन पर एक व्हाट्सएप नंबर से मैसेज आया। मैसेज भेजने वाले ने खुद को एटीएस विभाग पुणे का इंस्पेक्टर सुमित मिश्रा बताया। इस दौरान आरोपी ने एक मोबाइल नंबर को आतंकवादियों से जुड़ा बताते हुए कहा कि उससे पैसे ट्रांसफर हुए हैं और केस नंबर भी बताया। वहीं, बुजुर्ग को आतंकवाद मामले में फंसाने का भय दिखाकर अपने जाल में फंसाया। इसके बाद आरोपी ने बुजुर्ग से आठ लाख रुपये के अधिक की धनराशि ट्रांसफर करा ली। इधर, कई दिन बीत जाने के बाद बुजुर्ग को अपने साथ ठगी होने का अंदेशा हुआ। जिसके बाद पीड़ित बुजुर्ग ने भतरौंजखान थाने में एक तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ठगों ने बुजुर्ग को आतंकवादियों की तस्वीरें और फर्जी दस्तावेज भेजकर धमकी दी। वहीं, उन्हें हर घंटे आई एम सेफ, नेशनल सीक्रेट इज सेफ लिखकर मैसेज भेजने को कहा। इसके बाद में दूसरे और तीसरे नंबर से संपर्क कर खुद को नया जांच अधिकारी बताया गया। आरोपियों ने उन्हें किसी को भी जानकारी न देने और मोबाइल सर्विलांस पर होने की बात कहकर मानसिक दबाव बनाया। पीड़ित ने बताया कि ठगों ने गूगल-पे अकाउंट बनवाया, बैंक कार्ड सक्रिय करवाए और जांच के नाम पर पैसे जमा कराने को कहा। 18 मार्च से 31 मार्च के बीच नौ बार में कुल 8.8 लाख रुपये ट्रांस्फर कराए गए। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि ठगी के मामले में थाने में एक बुजुर्ग ने तहरीर सौंपी। बुजुर्ग से करीब आठ लाख से अधिक की धनराशि ट्रांसफर की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सरकार की छवि धूमिल करने का आरोप

**अल्मोड़ा।** चम्पावत प्रकरण मामले में रविवार को भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस का पुतला फूंक प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पर एक नाबालिग बच्ची का सहारा लेकर भाजपा और राज्य सरकार की छवि खराब करने का आरोप लगाया। मौके पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम पालीवाल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस लगातार षडयंत्र और झूठ की राजनीति कर रही है, जिसे प्रदेश की जनता अब समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की लोकप्रियता से घबराकर कांग्रेस इस तरह के हथकंडे अपना रही है। कहा कि कांग्रेस ने एक नाबालिग बच्ची का सहारा लेकर भाजपा और राज्य सरकार की छवि खराब करने का प्रयास किया, पुलिस प्रशासन की जांच में पूरा मामला झूठा साबित हो गया।

## सूर्या फाउंडेशन का 10 दिवसीय ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर सम्पन्न




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** ग्राम करनपुर स्थित सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर में सूर्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित 10 दिवसीय ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर सम्पन्न हो गया। शिविर का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान करणपुर हरिओम सुधा व परितोष मिश्रा सूर्या रोशनी लि. के अलावा रेखा तिवारी प्रधानाचार्य देवकीनंदन, लक्ष्मी भंडारी मंडल उपाध्यक्ष भाजपा, क्षेत्र प्रमुख हिमांशु, भरत साह, अमनदीप कौर, प्रिया, हेमा, संध्या कोहली सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। शिविर के दौरान बच्चों ने चित्रकला, मानचित्र निर्माण, आर्ट एंड क्राफ्ट, कबाड़ से जुगाड़, भाषण प्रतियोगिता, मिटी के खिलौने निर्माण, खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# 10 लाख की चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** एसटीएफ की एंटी नार्कोटिक्स कुमाऊं यूनिट की सयुक्त टीम ने काठगोदाम थाना पुलिस की मदद से दमुवाढूंगा क्षेत्र से दो शातिर चरस तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्करों के पास से 5 किलो 2 ग्राम चरस बरामद की है। पकड़ी की चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 10 लाख रूपए आंकी गई है।



पुलिस ने दोनो तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनो को जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को एसटीएफ की कुमाऊं टीम ने तकनीकी और मैनुअल इनपुट के आधार पर काठगोदाम कोतवाली पुलिस के साथ दमुवाढूंगा क्षेत्र में संयुक्त छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया जिनके पास से 5 किलो 2 ग्राम चरस बरामद हुई। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। पकड़े गए दोनो तस्करों ने अपना नाम प्रवीण आर्य पुत्र कुशल राम निवासी देवखड़ी दमुवाढुंगा काठगोदाम, बलवंत सिंह पुत्र गोपाल सिंह निवासी ग्राम तीख पोस्ट डोला, थाना कपकोट बागेश्वर बताया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए तस्करों ने बताया कि वे बागेश्वर क्षेत्र से चरस खरीदकर लाते थे और उसे नैनीताल तथा ऊधमसिंह नगर जिलों में ऊंचे दामों पर बेचकर अच्छा मुनाफा कमाते है। एसटीएफ अब आरोपियों के नेटवर्क, सप्लाई चैन और अन्य तस्करों के संबंध में जानकारी जुटाने में लगी है। गुडवर्क करने वाली टीम में एसटीएफ एंटी नार्कोटिक्स टीम से निरीक्षक पावन स्वरूप, एसआई विनोद चंद्र जोशी, कांस्टेबल वीरेंद्र चौहान, इसरार अहमद सहित काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा, काठगोदाम मल्ला चौकी प्रभारी दिलीप सिंह, कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कारज सिंह शामिल रहे।

## 1857 की शुरुआत की वर्षगांठ पर विचार-विमर्श

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** आजादी की पहली लड़ाई 1857 की शुरुआत की वर्षगांठ पर रविवार को भाकपा माले की ओर से एक्टू कार्यालय में आजादी की पहली लड़ाई की विरासत और आज के दौर की चुनौतियां विषय पर विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि 10 मई 1857 भारतीय इतिहास की वह तारीख है जिसने देश की जनता को अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संगठित संघर्ष का रास्ता दिखाया। 1857 की लड़ाई ने गंगा-जमुनी हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश की और किसानों, सैनिकों तथा आम गरीब जनता के संघर्ष से भारतीय राष्ट्रवाद को नई दिशा मिली। इस मौके पर एक्टू प्रदेश महामंत्री केके बोरा, भाकपा माले जिला सचिव डा. कैलाश पांडेय, सनसेरा श्रमिक संगठन के उपाध्यक्ष धन सिंह गड़िया, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान, आकाश भारती, चंद्र सिंह, नरेंद्र बानी, गोकुल कुमार, आफताब आलम, रितिक कांत, हरीश रहे।

# खेल मैदान में उतरी महिलाएं

### मातृ दिवस पर उत्साह और फिटनेस का दिखा शानदार संगम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मातृ दिवस के अवसर पर रविवार सुबह स्पोर्ट्स स्टेडियम एवं गौलापार स्टेडियम में जिला खेल कार्यालय नैनीताल की ओर से महिलाओं एवं माताओं के लिए विशेष खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में करीब 76 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन के दौरान डा. संचिता शर्मा ने सहज योग ध्यान पद्धति के माध्यम से वर्तमान में रहकर संतुलित जीवन जीने और सकारात्मक ऊर्जा के साथ कार्य करने का संदेश दिया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ उपनिदेशक खेल कुमाऊं रसिका सिद्दीकी एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी डा. निर्मला पंत ने किया।



40 प्लस महिला रस्सी कूद प्रतियोगिता में डक्क संचेता ने प्रथम, विमला अधिकारी ने द्वितीय तथा अंजू जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 20 प्लस वर्ग में रेखा प्रथम, मंजू राणा द्वितीय और लता जीना तृतीय रही। 40 प्लस महिला वॉक रेस में विमला अधिकारी ने पहला, अंजू जोशी ने दूसरा और दीपा सुयाल ने तीसरा स्थान हासिल किया। 20 प्लस वर्ग में गायत्री प्रथम, प्रभा द्वितीय और भागीरथी तृतीय रही। 20 प्लस महिला फ्रीस्टाइल तैराकी प्रतियोगिता में शिवानी प्रथम, पूजा द्वितीय और नियोकी बिश्नोई तृतीय स्थान पर रही। 40 प्लस वर्ग में संतोषी गुरुरानी प्रथम, नमिता सिंह द्वितीय तथा गीता रावत तृतीय रही। वहीं 60 प्लस वर्ग में डा. उषा भट्ट ने प्रथम, भावना जोशी ने द्वितीय और नीमा बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मनप्रीत कौर, ममता जोशी पाठक, हर्षदीप, नव्या पांडे तथा 60 प्लस वॉक रेस में तुषारिका जोशी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस दौरान सुरेश चंद पांडे, वरुण बेलवाल, त्रिलोक जीना, गोविंद लटवाल, निलेश गुप्ता, अंकुश रौतेला, श्याम भट्ट, विनय जोशी, संजय गैड़ा, गोपाल नेगी आदि मौजूद रहे।

# धनराशि कटौती का विरोध


शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** काठगोदाम स्थित संघ भवन में संयुक्त सेवानिवृत्त कर्मचारी संघर्ष समिति की बैठक दिनेश गुरुरानी की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान दिनेश गुरुरानी ने कहा कि निगम प्रशासन के साथ पूर्व में हुई वार्ता में न्यूनतम वेतनमान पर कार्यरत सेवानिवृत्त नियमित कर्मचारियों को छठे एवं सातवें वेतनमान का एरियर तथा लंबित महंगाई भत्ते के भुगतान का मुद्दा उठाया गया था। उन्होंने कहा कि कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा पूर्व में नो ड्यूज जमा करने के बावजूद निगम प्रशासन वर्षों बाद अग्रिम धनराशि की कटौती कर रहा है, जिसका संगठन पुरजोर विरोध करेगा। उन्होंने काठगोदाम फैक्ट्री परिसर में हो रहे अतिक्रमण पर भी चिंता जताते हुए उसे तत्काल रोकने की मांग की। साथ ही कहा कि सेवा. निवृत्त कर्मचारियों को भी सेवारत कर्मचारियों की तरह आवास गृहों में छूट दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि इन मांगों को लेकर 11 मई को नैनीताल में प्रबंध निदेशक से वार्ता की जाएगी। संगठन के महामंत्री बसंत जोशी ने कहा कि पेंशन संबंधी मामलों को लेकर सरकार पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। जल्द ही सभी जनपदों में सेवानिवृत्त संघर्ष समिति की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। बैठक में मंगल सिंह बघरी, कुंवर सिंह कार्की, भुवन कांडपाल, कालूराम, दिनेश चंद्र जोशी, भुवन लाल शाह, गोविंद सिंह मेहता, लक्ष्मण सिंह, सतीश जोशी, भुवन उप्रेती, आनंद सिंह गोनी, महेश कुमार, पूरन फर्त्याल आदि मौजूद रहे।

# 230 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मानव कल्याण हेतु सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद एवं उनके दिव्य मार्गदर्शन द्वारा पंचायत घर शिव मंदिर गौला रोड हल्दुचौड़ में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन (संत निरंकारी मिशन का सामाजिक विभाग) द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 9 से 2 बजे तक किया गया। जिसमें मिशन के 230 भक्तों द्वारा नि:स्वार्थ भाव से रक्तदान किया गया। रक्त संग्रहित करने हेतु सोबन सिंह जीना बेस हास्पिटल, राजकीय सुशीला तिवारी हास्पिटल, रेडक्रास सोसायटी हल्द्वानी नैनीताल ब्लड बैंक की टीमें वहां उपस्थित हुई। इस शिविर का उद्घाटन पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश दुर्गापाल एवं लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने किया रक्तदान




शिविर में सम्मिलित हुए सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और जनकल्याण को समर्पित उनकी निस्वार्थ सेवा एवं बहूमूल्य योगदान हेतु भूरी भूरी प्रशंसा की। रक्तदान शि. विर के दौरान 10 से 12.30 बजे तक निरंतर सत्संग चलता रहा। आशीर्वाद देने हेतु चमोली जोन से ज्ञान प्रचारक केके सागर पहुंचे। इसके अतिरिक्त हल्दुचौड़ के मुखी पीएस बिष्ट बताया कि संत निरंकारी मिशन रक्तदान करने में समूचे देश व विश्व में अग्रणी रहा है। मिशन द्वारा अभी तक 9,189 रक्तदान शिविरों के आयोजन से 15,00,989 युनिट रक्त एकत्रित किया जा चुका है। उन्होंने ये भी बताया कि संत निरंकारी मिशन आध्यात्मिक उत्थान के साथ साथ समाज कल्याण की गतिविधियों जिनमें मुख्यत: रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, प्रोजेक्ट अमृत' के तहत सफाई अभियान स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना, वृक्षारोपण, महिला एवं बाल विकास सशक्तिकरण हेतु सुचारू रूप से चलाई जा रही योजनाएं, नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर एवं प्राकृतिक आपदाओं में जरूरतमंदों की सहायता इत्यादि सेवाएं सम्मिलित है ताकि समाज का समुचित विकास हो सके। अंत में हल्दुचौड़ के मुखी पीएस बिष्ट, इंचार्ज, संयोजक हल्द्वानी आंनद सिंह नेगी, क्षेत्रीय संचालक दीपक वाही हल्द्वानी द्वारा रक्तदान शिविर में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, रक्तदाताओं, डाक्टर एवं उनकी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

# सड़क हादसे में दो घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लालकुआं।** रविवार को हल्द्वानी से खरीदारी कर लालकुआं को लौट रहे दो दोस्तों की बाइक कंटेनर से टकरा



गई जिसमें से एक की हालत नाजुक है पुलिस एवं स्थानीय निवासियों द्वारा दोनों को अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां एक की हालत चिंताजनक बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दोपहर को हल्द्वानी से कपड़ों की खरीदारी कर दो दोस्त अमन सिंह उम्र 30 वर्ष एवं अमन गुप्ता उम्र 28 वर्ष बाइक द्वारा लाल. कुआं को आ रहे थे, जैसे ही वह डिपो नंबर पांच के सामने पहुंचे थे, तभी आगे चल रहे कंटेनर को ओवरटेक करने के चक्कर में उनकी गाड़ी कंटेनर से भिड़ गई, परिणाम स्वरूप मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि अमन सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। तथा अमन गुप्ता को चोट आ गई। 108 सेवा एवं स्थानीय लोगों द्वारा एक को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दुचौड़ तथा दूसरे को डा. सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी में भर्ती कराया गया है, जहां अमन सिंह की हालत नाजुक बताई जा रही है। दोनों युवक लालकुआं नगर के निवासी हैं।

# वीकेंड पर नैनीताल पुलिस अलर्ट

### काले शीशों और भ्रामक नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कार्रवाई तेज, ट्रैफिक पुलिस, सीपीयू सम्भाले रही मोर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** वीकेंड पर बढ़ती पर्यटक और श्रद्धालुओं की आवाजाही को देखते हुए नैनीताल पुलिस ने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी के निर्देशन में ट्रैफिक पुलिस, सीपीयू और थाना पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त रूप से यातायात प्रबंधन और चैकिंग अभियान चलाते हुए नियम उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। नैनीताल, कैंची धाम, भवाली, भीमताल, हल्द्वानी, काठगोदाम, रामनगर, मुखानी और कालाढूंगी क्षेत्रों में सुबह से ही पुलिस बल तैनात कर यातायात संचालन को



व्यवस्थित बनाया गया। पुलिस द्वारा प्रमुख मार्गों, पार्किंग स्थलों और संवे. दनशील यातायात प्वाइंटों पर लगातार निगरानी रखी गई ताकि पर्यटकों, श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सघन चैकिंग अभियान भी चलाया गया। अभियान के दौरान वाहनों में काले शीशे, अवैध और भ्रामक नंबर प्लेट तथा नियमों के विरुद्ध वाहन संशोधन कर रौब झाड़ने वालों पर विशेष कार्रवाई की गई। पुलिस ने तीन वाहनों में अनियमितता पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किए। पुलिस के अनुसार वाहन संख्या 24बीएच4047ए, यूपी14 जीक्यू 9191 और यूपी14जीवी0008 में काली फिल्म लगी पाई गई, जिस पर प्रत्येक वाहन चालक का एक-एक हजार रुपये का चालान किया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। लोगों से सुरक्षित और नियमों के अनुरूप वाहन चलाने की अपील की गई है।

## वल्मरा मंडल का गठन

**अल्मोड़ा।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अल्मोड़ा ने ग्रामीण इकाइयों का गठन कर दिया है। रविवार को व्यापार मंडल वल्मरा ब्लॉक स्याल्दे की कार्यकारिणी में शरण सिंह मनराल को अध्यक्ष और दिनेश कुमार को सचिव मनोनीत किया गया। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार ने बताया कि विकासखंड स्याल्दे के वल्मरा व्यापार मंडल का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष और सचिव के अलावा उपाध्यक्ष पद पर गीता देवी और कोषाध्यक्ष पद पर इंदर सिंह को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। ग्रामीण व्यापार मंडल के गठन पर्यवेक्षक पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष स्याल्दे दर्शन जोशी की देखरेख में संपन्न हुआ। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों के शामिल होने से देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल संगठन को और अधिक मजबूती मिली है।

# कांग्रेस पर भड़कीं रुचि भट्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने चम्पावत के कथित दुष्कर्म प्रकरण को राजनीतिक साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि पुलिस जांच और पीड़िता के बयानों से यह स्पष्ट हो गया है कि मामले का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से किया गया। रविवार को भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने आरोप लगाया कि कांग्रेस बिना तथ्यों और जांच के भाजपा संगठन, सरकार और कार्यकर्ताओं की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मामले में सामने आया व्यक्ति कांग्रेस से जुड़ा बताया जा रहा है और उसके बयान लगातार बदल रहे है। उन्होंने कांग्रेस



से पूरे मामले में सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग करते हुए कहा कि इस प्रकरण में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस राजनीतिक हताशा में इस तरह की साजिशें रच रही है। कहा कि सरकार मामले की पारदर्शी जांच के पक्ष में है और प्रारंभिक जांच में कई तथ्य सामने आ चुके है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा को बदनाम करने के उद्देश्य से सुनियोजित तरीके से इस पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया गया। पत्रकार वार्ता के दौरान शांति मेहरा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कंचन उप्रेती, प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी, प्रदेश प्रवक्ता कल्पना बोरा, कुमाऊं सह संयोजक अलका जीना, जिला महामंत्री राशि जैन, आभा गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# भाजयुमो की मजबूती पर मंथन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा हल्द्वानी नगर इकाई की बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिया ने की, जिसमें युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श हुआ। नगर अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिया ने युवा मोर्चा द्वारा दिए गए सुझावों की सराहना करते हुए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने हल्द्वानी नगर में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। साथ ही वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन की सक्रियता बढ़ाने और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक में नगर कार्यालय मंत्री दीपांशु शर्मा, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष हर्ष राजौर, महामंत्री कार्तिक चौहान, उपाध्यक्ष पवन सिंह बिष्ट, मंत्री रोहित गुप्ता, कोषाध्यक्ष वंश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# वन भूमि पर बसे गांवों में आक्रोश

### बिन्दुखत्ता में तीन दिवसीय कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के ना पहुंचने पर गुस्सा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** वनाधिकार कानून के तहत बिंदुखत्ता में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम जन-जन की सरकार, कब आएगी बिंदुखत्ता के द्वार में कोई भी निर्वाचित जनप्रतिनिधि शामिल नहीं होने पर क्षेत्रवासियों में गहरा रोष देखने को मिला। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से लंबित वना. धिकार संबंधी मांगों पर सरकार और प्रशासन गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित करने के दावे में कोई स्पष्ट कमी नहीं बताई जा सकी। साथ ही अधिसूचना जारी होने की



समयसीमा को लेकर भी अधिकारी कोई ठोस जवाब नहीं दे पाए। बिंदुखत्ता के अलावा गौलापार क्षेत्र के प्रतापपुर, मानपुर, दानीबंगर, बाग. जाला, रामनगर और चोरगलिया के ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम को समर्थन दिया। ग्रामीणों का कहना है कि वना. धिकार कानून के अंतर्गत किए गए दावे लंबे समय से लंबित पड़े हैं, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। बागजाला में आयोजित बैठक में ग्रामवासियों ने सरकार की ओर से स्पष्ट संवाद न होने पर नाराजगी जताई। लालकुआं विधानसभा क्षेत्र के वन भूमि पर बसे गांवों के लोगों ने आगे की रणनीति पर चर्चा करते हुए आंदोलन तेज करने का संकेत दिया। वन अधिकार समिति बागजाला के अध्यक्ष कुंदन बिष्ट ने कहा कि जल्द ही बड़े आंदोलन की रूपरेखा घोषित की जाएगी। बैठक में उमेश भट्ट, नंदन बिष्ट, सुरेश बिष्ट, हयात बिष्ट, कुंदन बिष्ट, गिरीश भट्ट, दीपक नेगी, भूपेश जोशी, दीपक रौतेला, रतन सिंह, योगेंद्र सिंह, चंदन सिंह मेहता, त्रिलोक सिंह, राम सिंह, विजय बसेड़ा, सुरेंद्र सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्णय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2026 की थीम निकोटीन और तंबाकू की लत के आकर्षण को उजागर करना और उससे निपटना को लेकर रविवार को पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच, हीरानगर परिसर में आयोजित साप्ताहिक जनजागरूकता कार्यक्रम में व्यापक चर्चा की गई। कार्यक्रम में तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने और युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। कार्यक्रम में साथी संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आनंद सिंह ठठोला द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जनजागरूकता अभियान चलाने का प्रस्ताव रखा गया। इसके अलावा संस्थापक अध्यक्ष आनंद सिंह ठठोला ने इंटर कॉलेजों में कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का प्रस्ताव रखा। इस दौरान जनजागरूकता रैली आयोजित करने पर भी सहमति बनी। संगठन के वरिष्ठ संरक्षक नंदा बल्लभ गुणवंत ने सुझाव दिया कि तंबाकू निषेध संबंधी स्लोगनों वाले पंपलेट टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड और मुख्य मार्गों जैसे सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जाएं, जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं। इस मौके पर बृजराज किशोर पंत, किशोर कुमार जोशी, केके तिवारी, बसना कंसल, केके जोशी, जगदीश सिंह खोलिया, वीरेंद्र सिंह भाकुनी, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, डीडी शर्मा, शंकर दत्त तिवारी, जेसी पैंतोला, जगदीश चंद्र जोशी, पूरन सिंह महराजी, विजय तिवारी, आरएस बोरा, भुवन चंद उप्रेती आदि मौजूद रहे।

# रामनगर की टीम बनी चैंपियन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** रानीखेत क्लब में आयोजित टेनिस टीम चैंपियनशिप के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए। फ्लड लाइट में खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता के फाइनल में रामनगर ने हल्द्वानी चैलेंजर्स को 2-1 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। बीते शनिवार देर शाम खेले गए मुकाबले में रानीखेत गुलदार वन टीम के महिराज मेहरा और अशोक साह राजा ने हल्द्वानी चैलेंजर्स के देवेंद्र सिंह बिष्ट और विकास पांडेय को कांटे के मुकाबले में 6-5 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। दूसरे सेमीफाइनल में राजेंद्र सिंह मेहता और शंकर दत्त सती की जोड़ी ने प्रभात मेहरा और बीएमएस बिष्ट को 6-5 से हराया। टीम चैंपियनशिप की तीसरी टाई के निर्णायक मुकाबले में हल्द्वानी के हेम




कुमार पांडेय और रजत कुमार सती ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुमित गोयल और विनोद खुल्वे को 6-2 से परा. जित किया। वहीं सहर्ष पांडेय और हिमांशु तिवारी ने रानीखेत के गौरव पांडेय और अक्षय बिष्ट को 6-0 से हराकर हल्द्वानी को फाइनल में पहुंचाया। 60 प्लस डबल्स फाइनल में हरीश प्रसाद और अजय एलहेंस की जोड़ी ने राजेंद्र सिंह मेहता और शंकर दत्त सती को 6-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। टीम चैंपियनशिप फाइनल में रामनगर टाइगर के मोहित सिंह राठौर और मानस तिवारी ने हेम कुमार पांडेय और ललित जोशी को 6-0 से हराया। दूसरे मैच में नमित तिवारी और प्रखर तिवारी ने रजत कुमार सती और हिमांशु तिवारी को 6-4 से पराजित किया। हालांकि तीसरे मुकाबले में हल्द्वानी के सहर्ष पांडेय और देवेंद्र सिंह बिष्ट ने रामनगर को 6-1 से शिकस्त दी, लेकिन कुल परिणाम में रामनगर ने 2-1 से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल मोहन चंद्र भंडारी और विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त प्राफेसर अनिल जोशी ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर दौरान टूर्नामेंट डायरेक्टर सुमित गोयल, सचिव अरविंद साह, प्रबंधक गौरव पांडेय, उत्तरांचल टेनिस एसो. देहराद. ून के वाइस प्रेसिडेंट देवेन्द्र सिंह रावत, ज्वाइंट सेक्रेटरी हेम कुमार पांडेय, एग्जीक्यूटिव मेंबर अमर जगाती, बीएमएस बिष्ट, एसडी सती, राघवेन्द्र साह, मुकेश कौशिक आदि मौजूद रहे।

# मातृ दिवस पर कवि सम्मेलन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** संपर्क साहित्य संस्थान उत्तराखंड इकाई द्वारा रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर नगर निगम सभागार में भव्य पुस्तक विमोचन एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्य, संस्कृति और मातृत्व की संवेदनाओं का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेयर गजराज सिंह बिष्ट, प्रो. नवीन चंद्र लो. हानी, शशि कुड़ियाल और उत्तराखंड प्रभारी ललिता कापड़ी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान साझा काव्य संग्रह मौन से सृजन तक तथा ''श्रीमद्भगवद्गीता: कुमाऊँनी रूपांतरण-टीका'' का विमोचन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि नवोदित रचनाकारों को मंच प्रदान करना सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि भारत में हर दिन मातृ-पितृ सम्मान की भावना जीवित रहती है तथा भारतीय संस्कृति को सुरक्षित रखने में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। वहीं प्रो. नवीन चंद्र लोहानी ने साहित्य को समाज निर्माण की सशक्त शक्ति बताते हुए सार्थक लेखन और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। वरिष्ठ साहित्यकार कृष्णानंद चंदोला ने कुमाऊँनी भाषा में गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। विशिष्ट अतिथि शाम वीर चातक ने कहा कि मौन से सृजन तक मानसिक दुख से मानसिक सुख की अद्भुत और दिव्य यात्रा है। उन्होंने कहा कि रामायण केवल राम की कहानी नहीं, बल्कि सत्यनिष्ठा की कहानी है, वहीं भगवद्गीता मनुष्य को भावनात्मक रूप से उतना ही सशक्त बनाती है। कवि सम्मेलन में दामोदर जोशी 'देवान्शु', गो. विंद बहुगुणा, डा. भगवती पनेरु, हेमा जोशी 'परू', अमृता पांडे, बीना भट्ट, प्रतिभा पांडे सहित कई रचनाकारों ने मातृत्व, संवेदनाओं और सामाजिक मूल्यों पर आधारित रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम में मीना जोशी, उत्तराखंड प्रभारी ललिता कापड़ी, चंपा पाठक, ऊषा पलड़िया, दिया, अरुणा, वैदेही कापड़ी आदि मौजूद रहे।




शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बंद घर में हुई लाखों की चोरी का खुलासा

- पुलिस ने तीन अंतरजनपदीय शातिर चोर दबोचे
- 500 सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद मिली सफलता
- लाखों की नकदी और जेवर किए बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** किच्छा थाना क्षेत्र में 19 अप्रैल की रात आवास विकास कॉलोनी में चोरों ने एक बंद मकान के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात एवं कैश उठा ले गए थे। राजेंद्र कुमार गोयल की तहरीर पर पुलिस ने 20 अप्रैल को अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी पंजीकृत कर ली थी। मामले का पर्दाफाश करने के लिए एसएसपी ने पुलिस टीम का गठन किया। टीम ने किच्छा, रुद्रपुर, बहेड़ी, बरेली, रामपुर एवं सितारगंज क्षेत्र के लगभग 500 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए अंतरजनपदीय शातिर चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में सोने चांदी के आभूषण, नगदी, चोरी में प्रयुक्त सामान और मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

मामले का खुलासा एसएसपी अजय गणपति ने पुलिस कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि 19 अप्रैल 2026 की रात थाना किच्छा क्षेत्र अंतर्गत आवास विकास कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए घर में रखे सोने चांदी के जेवरात और नगदी चोरी कर ली थी। मामले में 20 अप्रैल को राजेंद्र कुमार गोयल की तहरीर के आधार पर थाना किच्छा में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया तथा विवेचना उपनिरीक्षक जयप्रकाश को सौंपी गई। उन्होंने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीमों ने किच्छा, रुद्रपुर, बहेड़ी, बरेली, रामपुर और सितारगंज क्षेत्र के लगभग 500 सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की। लगातार सुरागरसी, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी। नौ मई को मुखबिर से सूचना मिली कि जिन चोरों की तलाश की जा रही है वे सितारगंज के केशवनगर क्षेत्र में मौजूद हैं, जहां दीपक गुप्ता का नया मकान निर्माणाधीन है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए केशवनगर कॉलोनी में दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में दीपक गुप्ता उर्फ जगदीश गुप्ता पुत्र होरीलाल निवासी शिव मंदिर शेरगढ़ बहेड़ी जिला बरेली हाल निवासी केशवनगर कॉलोनी थाना सितारगंज, अकील अहमद पुत्र मुन्ने निवासी इस्लामनगर खटीमा तथा दीपक रस्तोगी उर्फ लड्डू पुत्र दीपु रस्तोगी निवासी मोहल्ला शाहजहांपुर थाना शाहजहांपुर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 389 ग्राम सोने के आभूषण, तीन किलो 417 ग्राम चांदी के आभूषण, तीन लाख 485 रुपये की नगदी, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, घटना में प्रयुक्त आला नकब, काले रंग की एफजेड यामाहा मोटरसाइकिल, काला बैग, सफेद नीली चौकदार शर्ट और आसमानी सफेद चौकदार तौलिया बरामद किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी किए गए कुछ जेवर शाहजहांपुर क्षेत्र में सुनारों को बेच दिए गए हैं, जिसकी जांच की जा रही है।

एसएसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी दीपक गुप्ता उर्फ जगदीश गुप्ता एक शातिर और आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ चोरी, नकबजनी, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास सामने आया है। उसके खिलाफ टनकपुर, दिनेशपुर, गदरपुर, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, सितारगंज और खटीमा समेत विभिन्न थानों में अनेक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसके आपराधिक नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि जनपद में चोरी, लूट और संपत्ति संबंधी अपराधों में शामिल अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। अपराध कर आमजन में भय का वातावरण पैदा करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद पुलिस आधुनिक तकनीक, मजबूत सूचना तंत्र और प्रभावी पुलिसिंग के माध्यम से अपराधियों को चिन्हित कर कानून के शिकंजे तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

पत्रकार वार्ता के दौरान एसएसपी ने खुलासे में शामिल पुलिस टीम की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। टीम में प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सैनी, उपनिरीक्षक जयप्रकाश, दीपक जोशी, पवन जोशी, उमेश कुमार, कांस्टेबल उमेश सिंह, ब्रजमोहन, प्रशांत नेगी, कमल चंद्र, यशपाल, भगवत परिहार, पंकज बिनवाल, भूपेंद्र और महिला कांस्टेबल रेखा आर्या शामिल रहीं।

## किसानों की फसल एवं अकाल मौत का कारण बनने लगे हैं आवारा जानवर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** तराई किसान सुधार समिति के केंद्रीय महासचिव एवं उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी भगवान चंद्र जोशी ने आगामी 2027 के चुनाव में आवारा जानवरों को मुद्दा बनाने की अपील की है।

उन्होंने कहा है कि क्षेत्र की जनता एवं किसान आवारा पशुओं से हो रही जन हानि एवं किसानों की फसल के नुकसान के लिए राष्ट्रीय दलों की जवाब देई है। उन्होंने क्षेत्र के किसानों एवं पूर्व सैनिकों सहित आम जनता से इस मामले को आगामी चुनाव में प्रमुखता से उठाकर चुनावी मुद्दा बनाने की अपील की है। वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी एवं किसान नेता जोशी ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि गौ संरक्षण के नाम पर आवारा जानवर मुख्य एवं राष्ट्रीय राजमार्गों पर विचरण करते हैं। इसकी वजह से किसानों की फसल को भारी नुकसान तथा आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटना में कई लोग अकाल मौत का वरण कर चुके हैं। उन्होंने आवारा जानवरों के संरक्षण में राष्ट्रीय दलों की उदासीनता का आरोप लगाते हुए इस मुद्दे को आगामी चुनाव में प्रमुखता से उठाने की अपील की है।

## एक नजर

### पत्रकार भरत चुफाल का निधन पत्रकारों में शोक की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पत्रकार प्रेस परिषद इंडिया के उत्तराखंड प्रदेश महासचिव भरत सिंह चुफाल का रविवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। रविवार की सुबह उन्होंने अपने निवास स्थान पर अंतिम सांस ली। लगभग 60 वर्षीय दिवंगत चुफाल गंभीर बीमारी के कारण काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे तथा घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे।

रविवार को अचानक तबियत बिगड़ने पर घर पर ही उनका देहांत हो गया। दिवंगत पत्रकार भरत चुफाल के दो बेटे और एक बेटी है। जिनमें से एक बेटे और एक बेटी की शादी हो चुकी है तथा एक बेटा अभी अविवाहित है। दिवंगत चुफाल अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोते-बिलखते छोड़ गए हैं। वहीं भरत सिंह चुफाल के अचानक निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है। वहीं पत्रकारों ने एक शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर पत्रकार दीपक फुलेरा, खड़क सिंह गेड़ा, हीरा राजपूत, इश्तियाक अंसारी, मुस्तकीम मलिक, गोरख नाथ, शंकर पलियाल, गगन सिंह, सूरज गुसाईं, हरेंद्र प्रसाद, सुनील सैनी, सज्जाद हुसैन, परमजीत सिंह, डॉ उत्तम कुमार, सपन रॉय तथा अरविंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

### भागवत महापुराण की कथा में पूर्व विधायक ठुकराल ने लिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ब्रह्मलीन गुरु मां कुमारी रूपा देवी की पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित श्री देवी भागवत महापुराण की कथा में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने भक्तिभाव से कथा श्रवण किया और कथा वाचक पुष्पेंद्र शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन के दौरान राजकुमार ठुकराल ने गुरु मां रूपा देवी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि गुरु मां रूपा देवी का जीवन अत्यंत सरल और जन कल्याण के प्रति समर्पित था। उन्होंने जीवन पर्यंत सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते हुए समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। ठुकराल ने पुण्य तिथि पर इस भव्य धार्मिक आयोजन के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।




### सीएम धामी की छवि को धूमिल करने का कांग्रेस पर लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की छवि को धूमिल करने का आरोप कांग्रेस पर आरोप लगाया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमित जोशी के नेतृत्व में कांग्रेस पर षड्यंत्रकारी नीति के तहत मुख्यमंत्री की छवि को धूमिल करने का आरोप लगाते हुए खटीमा मुख्य चौक पर कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया।



इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा घिनौनी राजनीति से मुख्यमंत्री की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है जिसको प्रदेश की जनता भली-भांति समझ चुकी है और इसका हिसाब 2027 में जनता करेगी। इस मौके पर भाजपा खटीमा मंडल अध्यक्ष जीवन सिंह धामी, पूर्व जिला महामंत्री सतीश गोयल, युवा मोर्चा जिला महामंत्री शशांक वर्मा, विकास पोखरिया, सूरज धामी, रोहन सामंत, मोहित सामंत, मोहित पोखरिया, सहित युवा मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तीन दिन से पेट दर्द से जूझ रहे बच्चे को मिली नई जिंदगी



**वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल ने जंक फूड संस्कृति पर जताई चिंता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** बृजेश हॉस्पिटल रामनगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल और उनकी टीम ने एक 13 वर्षीय बच्चे की जान समय रहते बचा ली गई।जब ब्रजेश हॉस्पिटल में वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अभिषेक और उनकी टीम ने एक बेहद जटिल इमरजेंसी सर्जरी को सफलतापूर्वक कार्य किया।

जानकारी के मुताबिक ग्राम बेलपोखरा निवासी अनीता देवी ने बताया कि उसका पुत्र हिमांशु 13 साल का है वह कक्षा 8 में पढ़ता है। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र पिछले तीन चार दिनों से लगातार पेट दर्द से परेशान था। बाहर इलाज चल रहा था, लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे बृजेश हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल ने जांच के दौरान पाया कि बच्चा एक दुर्लभ बीमारी डमबामस' क्पअमतजपबनसनउ से पीड़ित है, जो बच्चों में गंभीर स्थिति पैदा कर सकती है।स्थिति बहुत नाजुक बन गई थी। ऑपरेशन के दौरान पता चला कि बच्चे की आँत का एक बड़ा हिस्सा काला पड़ चुका था और संक्रमण तेजी से फैल रहा था। डॉक्टरों की टीम ने जोखिम उठाते हुए खराब हिस्से को सफलतापूर्वक निकालकर बच्चे की जान बचा ली।ऑपरेशन के बाद डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल ने एक बड़ी सामाजिक चिंता भी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बच्चों में बढ़ता फास्ट फूड, जंक फूड और असंतुलित खानपान भविष्य में गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है और बन रहा है।उन्होंने बताया कि पहले भी फास्ट फूड खाने से कई छोटे बच्चों की ज्यादा तबियत खराब होने पर उनका सफल ऑपरेशन किया गया। उन्होंने कहा कि फास्ट फूड और बाहर की चीजें बच्चों को नुकसान पहुंचा रहीं हैं।बदलती जीवन शैली बच्चों के स्वास्थ्य पर गहरा असर डाल रही है। उन्होंने बच्चों को सही खान पान लेने की अपील की है।ताकि बच्चों का स्वास्थ्य ठीक रह सकें।हिमांशु की माता अनीता देवी ने उनके पुत्र हिमांशु के सफल ऑपरेशन पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल और उनकी टीम ने पूर्व में भी उनके पथरी हो गई थी।उनका पथरी का और उनकी सास का कुल्हे का सफल ऑपरेशन किया गया था।

### कच्ची शराब की बिक्री के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रम्पुरा स्थित काली मंदिर क्षेत्र में कच्ची शराब की बिक्री के विरोध में रविवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेतृपाल मौर्य के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को तत्काल बंद कराने की मांग उठाई। नेतृपाल मौर्य ने कहा कि कच्ची शराब का कारोबार समाज और युवाओं के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से क्षेत्र में जनजागरूकता अभियान चलाने, दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश आईटी संयोजक योगेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अजय मौर्य, काले बाबा, परशुराम पाल, सेवाराम दिवाकर, कमल सैनी, प्रेमपाल गंगवार, माया देवी, रानी और हेमलता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## मोहम्मद आदिल खान साथियों के साथ ने आजाद समाज पार्टी में हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी मोहम्मद आदिल खान ने आजाद समाज पार्टी में अपनी आस्था रखते हुए अपने समर्थकों के साथ आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

आदिल खान ने बताया कि सावंविधान बचाओ की विचारधाराओं को आगे बढ़ाते हुए अपने दर्जनों साथियो के साथ आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद के हाथो को मजबूत करने के लिये आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।आदिल खान ने आजाद समाज पार्टी को मजबूत बनाने की बात कही।सभा के मुख्य अतिथि आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष लेखराज गौतम रामनगर पहुंचे। जहां आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड प्रदेश में आजाद समाज पार्टी का कारवां बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगी और सरकार बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगी। इस दौरान आजाद समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष शाहरुख सैफी, रिटायर्ड सूबेदार एनडब्लूआर खान, सैयद यासीन, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद रफी, मोहम्मद रेहान, मोहम्मद आबिद आदि मौजूद रहे।



## विजडम पब्लिक सीनियर में धूमधाम से मना मातृ दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विजडम पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के जूनियर शाखा में मातृ दिवस (मदर्स डे) बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजा के साथ विद्यालय की सचिव सुधा पटवाल और धृति फाउंडेशन की अध्यक्षा लीना काण्डपाल, मुख्य अतिथि, विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. श्वेता मढवाल, मुख्य अध्यापिका उषा मिश्रा द्वारा किया गया। उन्होंने कहा आज हम सभी यहां एक ऐसे सुन्दर अवसर को मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं, जो निःस्वार्थ प्रेम, त्याग और ममता को समर्पित है।

मां केवल परिवार का हदय ही नहीं होती, बल्कि प्रत्येक बच्चे की पहली गुरु, सबसे बड़ी प्रेरणा और मजबूत सहारा भी होती है। ऐसे कार्यक्रम हमारे और हमारी मां को खुश रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस दिन हमें अपनी मां को खुश रखना चाहिए और उन्हें दु:खी नहीं करना चाहिए। विद्यालयकी प्रधानाचार्या डा. श्वेता मढ़वाल ने सभी आगुन्तक महिलाओं और अतिथियों को आज के दिन के महत्व के बारे में मातृ दिवस के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और सभी मां के पीछे हर सफल बच्चे के व्याग आशीवार और निःस्वार्थ प्रेम साहस देकर हमें जीवन में महत्वपूर्ण सफलता की नीव होना बताया। अन्त में सचिव सुधा पटवाल ने सभी द्यिालय की छात्र-छात्राओं की माताओं को अपने संदेश में कहा कि सभी को कहां, मां केवल एक शब्द नहीं पूरे जीवन का सार है। मां हमें चलना सिखाती है और मंजिल हमें दिखाती है इस अवसर पर कार्यक्रम में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



## वार्ड संख्या 15 के विकास कार्यों का चेयरमैन रमेश जोशी ने लिया जायजा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने नगर के वार्ड संख्या 15 में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान सड़क निर्माण, नालियों की सफाई एवं गहरे भाग में मिट्टी भरने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया और जन सरोकारों से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा भी की।

वार्ड संख्या 15 के निरीक्षण के दौरान पालिका अध्यक्ष जोशी ने नगर पालिका के पर्यावरण मित्रों एवं कर्मचारियों की सराहना की। कहा कि अवकाश के बाद भी कर्मचारी जन समस्याओं के समाधान के लिए कार्य कर रहे हैं। इस दौरान सभासद आशीष कुमार, सुमित बहादुर पाल, सूरज धामी, रोहित, रविंद्र ओझा, शुभम पटवा, अर्पित कॉलोनी सहित कई वार्ड वासी मौजूद रहे।

## किताब-ड्रेस की जबरन खरीद पर रोक लगे स्कूल फीस हो सार्वजनिक : सोफिया नाज

### निजी स्कूलों की मनमानी फीस के खिलाफ महिला कांग्रेस की हुंकार

- अभिभावकों के हित में आगे आई सोफिया नाज, फीस नियंत्रण टास्क फोर्स की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महिला कांग्रेस नेत्री सोफिया नाज ने निजी स्कूलों की लगातार बढ़ती फीस और अभिभावकों पर बढ़ते आर्थिक बोझ को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के नाम पर अभिभावकों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।



सोफिया नाज ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूलों में फीस बढ़ोतरी की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। इसके लिए आरटीआई के माध्यम से फीस बढ़ोतरी से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक की जाए, ताकि अभिभावकों को सही तथ्य मिल सकें। उन्होंने मांग की कि जिले में "पैरेंट हेल्पलाइन" शुरू की जाए, जहां अभिभावक अपनी शिकायतें और समस्याएं दर्ज करा सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि कई निजी स्कूल अभिभावकों को विशेष दुकानों से किताबें और ड्रेस खरीदने के लिए मजबूर करते हैं, जिससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। इस तरह की जबरन खरीद पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। साथ ही स्कूल फीस की "पब्लिक ऑडिट लिस्ट" जारी की जाए, ताकि हर स्कूल की फीस संरचना सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हो सके।

महिला कांग्रेस नेत्री ने मांग की कि स्कूलों की फीस तय करने वाली समितियों में अभिभावकों को भी प्रतिनिधित्व दिया जाए, ताकि निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने "एक अभिभावक-एक कहानी" अभियान चलाने की भी बात कही, जिससे लोगों की वास्तविक समस्याएं सामने आ सकें। सोफिया नाज ने कहा कि जरूरत पड़ने पर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी और उत्तराखंड के अन्य जिलों की तर्ज पर उधमसिंहनगर में भी फीस नियंत्रण टास्क फोर्स गठित की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस अभिभावकों के हितों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगी और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित कराने के लिए लगातार आवाज उठाती रहेगी।

## भंजुराम अमर इण्टर कॉलेज एवं अमर इण्टरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रंग में रंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भंजुराम अमर इंटर कॉलेज एवं अमर इण्टरनेशनल स्कूल, भूरारानी में चार दिवसीय 49वें वार्षिकोत्सव के द्वितीय दिवस नौ मई को विधिवत यज्ञ एवं हवन के साथ प्रारंभ हुआ। इस शुभ अवसर पर परमश्रद्धेय महामण्डलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज की पावन उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारम्भ परमगुरूभक्त राघव सचदेवा पौड़ी वाले के द्वारा ध्वजारोहण से किया गया और इसके साथ ही विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा झंडा गीत गाया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे, जिसमें गणेश वंदना, स्वागत गीत, रासलीला, एगिरीनंदनी, झूला गीत और विभिन्न प्रकार के नाटक विष्णु जी के दसअवतार, ब्रह्मलीन स्वामी अमर देव महाराज जी गृह त्याग कथा, मदर डे प्रस्तुत किये गये। हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वामी धर्मदेव महाराज द्वारा सम्मानित किया गया। इस पावन अवसर पर परमश्रद्धेय स्वामी जी ने कहा कि यह वार्षिकोत्सव न केवल विद्यालय की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि यह सामाजिक एकता, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक धरोहर का भी जीवंत उदाहरण है। संध्याकालीन में सभापति शान्ति देवी घीक, ओमप्रकाश घीक तथा तनु पोपली और डा. एचएस पोपली के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। महिलाओं नें भजन कीर्तन किया तदोपरांत महाराजश्री के कृपापात्र शिष्य व्यासमणि संजीव (कपिल), वृंदावन द्वारा मनोहारी भजन प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में गणपतराम गांधी, सुरेश कुमार गांधी, संजीव, अभिषेक बांगा, असीम कुमार दास (प्रधानाचार्य अ.इ.स्कूल, भूरारानी), भारत भूषण चुघ, मोहन लाल खेड़ा, रोशन कालड़ा, रमेश कालड़ा, रामकिशन खेड़ा, सुंदरलाल चोट मुरादा, विजय अरोरा, दीपक कटारिया, चन्दर कटारिया, संजय अरोरा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## साहित्यकार मठपाल की स्मृति में बनने जा रहे भवन का किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार मथुरादत्त मठपाल की स्मृति में बनने जा रहे भवन का रविवार को ग्राम सांवल्दे पश्चिम में शिलान्यास किया गया। वरिष्ठ संस्कृतिकर्मी जहूर आलम,जनकवि बल्ली सिंह चीमा, दुदबोली पत्रिका के संपादक चारु तिवारी,वरिष्ठ पत्रकार विनोद पपनै, आर्किटेक्ट एम एस नेगी,


मथुरादत्त मठपाल की सहधर्मिणी नंदिनी मठपाल,प्रो गिरीश चंद्र पंत, प्रधानाचार्य विशन सिंह मेहता ने संयुक्त रूप से यह शिलान्यास किया।कार्यक्रम संयोजक नवेंदु मठपाल ने बताया कि जनसहयोग से यह भवन 2 बर्ष में बनकर तैयार होगा।इसमें पाठकों के लिए पूरा उत्तराखंडी लोकसहित्य उपलब्ध रहेगा साथ ही शोधार्थियों के लिए रहने की व्यवस्था भी होगी। कार्यक्रम के दौरान एक कवि सम्मेलन भी आयोजित किया गया,जिसमें कवियों ने अपनी कविताओं का पाठ किया।इस मौके पर निखिलेश उपाध्याय,अशोक जोशी, डा एस पी मिश्रा, डा अनुपम शुक्ला,दिनेश पांडे, पुष्पा मठपाल, लवीश बेलवाल,सुमित कुमार,वंदना, प्रभात ध्यानी,जहूर आलम,बल्ली सिंह चीमा, एस पी मिश्रा,अशोक जोशी,चारु तिवारी,प्रो गिरीश चंद्र पंत,निखिलेश उपाध्याय, डा अनुपम शुक्ला,डंगवाल,विनोद पपने,विशन सिंह मेहता,नंदिनीं मठपाल,नवीन तिवारी ,सुरेन्द्र हाल्सी, दीप्ति सिंह,तारा घिल्डियाल, बी एस डंगवाल,नंदराम आर्य, पुष्पा मठपाल,दिनेश पांडे,सुमित कुमार,रितु बेलवाल,सुजल, डा पुष्पेंदु मठपाल,वंदना, पिंकी, सुरेश लाल,सूरज बसंत बर्मा,नवेंदु जोशी आदि मौजूद रहे।




## उपभोक्ता सहकारी भण्डार रामनगर के चुनाव संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उपभोक्ता सहकारी भण्डार रामनगर के चुनाव जसवीर सिंह चुनाव अधिकारी के द्वारा सम्पन्न कराए गए। अध्यक्ष पद पर विमलेश अग्रवाल पत्नी अनिल अग्रवाल खुलासा, उपाध्यक्ष पद पर सपना गोयल, नैनीताल जिला सहकारी बैंक के प्रतिनिधि के लिए राकेश अग्रवाल,अनिल अग्रवाल खुलासा,केंद्रीय उपभोक्ता भण्डार प्रतिनिधि के लिए शशिकांत अग्रवाल निर्वाचित घोषित किए गए।सभी चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए।इस कार्य मे भंडार के सचिव भुवन रिखाडी और सहायक सतीश शर्मा का विशेष सहयोग रहा।



# प्रशासन के आश्वासन पर टला टैक्सी यूनियन का चक्काजाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** आदि कैलाश यात्रा सीजन के बीच धारचूला में स्थानीय ट्रैकी यूनियन और व्यापारियों द्वारा प्रस्तावित चक्काजाम फिलहाल टल गया है। तहसील प्रशासन और परिवहन विभाग के साथ पीडब्ल्यूडी डाक बंगले में हुई बैठक में अधिकारियों द्वारा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद यूनियन ने 11 मई को होने वाले चक्काजाम को स्थगित करने का निर्णय लिया है।

धारचूला तहसील में आयोजित बैठक में स्थानीय टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों ने बाहरी राज्यों से आने वाली टैक्सियों के संचालन पर नाराजगी जताई। यूनियन का कहना था कि बाहरी टैक्सियों के कारण स्थानीय टैक्सी संचालकों, व्यापारियों और होमस्टे संचालकों के रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। आदि कैलाश टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष परवेश नबियाल ने बताया कि परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि आर्मी तिराहे और तवाघाट क्षेत्र में बाहरी टैक्सी चालकों के हिल लाइसेंस और दस्तावेजों की जांच की जाएगी। साथ ही प्राइवेट वाहनों से यात्रियों के व्यावसायिक परिवहन पर भी कार्रवाई होगी। बैठक में मौजूद दर्जा राज्यमंत्री ने भी टैक्सी यूनियन के प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए उनकी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने और उचित कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

एआरटीओ अभिनव गड़कोटी ने बताया कि संयुक्त टीम द्वारा तवाघाट चौराहे पर बाहरी राज्यों से आने वाली टैक्सियों की सघन जांच की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले प्राइवेट वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई भी की जाएगी। व्यापार मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह थापा ने कहा कि प्रशासन से सकारात्मक आश्वासन मिलने के बाद बाजार बंद का निर्णय भी फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

बैठक में तहसीलदार दमन सिंह राणा, कोतवाल हरेंद्र सिंह नेगी, टूर ऑपरेटर हरीश कुटियाल, गुलाब कुटियाल, बृजेश नबियाल, आदित्य गर्ब्याल, महेश दताल, जगदीश सिंह बौद्ध सहित बड़ी संख्या में वाहन स्वामी और यूनियन पदाधिकारी मौजूद रहे।

# औषधि निरीक्षक निधि शर्मा का मेडिकलों पर छापा

- सघन औचिक निरीक्षण से दवा विक्रेताओं में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखंड तथा जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनस्वास्थ्य को मदेनजर रखते हुए औषधियों की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं प्रभावकारिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जसपुर क्षेत्र के नादेही एवम महुआ डाबरा में औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का औषधि निरीक्षक द्वारा पुलिस टीम को साथ लेकर औचिक निरीक्षण किया गया।



प्राप्त जानकारी अनुसार शुक्रवार के रोज औषधि निरीक्षक निधि शर्मा ने पुलिस विभाग के साथ मिलकर औषधि दुकानदारों के यहां सघन आैचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 तथा नियमावली, 1945 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट प्रावधानों के अनुरूप लाइसेंस की शर्तों का अनुपालन तथा प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी रिकॉर्डिंग का सत्यापन, फार्मासिस्ट की मौजूदगी, एक्सपायर्ड दवाइयों की बिक्री/वितरण पर रोक तथा दवाओं के क्रय विक्रय से सम्बन्धित अभिलेखों का मौके पर सत्यापन किया गया। साथ ही औषधियों की गुणवत्ता की जांच के उद्देश्य से 02 औषधियों के नमूने संग्रहित कर परीक्षण हेतु औषधि विश्लेषणशाला भेजे गए। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर 02 मेडिकल स्टोरों की औषधियों के क्रय-विक्रय पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगाने की कार्रवाई भी की गई। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि ये अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी भी कीमत पर आम नागरिकों की सेहत से खिलबाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

## एक नजर

### ईश्वर सब जगह नहीं हो सकता इसलिए उन्होंने मां को बनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** सोर बैली पब्लिक स्कूल में मदर्स डे सोउल्लास मनाया गया। ईश्वर हर जगह नहीं हो सकता, इसलिए उन्होंने मां को बनाया है। यह दिन मातृशक्ति के निस्वार्थ प्रेम, त्याग व समर्पण को समर्पित रहा। स्कूल का वातावरण ममतामयी और उत्साह से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आशा भंडारी व विद्यालय ट्रेजरार गीता ठाकुराती के साथ माताओं ने दीप प्रज्वलित कर किया। तालियों की गड़गड़ाहट से महिला सशक्तिकरण का अद्भुत संगम प्रस्तुत हुआ। प्रधानाचार्य ममता धौनी ने सरस्वती पूजन के साथ ही मां के महत्व से अवगत कराया। इस दौरान रैंप वॉक , डांस कंपटीशन, आउटफिट और स्टाइल, साज-सज्जा रोचक गेम्स आदि में माताओं ने अपने बचपन की याद ताजा की। विद्यालय प्रबंधन द्वारा माताओं को सम्मान पूर्वक उपहार भेंट किये। कार्यक्रम में सरस्वती भट्ट , सुनीता गुप्ता, लक्ष्मी ठाकुराठी, मीना रजवार, पुष्पा बोरा, हिना भट्ट , आशा बिष्ट, गीता कोहली, अनस, नीरज, सोनाली, गायत्री का विशेष योगदान रहा।

**मदर्स डे पर विशेष**

### फरीदपुर में सपा की चुनावी रणनीति पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अरविंद यादव ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश**

**बाजपुर।** समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव फरीदपुर विधानसभा पहुंचे, जहां उन्होंने सेक्टर एवं जॉन प्रभारियों के साथ बैठक कर आगामी चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की। बैठक में सभी सेक्टर और जॉन प्रभारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति रही।

बैठक को संबोधित करते हुए अरविंद यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद यादव की कुशल पी.डी.ए. रणनीति के तहत चुनाव लड़ा जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने का मूल मंत्र देते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी संभावित उम्मीदवार एक मंच पर दिखाई दिए। सभी आवेदकों ने संकल्प लिया कि पार्टी हाईकमान जिस प्रत्याशी को टिकट देगा, सभी मिलकर उसका चुनाव लड़ाएंगे और अखिलेश यादव को पुन: मुख्यमंत्री बनाएंगे। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष बलराम यादव ने की। इस अवसर पर विधानसभा आवेदक विजयपाल सिंह, चंद्रस.न सागर, शालिनी सिंह, कल्पना सागर, हरीश कुमार लाखा, मंगल बाबू सोनकर, बिजेंद्र माथुर फौजी सहित यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव अशोक यादव, धर्मेंद्र सिंह लालू, नितिन यादव एवं बड़ी संख्या में सेक्टर और जॉन प्रभारी उपस्थित रहे।

### एनएच-74 पर गहरे गड्डों से बढ़ा हादसों का खतरा, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-74 काशीपुर रोड स्थित छोई मार्ग मोड़ पर सड़क में बने करीब ढाई फीट गहरे खड्डे राहगीरों के लिए खतरा बन गए हैं। खड्डों के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों एवं स्टोन क्रेशर स्वामियों ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। लोगों का कहना है कि बरसात और भारी वाहनों की आवाजाही के चलते सड़क की स्थिति और अधिक खराब हो गई है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में होने वाले हादसों को रोका जा सके।

### मदर्स डे के उपलक्ष्य में "समर्पण – द टैलेंट शो" आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मदर्स डे के पावन उपलक्ष्य में आयोजित "समर्पण ख्र द टैलेंट शो" कार्यक्रम को पूजनीय वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज (स्वर्ग फार्म वाले देवी) को समर्पित किया गया। जो कि वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम , वैष्णो देवी मंदिर आदर्श कॉलोनी की अधिष्ठात्री देवी हैं, जिनके आशीर्वाद एवं प्रेरणा से यह सांस्कृतिक आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल के प्रांगण में लवी अकादमी के सौजन्य से लक्ष्य शर्मा एवं विकास शर्मा द्वारा आयोजित इस भव्य सिंगिंग एवं डांस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न विद्यालयों से आए 80 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया।




कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक हरेंद्र पुरी, प्रशासिका परविंदर पुरी एवं वैष्णव भजन मंडल के भक्तों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतियोगिता के सिंगिंग वर्ग के सब जूनियर्स वर्ग में चिन्मय अनेजा (आर.ए.एन.) ने प्रथम, मानव बबली (लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल) ने द्वितीय एवं आरिश खान (लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर्स वर्ग में आयुष्मान चौबे (जेसीज) प्रथम, निखिल पाल (रेनबो) द्वितीय एवं शिवांश सारस्वत (माउंट लिटेरा) तृतीय स्थान पर रहे। वहीं सीनियर्स वर्ग में साई जोशी (जेसीज) ने प्रथम, पारिधि अग्रवाल (अमेनिटी) ने द्वितीय एवं वेदांशी अग्रवाल (माउंट लिटेरा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डांस प्रतियोगिता के सब जूनियर्स वर्ग में वृंदा (एलकेपीएस) प्रथम, गुंगुन (एलकेपीएस) द्वितीय एवं मायशा (एलकेपीएस) तृतीय स्थान पर रहीं। जूनियर्स वर्ग में अक्षिता (माउंट लिटेरा) ने प्रथम, आद्रिका (माउंट लिटेरा) ने द्वितीय एवं आराध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर्स वर्ग में संस्कृति (माउंट लिटेरा) प्रथम, शि.विका (कोलंबस) द्वितीय एवं वरेन्या (माउंट लिटेरा) तृतीय स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, वहीं अन्य उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी वितित किए गए।

पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साह, आत्मविश्वास एवं कला के प्रति समर्पण देखने योग्य रहा। रंगारंग प्रस्तुतियों और शानदार आयोजन ने सभी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया तथा कार्यक्रम सभी के लिए यादगार बन गया।

# जाको राखे साइयां.... सुल्तानपुर पट्टी में बड़ा हादसा टला, सीसीटीवी में कैद हुई घटना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सुल्तानपुर पट्टी के निकट रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

इस घटना में एक व्यक्ति बाल-बाल बच गया। वीडियो में हादसे की भयावह स्थिति साफ दिखाई दे रही है, जिसे देखकर लोग हैरानी जता रहे हैं।

घटना का वीडियो वायरल होने के बाद लोग इसे "जाको राखे साइयां, मार सके ना कोय" कहकर सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं।

फिलहाल यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# लोहाघाट में 'हरा सोना' बन रही कीवी खेती

- अब स्थानीय किसानों को घर के पास मिलेंगे पौधे
- कृषि विज्ञान केंद्र में तैयार हो रही हजारों कीवी पौध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** कृषि विज्ञान केंद्र लोहाघाट में अब किसानों को कीवी खेती के जरिए बेहतर आय का नया रास्ता दिखाया जा रहा है। महंगे और औषधीय गुणों से भरपूर कीवी फल की बढ़ती मांग को देखते हुए यहां वैज्ञानिक स्तर पर कीवी की नर्सरी तैयार की जा रही है, जिससे स्थानीय किसानों को अब हिमाचल प्रदेश से पौधे मंगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

कृषि विज्ञान केंद्र की उद्यान वैज्ञानिक डॉ. रजनी पंत ने बताया कि कीवी एक बेहद लाभकारी फल है, जिसकी बाजार में कीमत करीब 300 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच रही है। वहीं अब इसकी कटिंग से तैयार पौध भी किसानों के लिए अतिरिक्त कमाई का जरिया बन गई है। पहले जहां किसान हिमाचल प्रदेश से करीब 250 रुपये प्रति पौधा खरीदकर लाते थे, अब वही पौधे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में केंद्र के पॉलीहाउस में लगभग साढ़े चार हजार से अधिक कीवी पौधों की नर्सरी तैयार की गई है। इससे न केवल किसानों को गुणवत्तायुक्त पौधे आसानी से मिल रहे हैं, बल्कि परिवहन लागत और समय की भी बचत हो रही है। डॉ. पंत के अनुसार एक नाली भूमि में 8 से 10 कीवी पौधे लगाए जा सकते हैं। कीवी पौधों के बीच खाली रहने वाली भूमि में किसान राजमा, लहसुन, मटर और फ्रेंचबीन जैसी फसलें उगाकर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। वहीं मल्चिंग वाले क्षेत्रों में स्ट्रॉबेरी की खेती भी काफी लाभदायक साबित हो रही है।

उन्होंने बताया कि चम्पावत जनपद में उद्यान विभाग द्वारा भी व्यापक स्तर पर कीवी पौधों का रोपण कराया जा रहा है। पूर्व में ट्रायल के तौर पर लगाए गए कई कीवी बगीचे अब बेहतर उत्पादन देने लगे हैं, जिससे किसानों का रुझान तेजी से इस खेती की ओर बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि पहाड़ी क्षेत्रों की जलवायु कीवी उत्पादन के लिए बेहद अनुकूल है और आने वाले समय में यह खेती किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभा सकती है।

# नदी संरक्षण की ओर बढ़ते कदम, परवीन नदी की सफाई शुरू

- परवीन नदी सफाई का कार्य शुरू , अध्यक्ष अजय मौर्य ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** प्रतापपुर क्षेत्र की जीवनदायनी माने जाने वाली प्रवीण नदी सफाई को लेकर काफी समय से ग्रामीण मांग करते चले आ रहे थे।

लंबे समय से गंदगी और सिल्ट की समस्या से जूझ रही इस नदी की सफाई का कार्य रविवार को आधिकारिक तौर पर प्रारंभ हो गया। पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के संकल्प के साथ रविवार को प्रवीण नदी के सफाई कार्य की। शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने विधिवत पूजा अर्चना और श्रमदान के साथ की। नदी सफाई का कार्य लगभग 40 लाख की लागत से होना सुनिश्चित किया गया है, जो प्रतापपुर से नौसर पुल तक 25 किलोमीटर किया जाएगा। सफाई का मुख्य उद्देश्य नदी में जमा गंदगी जलकुंभी और गाद को हटाकर जलप्रपात को सुचारू बनाना। उद्घाटन के दौरान भारी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस दौरान मौर्य ने ग्रामीणों से अपील की कि वे नदी में कूड़ा कचरा ना फेक नदियां हमारी जीवन रेखा है। कहा नदिया हमारी संस्कृति और जीवन का आधार है। परवीन नदी की सभ्यता न केवल पर्यावरण के लिए जरूरी है बल्कि वह क्षेत्र के जलस्तर को बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाती है इस कार्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



इस दौरान मौके पर अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग आनंद सिंह नेगी, सहायक अभियंता हेमंत गंग.वार, सरदार राजपाल सिंह, ग्राम प्रधान अनिल सिंह, गुरप्रीत सिंह खिंडा, सतीश मौर्य, वीरेंद्र मौर्य, देवेंद्र सिंह, रिंकू आदि मौजूद रहे।

# आईटीबीपी की 36वीं वाहिनी में मातृ शक्ति को सलाम

- हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मदर्स डे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस की 36वीं वाहिनी में रविवार को मदर्स डे उत्साह, उमंग और पारिवारिक स्नेह के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन चीफ पेट्रन हावा श्रीमती अनुराधा सिंह की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें हिमवीर परिवार की महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए कुकिंग प्रतियोगिता और बच्चों के लिए कार्ड प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कुकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बिना आग के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में काजल रानी ने प्रथम, रुपाली ने द्वितीय तथा निधि पारिक एवं



अमनदीप कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कार्ड प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान को खूबसूरत अंदाज में प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता में दीपिका कुमारी ने पहला, ऋषभ कुमार ने दूसरा और मास्टर योगेंद्र व कुमारी वानिका ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने अपनी माताओं के लिए शुभकामना कार्ड बनाकर उन्हें भेंट किए, जिससे माहौल भावुक और यादगार बन गया। पूरे आयोजन में मातृत्व सम्मान, पारिवारिक मूल्यों और आपसी स्नेह का संदेश देखने को मिला।

कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को चीफ पेट्रन हावा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिमवीर परिवार की महिला सदस्य एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद शाखा बाजपुर द्वारा श्री बालाजी घाटा मंदिर से वोकाथन प्रारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा बाजपुर द्वारा श्री बालाजी घाटा मंदिर से वोकाथन प्रारम्भ कर मुख्य बाजार होते हुए पंत पार्क मण्डी में समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मातृ शक्ति को समर्पित इस समारोह में फिटनेस मंत्र देते हुए संगीत के साथ थिरकते हुए सभी ने जुम्बा का आनंद लिया। ज्ञानदीप ग्लोवल स्कूल के बच्चो द्वारा मां की ममता से ओत प्रोत सुन्दर कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसे देख सभी की आंखें पानी से भरने को विवस हो गयीं। उपस्थित माताओं को माताओं स्मृतिचिह्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन परिषद की महिला सहभागिता अपूर्वा गर्ग द्वारा किया गया। उपस्थित जन समुदाय में भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष कुलदीप चौधरी, सचिव पवन गोयल, गुरमीत सिंह, विपिन गर्ग, रमेश गर्ग, संजय गोयल आदि के अलावा महिला पतंजलि योग समिति, आर्ट ऑफ लिविंग के योग साधक साधिकाएं भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जानदीप स्कूल की प्रधानाचार्या राजिंदर कौर काहलो, शीला जोशी, शिवप्यारी पांडे, वंदना तिवारी, कुसुम सैनी, दर्शना गोयल, दर्जा राज्य मंत्री मनजीत सिंह, राजेश कुमार, गौरव शर्मा, यशपाल राज.हंस आदि की उपस्थित ने उत्सव की भव्यता में चार चांद लगा दिए।

# गुरतागद्दी दिवस पर विशाल गुरमत समागम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** विधानसभा बाजपुर के ग्राम गोबरा नं-8 स्थित चार साहिबजादे गुरुद्वारा साहिब में गुरतागद्दी दिवस के पावन अवसर पर विशाल गुरमत समागम का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता राजेश कुमार ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता कर गुरु साहिबान के चरणों में मत्था टेका तथा प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस




**भाजपा नेता राजेश कुमार ने टेका मत्था**

दौरान उन्होंने मुख्य ग्रंथी एवं कथा वाचक श्रद्धेय सोना सिंह , बाबा अमरजीत सिंह , जनरल सिंह , राज सिंह , राजनीत सिंह , जनक सिंह , जीत सिंह , दर्शन सिंह , बलबीर सिंह जसपाल सिंह एवं कृष्ण कुमार सहित उपस्थित संगत से आत्मीय भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। राज.श कुमार ने कहा कि सिख गुरुओं का त्याग, सेवा, समर्पण एवं मानवता का संदेश पूरे विश्व को प्रेम, भाईचारे और सद्भावना की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गुरमत समागम में संगत की सेवा भावना, अनुशासन एवं धार्मिक आस्था अत्यंत प्रेरणादायी रही। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, श्रद्धालु एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

# 23वीं राज्य स्तरीय कराटे चौंपियनशिप में चंपावत का जलवा, खिलाड़ियों ने जीते 17 पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** देहरादून में आयोजित प्रतियोगिता में 7 गोल्ड, 5 सिल्वर और 5 कांस्य पदक जीतकर खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का मान, कोच दीपक अधिकारी के नेतृत्व में दिखा दम

देहरादून में आयोजित 23वीं राज्य स्तरीय कराटे चौंपियनशिप में जिला चंपावत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 17 पदक अपने नाम कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में जूनियर कैडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में खिलाड़ियों ने दमदार खेल दिखाते हुए 7 स्वर्ण, 5 रजत और 5 कांस्य पदक हासिल किए।

स्वर्ण पदक जीतने वालों में भावना अधिकारी, अनामिका बिष्ट, प्राची ओली, प्राची थापा, रिशव ढेक, पार्थ बिष्ट और प्रश्रान साह शामिल रहे। वहीं सिल्वर मेडल सांची मुरारी, हर्षिता अधिकारी, हार्दिक मढेला और चित्रा गहतोड़ी ने अपने नाम किए। कांस्य पदक विजेताओं में प्रिंस बोहरा, नताली गडकोटी, हर्षिता, प्रश्रान साह और जतिन जोशी ने शानदार प्रदर्शन किया। कोच दीपक सिंह अधिकारी के नेतृत्व में जिले के 34 सदस्यीय



दल ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर पूरे जिले में खुशी का माहौल है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी कृष्णा नाथ गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. आर.एस. खाती, जिला क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट, जिला युवा कल्याण अधिकारी जसवंत खंडायत एवं एसडीएम लोहाघाट नितेश डागर सहित कई अधिकारियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# लाइनमैन को देखकर चालू एचटी लाइन की केबल काट रहे चोर हुए फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** हल्दी घेरा पावर स्टेशन के अंतर्गत क्षेत्र में बिजली विभाग की सतर्कता के चलते बड़ी चोरी की वारदात होते-होते टल गई। बीती रात बेखौफ चोरों ने एचटी लाइन को निशाना बनाया, लेकिन ड्यूटी पर तैनात लाइनमैन की बहादुरी और मुस्तादी के कारण कर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके।

जानकारी के अनुसार देर रात लगभग 2:00 बजे चोरों का एक गिरोह ग्राम जादोपुर क्षेत्र के सुनसान इलाके से गुजर रही ग्यारह हजार बोल्ट एचटी चालू लाइन से कीमती एल्मुनियम केबल को काटकर जमीन पर गिरा दिया था। इसी दौरान ग्रस्त पर निकले लाइनमैन को लाइन में अचानक हुए फॉल्ट का आभास हुआ। जब वह अपनी टॉर्च लेकर मौके पर पहुंचे तो वहां चोरों को केवल समेटते देखकर उनके होश उड़ गए। नजारा देखकर लाइनमैन ने शोर मचाना शुरू कर दिया। खुद को घिरता देखकर चोर केबल छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गए। काटी हुई केबल के बंडल मौके से बरामद करते हुए घटना की सूचना विभागीय अधिकारियों को दी। केबल कटने से एचटी लाइन घंटों प्रभावित रही। विद्युत अधिकारी आउट ऑफ स्टेशन होने के कारण फिलहाल अभी पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी गई है। घटना के समय लाइनमैन गुरपाल सिंह सुरेश सिंह भूपेंद्र सिंह गुरचरण सिंह आदि मौजूद थे।

# 17 हज़ार 865 वादों का निस्तारण

## उत्तराखंड की अदालतों में किया गया राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशन तथा उत्तराखंड हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी (सह कार्यपालक अध्यक्ष उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल) के आदेशों के अनुपालन में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति नैनीताल व सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों की ओर से शनिवार को उत्तराखंड हाईकोर्ट समेत राज्य के सभी 13 जिलों के अदालतों, पारिवा. रिक अदालतों समेत अन्य में 132 खंडपीठ गठित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। पूरे उत्तराखंड में 17 हजार 867 नियत वादों में से 17 हजार 865 वादों का निस्तारण किया गया। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रदीप मणि त्रिपाठी ने बताया कि उत्तराखंड



हाईकोर्ट में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु एक खंडपीठ गठित की गयी थी जिसमें न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ की ओर से कुल 16 वादों का निस्तारण किया गया। त्रिपाठी के मुताबिक उत्तराखंड उच्च न्यायालय नैनीताल में नियत 16 वादों में से सभी 16 वादों का निस्तारण कर 1 करोड़ 7 लाख 51 हजार 631 समझौता राशि वसूल की गयी। इसके साथ ही जिला न्यायालय अल्मोड़ा में नियत वाद 53 में से सभी वादों का निस्तारण कर 1 करोड़ 3 लाख 89 हजार 146 रुपएं की समझौता राशि वसूल की गयी। बागेश्वर में 67 वादों में से सभी वादों का निस्तारण कर 11 लाख 88 हजार 900 रुपए, चमोली में नियत 66 वादों में से सभी का निस्तारण कर 50 लाख 97 हजार 418 रुपए, चंपावत में नियत 49 वादों में से सभी का निस्तारण कर 2 करोड़ 17 लाख 70 हजार 642 रुपए, देहरादून में नियत 5832 वादों में से सभी वादों का निस्तारण कर 13 करोड़ 11 लाख 78 हजार 454 रुपए, हरिद्वार में नियत 2237 वादों से सभी वादों का निस्तरण कर 4 करोड़ 95 लाख 89 हजार 669 रुपए, नैनीताल में नियत 884 वादों का निस्तारण कर 1 करोड़ 68 लाख 63 हजार 929 रुपए जबकि पौड़ी गढ़वाल में 766 वादों में से 1 करोड़ 27 लाख 85 हजार 832 रुपए, पिथौरागढ़ में नियत 172 वादों से 33 लाख 68 हजार 608 रुपए, रुद्रप्रयाग में नियत 63 वादों में से 45 लाख 96 हजार 658 रुपए, टिहरी गढ़वाल में नियत 638 वादों से 87 लाख 60 हजार 438 रुपए, यूएसनगर में नियत वाद 3176 में से 3175 वादों का निस्तारण कर 7 करोड़ 66 लाख 79 हजार 415 रुपए, उत्तरकाशी में नियत 113 वादों से 91 लाख 52 हजार 373 रुपए समझौता राशि वसूल की गयी। उपभोक्ता न्यायालय में नियत 30 वादों से 85 लाख 45 हजार 368 रुपए जबकि वाणिज्यिक न्यायालय देहरादून के 4 वादों का निस्तारण किया गया।

## स्वास्थ्य पर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आर्य समाज द्वारा आयोजित साप्ताहिक सत्संग एवं स्वास्थ्य चर्चा कार्यक्रम में आध्यात्मिक जागरण के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि संतुलित आध्यात्मिक जीवन और अनुशासित दिनचर्या व्यक्ति को मानसिक शांति के साथ दीर्घकालिक स्वास्थ्य भी प्रदान करती है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डा. विनय खुल्लर और पीएल आर्य ने सहभागिता की। उन्होंने कहा कि मानव जीवन अनेक जन्मों के सत्कर्मों का परिणाम है और इसे सार्थक बनाना ही जीवन का वास्तविक उद्देश्य है। महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों का उल्लेख करते हुए वक्ताओं ने पंचमहायज्ञों को अनुशासित और नैतिक जीवन की आधारशिला बताया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में डा. विनय खुल्लर ने स्वास्थ्य विषय पर जानकारी देते हुए नकसीर नाक से रक्तस्राव की समस्या और उसके कारणों पर विस्तार से चर्चा की।

## एक नजर

### गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा प्रबंधक समिति के जोगेंन्दर अध्यक्ष व अमरप्रीत हुए सचिव निर्वाचित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**नैनीताल।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा प्रबंधक समिति के रविवार को चुनाव हुए जिसमें सर्वसम्मति से जोगेन्दर सिंह आनंद को अध्यक्ष व अमरप्रीत सिंह को सचिव पद का दायित्व सौंपा गया। इस मौके पर मुख्य चुनाव अधिकारी रविन्द्र सिंह रैना व गुलविन्दर सिंह किंदा ने दोनों ही नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए नियुक्ति पत्र दिए गए। इस दौरान प्रबंधक समिति के चुनाव के बीच सभा द्वारा वित्तीय लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया गया। नव नियुक्त सचिव अमरप्रीत सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि जल्द ही नई कार्यकारणी का गठन किया जाएगा साथ ही सभी लोगों को साथ लेकर सभा के हितों में कार्य किया जाएगा।

### भाजपा में कार्यकर्ता ही सबसे पहले हैं: कार्की

**नैनीताल।** भारतीय जनता पार्टी मंडल अनुसूचित मोर्चा की प्रथम परिचय बैठक रविवार को आहूत की गई थी। बैठक की अध्यक्षता हेमंत वेदी व संचालन मंडल महामंत्री गौरव हार्पर ने किया। बैठक में समस्त पदाधिक. ारी एव कार्यकर्ताओं ने अपना परिचय दिया। बैठक में मुख्य वक्ता नितिन कार्की (मंडल अध्यक्ष भाजपा) ने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता सर्व प्रथम है। बैठक में कार्यालय मंत्री भारत सिंह मेहरा, मंडल उपाध्यक्ष कुलदीप सहदेव, विजय कुमार आर्या, महामंत्री अभिषेक आर्या व मंत्री विनय कुमार समेत कार्यसमिति सदस्य निहाल चंद्र समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पौधरोपण को जोड़ा गया उपनयन संस्कार से

**नैनीताल।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान रविवार को 664वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 664वे दिन पौधारोपण अभियान को उपनयन संस्कार से जोड़ते हुए ऊंचापुल हल्द्वानी में अधिशासी अभियंता जल संस्थान संतोष उपाध्याय व कविता उपाध्याय के पुत्र अथर्व उपाध्याय ने अपने उपनयन संस्कार के अवसर पर एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। अथर्व ने कहा कि वह बचपन से ही प्रकृति संरक्षण से जुड़े हैं। संतोष उपाध्याय ने कहा की सभी को पौधारोपण अभियान से जुड़ना चाहिए। कविता उपाध्याय ने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए प्रकृति संरक्षण महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में हेमलता उपाध्याय ने कहा की शुभ कार्यों में पौधारोपण करने से जहां प्रकृति की सेवा होती है वही आत्म संतुष्टि भी मिलती है।दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### वीकेंड पर पर्यटकों से गुलजार रहा नैनीताल

**नैनीताल।** नैनीताल में वीकेंड के चलते पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। पर्यटकों ने बादलों के बीच खिली धूप में का आनंद लिया साथ ही नैनी झील में नौका विहार किया। रविवार को वीकेंड के चलते नैनीताल में सुबह से पर्यटकों का आगमन जारी रहा। शहर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल माल रोड, केव गार्डन और स्नोव्यू पॉइंट, पंगोट, हिमालय दर्शन आदि में पर्यटकों की भारी चहल पहल रही। दूसरी ओर शहर की सड़कें पर्यटकों के वाहनों से जाम से पटी रही। शहर की मालरोड, बायपास तथा बारापत्थर और हिमालय दर्शन आदि में पर्यटकों के वाहनों के जाम से पटी रही।

## संत एंथोनी इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के मेधावियों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट स्थित प्रमुख शिक्षण संस्था संत एंथोनी इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड बोर्ड की




हाईस्कूल की मेरिट लिस्ट के मेधावी छात्र लोकेश बिष्ट, ऋत्विक साहनी सहित अन्य मेधावी और अव्वल छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व विद्यालय की नई प्रबंधक सिस्टर पुष्पलता का स्वागत और विद्यालय सदन के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान नव नियुक्त प्रबंधक, प्रधानाचार्य सिस्टर शोभा, सिस्टर सीमा, मदर मार्सलिना ने अपने संबा. ेधन में शिक्षा से स्वयं समाज तथा मानवता के प्रति सजग संवेदनशील रहने और सामाजिक मूल्यों को बनाए रखने की जरूरत बताई। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

# 175 ग्रामीणों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

## आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस वुमेन्स क्लेक्टिव नैनीताल ने लगवाया शिविर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस वुमेन्स कलेक्टिव नैनीताल ने रविवार को गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी के 70वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड की ग्राम गेठिया, खुपी, कुरियागांव, भूमियाधार तथा आलूखेत आदि के लोगों निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में साईं अस्पताल एवं वेदांता अस्पताल हल्द्वानी के डा. मोहन सती (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डा. उत्तम शेट्टीगर (फिजिशियन), डा. मुकेश चंद्र जोशी (फेफड़ों का रोग विशेषज्ञ), डा. अलका सती



(स्त्री रोग विशेषज्ञ), डा. अनिरुद्ध (बाल रोग विशेषज्ञ), डा. प्रमोद जोशी (हृदय रोग विशेषज्ञ) एवं समन्वयक ज्योति सिंह की टीम ने 175 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और दवाइयों का वितरण किया गया। चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी तथा व्यक्तिगत स्वच्छता की भी जानकारी दी गई। शिविर में ब्लड शुगर, ईसीजी, पीएफटी समेत कई परीक्षण किये गए। शिविर के सफल आयोजन में रेशमा टंडन, कविता गंगोला, सुनीता वर्मा, प्रेमलता गोसाईं, मंजू नेगी, जीवंती गोस्वामी, संगीता साह, सिम्मी अरोड़ा, कविता जोशी,बीना शर्मा, ज्योति मेहरा, वंदना मेहरा, रीना सामंत, शिखा साह, कामना कंबोज, किरण टंडन, विमला कफलटिया, संध्या तिवारी, ममता गंगोला, नेहा डालाकोटी, सोनी अरोड़ा, पूजा शाही, उमा कांडपाल, मधु बिष्ट, मंजू बिष्ट, कविता सनवाल, वैशाली बिष्ट, श्वेता अरोड़ा, रमा तिवारी, पूजा मल्होत्रा, निहारिका गोसाईं तथा सोमा साह का सहयोग रहा। अंत में हैप्पीनेस वुमेंस कलेक्टिव द्वारा मनोज गंगोला, ग्राम प्रधान रिंकू, अमन, जाहनवी, प्रत्यूष, विनायक तथा वैभव को उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# मां की तुलना किसी से नहीं की जा सकती

## लेक सिटी वेलफेयर क्लब ने किया 12 संघर्षशील माताओं का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा रविवार को नैनीताल बैंक के सहयोग से मातृ दिवस के विशेष मौके पर आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता एवं नैनीताल बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक राजेंद्र सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में नूपुर कला केंद्र हल्द्वानी के बच्चों द्वारा वंदना गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता ने सभी महिलाओं को



मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिवार एवं समाज के निर्माण में माता का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने सभी माताओं के त्याग और समर्पण को नमन किया। इस मौके पर नैनीताल बैंक के प्रबंधक राजेंद्र सिंह उपस्थित माताओं की सक्रिय सहभागिता की सराहना की तथा उन्हें समाज की सशक्त धुरी बताया। इससे पूर्व क्लब द्वारा सभी माताओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समारोह में क्लब द्वारा समाज की 12 संघर्षशील महिलाओं (कंचन भंडारी, अर्चना चौधरी, अंजू जगाती, लतिका जलाल शाही, सोनू रावत, स्वाति बोरा, चित्रा पांडे, गीता मेहरा, मीनू अग्रवाल हल्द्वानी से शशि सिंह एवं सौमया अग्रवाल) को सम्मानित किया गया। क्लब की महिलाओं ने माताओं के सम्मान में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार प्रो. गिरीश रंजन तिवारी ने कहा कि मां की तुलना किसी से नहीं की जा सकती। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष कविता त्रिपाठी समेत ज्योति ढौंडियाल, कंचन जोशी, दीपा पांडे, हेमा भट्ट, आभा शाह, रानी शाह, जीवंती भट्ट, विनीता पांडे, रमा भट्ट, अनुराधा भट्ट, सविता कुलारा, दया कुंवर, मधुमिता, जूही अग्रवाल, मानसी गर्ग, भावना शाह, दीपिका बिनवाल, वंदना जोशी, विमलेश गोस्वामी, तुसी शाह, गीता शाह, आशा पांडे तथा सरस्वती शिराला आदि सदस्य उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन क्लब की सचिव डा. प्रगति जैन तथा मीनाक्षी कीर्ति ने किया।

## विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत परखेंगे अधिकारी: सचिव दीपक कुमार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सचिव, संस्कृत शिक्षा, जनगणना एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन उत्तराखण्ड दीपक कुमार की अध्यक्षता में रविवार को विकास भवन भीमताल में विभागीय अधिका. रियों के साथ व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव द्वारा केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को क्षेत्र में जाकर जमीनी हकीकत परखने के निर्देश दिए। सचिव ने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र में योजनाओं का भौतिक सत्यापन अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों को लाभार्थी सत्यापन,



अवसंरचना निरीक्षण एवं सेवा वितरण की गुणवत्ता पर विशेष जोर देने को कहा। बैठक में विभिन्न 29 बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश विभागीय अधिका. रियों को दिए। बैठक में सचिव ने उपस्थित सभी विभागों के अधिका. रियों को निर्देश दिए कि वह फील्ड में जाकर योजनाओं का सत्यापन करें। उन्होंने कहा कि योजनाएं धरातल पर दिखनी चाहिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सौरभ असवाल, सहायक परियोजना निदेशक डीआरडीए चंदा फर्त्याल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डा. मुकेश नेगी उपस्थित रहे।

# नैनीताल के कृष्णापुर से उठी आवाज़: रोड नहीं तो वोट नहीं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल के कृष्णापुर क्षेत्र में क्षेत्रवासियों ने रविवार को बैठक आयोजित की जिसकी अध्यक्षता सभासद सुरेंद्र कुमार ने की। बैठक में तय किया गया कि अगर क्षेत्र में रोड नहीं आएगी तो 2027 के विधानसभा चुनाव का पूरे वार्ड में बहिष्कार किया जाएगा और अगर इस संबंध में 18 मई तक कोई कार्यवाही नहीं की गई तो क्षेत्रवासियों की ओर से आंदोलन भी किया जाएगा। बैठक में चर्चा की गई कि पिछले 30 वर्षों से जिलाधिकारी, आयुक्त समेत शासन और जनप्रतिनिधियों से कृष्णापुर को शहर से जोड़ने के लिए कृष्णापुर की जनता सड़क की मांग करते आ रही है क्योंकि बच्चों का स्कूल, अस्पताल व बाजार और अन्य कामों के लिए क्षेत्रवासियों को 3 किमी की चढ़ाई चढ़कर शहर में आना पड़ता है और अभी तक शासन की ओर से मार्ग निर्माण के लिए कोई सक्षम कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है जिससे क्षेत्र वासियों में बहुत रोष व्याप्त है। इस संबंध में उन्होंने एकत्र होकर फैसला लिया और सरकार व प्रशासन को चेताया है कि अगर जल्द ही कृष्णापुर की शहर से वाहन सड़क का संपर्क नहीं जुड़ा तो पूरे क्षेत्र की जनता आंदोलन के लिए सड़क पर आएगी साथ ही 2027 के विधानसभा चुनाव में कोई भी वोट नहीं डालेगा तथा क्षेत्र के सभासद और अन्य लोग आमरण अनशन पर तब तक बैठे रहेंगे जब तक सरकार की ओर से इसमें त्वरित कार्य शुरू नहीं किया जाता। बैठक में साफ नारा दिया कि रोड नहीं तो वोट नहीं। इस दौरान सभासद सुरेंद्र कुमार,पूर्व सभासद डीएन भट्ट तथा कैलाश रौतेला समेत दीपेश भट्ट, संतोष जोशी, अमन खान, अनिल रावत, मीना बिष्ट, नीमा रौतेला तथा रेखा जोशी आदि मौजूद रहे।

# अमेरिकी छात्रों ने पूरा किया भारतीय ज्ञान परम्परा पाठ्यक्रम

## ग्राफिक एरा भीमताल में इंडियन सोशियो कल्चरल एनवायरनमेंट अंतरराष्ट्रीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का समापन समारोह

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर के सेंटर फॉर कुमाऊंनी कल्चर एंड हेरिटेज द्वारा आयोजित भारतीय ज्ञान प्रणाली के अंतर्गत इंडियन सोशियो कल्चरल एनवायरनमेंट अंतरराष्ट्रीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अमेरिका से आए 15 अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए आयोजित सप्ताहभर के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। समारोह में सांस्कृतिक समावेश और भारतीय परंपराओं की झलक देखने को मिली। अमेरिकी विद्यार्थियों ने हिंदी में अपने




अनुभव साझा किए और भारतीय संस्कृति के प्रति अपने उत्साह को प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों ने अंग्रेजी, हिंदी एवं कुमाऊंनी गीत प्रस्तुत किए तथा भीमताल परिसर के स्वयंसेवकों के साथ पारंपरिक झोड़ा नृत्य में भी भाग लिया। इसके साथ ही छात्राओं ने भारतीय परिधानों और परंपराओं को दर्शाते हुए साड़ी वॉक प्रस्तुत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भीमताल परिसर के निदेशक ने सेंटर फॉर कुमाऊंनी कल्चर एंड हेरिटेज एवं कार्यक्रम समन्वयकों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पाठ्यक्रम के नौवें बैच का सफल आयोजन किया। उन्होंने कहा कि जहां विदेशी विद्यार्थी कुमाऊंनी संस्कृति को जानने आए थे वहीं उन्होंने संगीत और नृत्य के माध्यम से पश्चिमी संस्कृति की झलक भी परिसर समुदाय के साथ साझा की। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिभागियों ने भारतीय चायए पारंपरिक व्यंजनए पहाड़ी संस्कृति, मेहंदी और यहां मिले आत्मीय आतिथ्य का भरपूर आनंद लिया। अतिथि देवो भव: की भारतीय परंपरा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में अतिथि को देवतुल्य माना जाता है साथ हीश्वसुधैव कुटुंबक की भावना को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि ये सभी विद्यार्थी अब ग्राफिक एरा परिवार का हिस्सा बन चुके हैं और उनका हमेशा स्वागत रहेगा। समारोह के दौरान सभी अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय द्वारा मिले शैक्षणिक अनुभव और आत्मीय आतिथ्य के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन अमेरिका और भारत के राष्ट्रगानों के साथ सम्मानपूर्वक एवं यादगार तरीके से हुआ।

# यो पहाड़ के एडोप्ट ए फ्रूट ट्री अभियान की शुरुआत

## अनोखी पहल: एक या अधिक फलदार पौधे को 1 वर्ष के लिए ले सकते हैं गोद

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मदर्स डे जैसे खास और भावनात्मक अवसर पर यो पहाड़ फाउंडेशन की टीम ने रविवार को एक बेहद अनोखे, संवेदनशील और प्रेरणादायक अभियान एडोप्ट ए फ्रूट ट्री की शुरुआत की। बता दें इस खूबसूरत अभियान का शुभारंभ सीआरएसटी इंटर कालेज के जगदीश साह ऑडिटोरियम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों, माताओं और बच्चों ने इस पहल को अपना अपना प्यार दिखाया और अपना समर्थन दिया।

इस अभियान के माध्यम से कोई भी व्यक्ति कम से कम एक या उससे अधिक फलदार पौधे को 1 वर्ष के लिए गोद लेकर पहाड़ के किसानों को भावनात्मक और आर्थिक सहयोग दे सकता है। इस पहल का उद्देश्य




केवल पौधे लगाना नहीं बल्कि पहाड़ों में बढ़ते पलायन को रोकना तथा स्थानीय किसानों को सशक्त बनाना और समाज में प्रेम, सममान एवं संवेदनशीलता का संदेश फैलाना है। फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के मुता. बिक अभियान की सबसे खास बात यह है कि दानदाता जिस व्यक्ति से प्रेम करता है चाहे वह माँ, पिता, बच्चे तथा दोस्त या कोई विशेष व्यक्ति हो उसके नाम से एक या उसे अधिक पौधे गोद ले सकता है। दानदाता द्वारा दिया गया नाम अगले फल आने तक उस पेड़ पर सम्मानपूर्वक नेम प्लेट के रूप में लगाया जाएगा। इन पेड़ों से मिलने वाले फलों को दानदाता स्वयं रख सकता है या फिर अपने प्रियजन के नाम से किसी जरूरतमंद, अनाथ आश्रम, वृद्धाश्रम, अस्पताल व स्कूल या सामाजिक संस्था को दान भी कर सकता है।

इस तरह एक छोटा सा कदम कई लोगों के जीवन में खुशियाँ और पोषण लेकर आएगा। कार्यक्रम के दौरान अमेरिकन किड्स के बच्चों एवं कई माताओं ने अपने बच्चों के नाम पर अनेक पौधों को गोद लेकर इस मुहिम की भावनात्मक शुरुआत की वहीं मामू स्वीट्स एंड बेकरी के स्वामी हिमांशु बिष्ट ने भी 5 फलदार पौधे गोद लिए। सभी उपस्थित लोगों ने इस अभियान की सराहना करते हुए इसे पहाड़ और पहाड़ी समाज के लिए एक नई उम्मीद बताया। यो पहाड़ फाउंडेशन की टीम का कहना है कि यह केवल एक पौधा गोद लेने का अभियान नहीं, बल्कि पहाड़, पर्यावरण व किसानों और मानवता को जोड़ने की एक सकारात्मक सोच है। संस्था ने सभी लोगों से अपील की है कि वे इस अनोखी मुहिम से जुड़ें, अपने किसी प्रियजन के नाम एक फलदार पौधा गोद लें और पहाड़ तथा पहाड़ी परिवारों को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में सीआरएसटी जूनियर विंग की प्रिंस. ीपल दीपा बिष्ट समेत गीता शाह, प्रियंका चौधरी, फाउंडेशन के अध्यक्ष संतोख सिंह बिष्ट, सचिव सागर सोनकर, कोषाध्यक्ष नीरज बिष्ट, टेक्निकल हेड चेतन मेहरा तथा मीडिया रिलेशन मैनेजर दीप्ति बोरा समेत मेंबर हिमांशु बिष्ट तथा चंद्रक. ांत इत्यादि कई लोगों ने शिरकत की।

# जन्म के बाद का पहला 'गोल्डेन मिनट' नवजात के जीवन और मृत्यु के बीच निर्णायक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राष्ट्रव्यापी अभियान 'वन डे, वन नेशन, वन मिशन सेविंग न्यू बॉर्न लाइव्स, वन ब्रीथ एट ए टाइम' के तहत रविवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में नवजात पुनर्जीवन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जन्म के तुरंत बाद नवजात शिशुओं को सुरक्षित जीवन देने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित करना रहा। कार्यशाला का शुभारंभ बाल रोग विभाग की प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डा. ऋतु रखोलिया ने किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश की स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल है। प्रशिक्षण पूरी तरह हैंड्स-ऑन और सिमुलेशन आधारित रखा गया, ताकि चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ नवजात आपात स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपट सकें। डा. रखोलिया ने



बताया कि हर वर्ष बड़ी संख्या में नवजात शिशुओं को जन्म के तुरंत बाद सांस लेने में सहायता की आवश्यकता होती है। ऐसे में जन्म के बाद का पहला 'गोल्डेन मिनट' नवजात के जीवन और मृत्यु के बीच निर्णायक साबित होता है। इसीलिए स्वास्थ्यकर्मियों को नवजात पुनर्जीवन तकनीकों में दक्ष बनाना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर के रूप में डा. ऋतु रखोलिया और डा. साक्षी ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में बाल रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति विभाग के चिकित्सकों के साथ नर्सिंग अधिकारियों ने भी सक्रिय भागीदारी की। प्रशिक्षण में नवजात शिशुओं को जन्म के तुरंत बाद आवश्यक सहायता, श्वास प्रबंधन और आपातकालीन देखभाल से जुड़ी तकनीकों का अभ्यास कराया गया।

# आईपीएल से पहले प्रीति जिंटा ने गोल्डन टेम्पल में माथा टेका

**अमृतसर, वार्ता।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और पंजाब किंग्स की को-ओनर प्रीति जिंटा ने रविवार को सचखंड श्री हरमंदिर साहिब (जिसे गोल्डन टेम्पल के नाम से भी जाना जाता है) में माथा टेका और आईपीएल के मौजूदा सीजन में अपनी टीम की जीत के लिए आशीर्वाद मांगा।

अपनी छोटी सी टीम के साथ, एक्ट्रेस ने 'सरबत दा भला' (सबकी भलाई) के लिए अरदास में हिस्सा लिया और लंगर हॉल में 'सेवा' (स्वैच्छिक सेवा) करते हुए कुछ समय बिताया, जहां उन्होंने श्रद्धालुओं को खाना परोसा। मंदिर के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए, जिंटा ने कहा कि उनका यह दौरा एक ईश्वरीय बुलावा था। उन्होंने कहा कि मैं यहां बाबा जी के बुलावे पर आई हूं। 11 तारीख को हमारा एक बहुत अहम मैच है, और मैं यहां टीम की जीत के लिए प्रार्थना करने आई हूं। हमें उम्मीद है कि वाहेगुरु की कृपा से, हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अपने आने वाले मैच जीतेंगे। एक्ट्रेस ने इस बात को भी माना कि पंजाब फ्रेंच. इजी की राज्य में बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। कप्तान श्रेयस अय्यर की स्थानीय लोकप्रियता पर टिप्पणी करते हुए, जिन्हें फैंस ने सरपंच का निकनेम दिया है, जिंटा ने पंजाब के युवाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि यहां के लोगों, खासकर युवाओं से हमें जो प्यार और समर्थन मिलता है, वही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। टीम पर वे जिस तरह से अपना प्यार बरसाते हैं, उसे देखकर दिल खुश हो जाता है। जिंटा का यह दौरा ऐसे अहम मोड़ पर आया है।

# उर्विल पटेल के तूफान में उड़ी लखनऊ

## चेन्नई ने लखनऊ को पांच विकेट से हराया, LSG के इंग्लिश की भी 85 रन की धमाकेदार पारी

**■ 13 गेंदों पर आईपीएल इतिहास की सबसे तेज फिफ्टी जड़ की यशस्वी की बराबरी**

**चेन्नई, वार्ता।** उर्विल पटेल की ऐतिहासिक पारी (65) की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को अपने होम ग्राउंड पर लखनऊ सुपर जायंट्स को 5 विकेट से हराकर जीत की हैट्रिक लगाई। इस जीत के साथ ही चेन्नई ने प्वाइंट्स टेबल में भी छलांग (5वें) लगाई है। वहीं लखनऊ हार के बाद आखिरी पायदान पर बनी हुई है। 11 मैच में 8 हार के बाद लखनऊ प्लेऑफ की रेस से बाहर भी हो गई है।

जोश इंग्लिस (85) की फिफ्टी की बदौलत एमए चिदम्बरम स्टेडियम में लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 203 रन बनाए थे। 204 रन के टारगेट को



चेन्नई के स्टार गेंदबाज जेमी ओवरटन लखनऊ के बल्लेबाज को आउट करने बाद साथी खिलाड़ियों संग खुशी मनाते हुए।

चेन्नई ने 20वें ओवर में 5 विकेट खोकर चेज कर लिया। 204 रन चेज करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स को रुतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन की सलामी जोड़ी ने जबरदस्त शुरुआत दी। हालांकि, मैदान पर नजरें जमा चुके संजू को दिग्वेश राठी ने बोल्ड्ड किया। इसके बाद 3 नंबर पर उतरे उर्विल पटेल ने छक्कों में डील करना शुरू किया। उन्होंने 13 गेंदों पर आईपीएल इतिहास की सबसे तेज फिफ्टी जड़ी और यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। उर्विल ने 8 छक्कों और 2 चौकों की मदद से 23 गेंदों पर 65 रन की पारी खेलकर मैच को एकतरफा कर दिया। उर्विल और रुतुराज के बीच 34 गेंदों पर 81 रन की पार्टनरशिप हुई। शहबाज अहमद ने दोनों बल्लेबाजों का विकेट चटकाया। कप्ष्तान रुतुराज (42) अर्धशतक से चूक गए। कार्तिक शर्मा (20) और डेवाल्ड ब्रेविस (10) ने छोटी-छोटी पारियां खेलीं। टॉस हारकर बल्ष्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत तूफानी रही। मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस के बीच 31 गेंदों पर 77 रन की पार्टनरशिप हुई। इस साझेदारी को अंशुल कंबोल ने तोड़ा। उन्होंने मार्श (10) को सस्ते में आउट किया। इसके बाद मिडिल ऑर्डर में किसी का बल्ला नहीं चला। जोश ने एक झोर संभाले रखा और 33 गेंदों पर 85 रन की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 10 चौके और 6 छक्के निकले। लोअर ऑर्डर में शाहबाज अहमद के नाबाद 43 रनों की बदौलत लखनऊ का स्कोर 200 के पार पहुंचा। निकोलस पूरन (1) का बल्ला नहीं चला। कप्ष्तान ऋषभ पंत (15) भी सस्ष्ते में अपना विकेट गंवा बैठे। एडेन मार्कराम 6 के स्कोर पर रन आउट हुए। चेन्नई की ओर से जेमी ओवर्टन को 3 सफलताएं मिली। अंशुल कंबोज के खाते में 2 और नूर अहमद के हिस्से में 1 विकेट आया।

# क्या धर्मशाला में होगी कुल्चा की फॉर्म वापसी

**धर्मशाला, वार्ता।** आईपीएल 2026 में सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) से धर्मशाला में होगा। यह इस सीजन धर्मशाला का पहला मैच है, जो कि पीबीकेएस का दूसरा घरेलू मैदान है। दोनों टीमें हार से इस मैच में उतर रही हैं।

जहां पहले सात मैचों में अजेय रहने वाली पीबीकेएस को लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है, वहीं डीसी भी अपने घरेलू मैदान दिल्ली से लगातार दो मैचों में हार कर आ रही है। हालांकि पीबीकेएस 10 मैचों में छह जीत के साथ अंक तालिका में अभी भी तीसरे स्थान पर मजबूती से बनी हुई है, वहीं 11 मैचों में सात में हार का सामना कर चुकी डीसी के लिए यह करो या मरो का मुकाबला होगा। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 35



मैचों में बहुत ही कांटे का मुकाबला रहा है, जिसमें पीबीकेएस ने 18 जबकि डीसी ने 17 मैच जीते हैं। धर्मशाला में हुए दोनों टीमों के बीच चार मैचों में भी मुकाबला बराबरी का रहा है और दोनों टीमों ने दो-दो मैच जीते हैं। 2023 से धर्मशाला में हुए पांच मुकाबलों में चार में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती है, जहां पहली पारी का औसत स्कोर 209/6 है। ऐसे में कोई भी टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 का स्कोर खड़ा करना चाहेगी। आइए डालते हैं इस मैच के कुछ प्रमुख आंकड़ों पर एक नजर। डीसी सलामी बल्लेबाजों के लिए क्या अर्शदीप बनेंगे बाधा? डीसी के सलामी बल्लेबाजों केएल राहुल और पथुम निसंका ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। उनके प्रदर्शन में निरंतरता तो नहीं है, लेकिन ए दोनों ही डीसी के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वहीं पीबीकेएस के स्ट्राइक गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने इस सीजन निराश किया है। उनके नाम 10 मैचों में सिर्फ 11 विकेट हैं, जबकि वह 10-42 की इकॉनमी से रन दे रहे हैं। पिछले पांच मैचों में चार में उन्होंने 40 से अधिक रन दिए हैं, जिसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में तो उन्होंने चार ओवरों में 68 रन दे दिए थे। हालांकि डीसी के खिलाफ भी इस रन लीक पर लगाम लगने की संभावना कम ही है। राहुल और निसंका को उन्होंने दो-दो बार आउट तो किया है, लेकिन दोनों उन पर क्रमशः 169 और 172 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। डेविड मिलर भी उनका दो बार शिकार हो चुके हैं, लेकिन मिलर भी उन पर 156 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। क्या चहल की होगी फॉर्म वापसी? अर्शदीप की तरह पीबीकेएस के एक और भारतीय स्टार गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने भी निराश किया है। नौ में से चार पारियों में उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला है, जबकि उन्होंने 9.53 की महंगी इकॉनमी रेट से रन देते हुए 35.75 की ऊंची औसत से सिर्फ आठ विकेट लिए हैं। हालांकि इस मैच में वह फॉर्म में वापस आ सकते हैं। उन्होंने विपक्षी कप्तान अक्षर पटेल और विपक्षी फिनिशर मिलर को तीन-तीन बार आउट किया है, हालांकि मिलर उन पर 184 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

# ईरान ने विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए गारंटी की मांग की

**तेहरान, वार्ता।** ईरान ने संकेत दिया है कि वह इस गर्मी में होने वाले फुटबॉल वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगा, लेकिन टीम के हिस्सा लेने को लेकर बढ़ते तनाव के बीच उसने फीफा और टूर्नामेंट के मेजबानों से कई तरह की गारंटी की मांग की है।

ईरानी फुटबॉल फेडरेशन ने कहा कि ईरान टूर्नामेंट में अपनी मान्यताओं, संस्कृति और सिद्धांतों से बिना किसी समझौते के मुक. ाबला करेगा, साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि मेजबानों को हमारी चिंताओं को ध्यान में रखना चाहिए। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, ए मांगें तब सामने आईं जब पिछले महीने फीफा कांग्रेस से पहले ईरानी फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष मेहदी ताज को कनाडा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई थी। बाद में ताज ने बताया कि ईरान ने वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने के लिए फीफा के सामने 10 शर्तें रखी थीं। यह टूर्नामेंट 11 जून से संयुक्त राज्य अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में शुरू होगा। शनिवार को जारी एक बयान में प्रकाशित मांगों में यह गारंटी भी शामिल है कि टीम के साथ यात्रा करने वाले सभी खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों को वीजा मिलेगा, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के साथ अपनी सैन्य सेवा पूरी की है। इस समूह को कनाडा और अमेरिका में एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

**खेल विशेष**

## सोनी बना एशियाई कबड्डी लीग का आधिकारिक प्रसारण साझेदार

**गुरुग्राम, वार्ता।** भारतीय खेल जगत में एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए एशियाई कबड्डी लीग (एकेएल) के आधिकारिक लॉन्च और सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ प्रसारण साझेदारी की घोणा की गई। कबड्डी की भावना, संर्घा और विरासत से प्रेरित एकेएल का उद्देश्य जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को वैश्विक मंच से जोड़ते हुए एक आधुनिक खेल मंच तैयार करना है। कबड्डी को नई पहचान देने और सीमाओं से परे ले जाने के विजन के साथ शुरू हुई एकेएल ने पिछले कई महीनों में देशभर में अभियान, खिलाड़ी खोज पहल, सामुदायिक कार्यक्रमों और ओपन ट्रायल्स के माध्यम से मजबूत आधार तैयार किया है। खिलाड़ियों, प्रशंसकों और स्थानीय समुदायों से मिले जबरदस्त समर्थन ने यह साबित किया है कि देश में कबड्डी के प्रति गहरा जुनून है और ऐसी लीग की आवश्यकता है जो वास्तव में भारतीय कबड्डी की आत्मा का प्रतिनिधित्व करे।

## यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने एसबी यूथ क्रिकेट क्लब को 153 रनों से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने एस-बी-यूथ क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में रविवार को 153 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। टॉस जीतने के बाद, एसबी यूथ क्रिकेट क्लब ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने 40 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 308 रन बनाए, जिसमें पार्थ कुमार बाली 87(60), दक्ष ड्राल 70(54) और दीप ठाकुर 45(18) की शानदार पारियों का योगदान रहा। वहीं एसबी यूथ क्रिकेट क्लब के गेंदबाजों में यजुर ने 50 रन देकर 3 विकेट और हृदय संसनवाल ने 47 रन देकर 1 विकेट लिया।

## बंगलादेश ने महिला टी- 20 विश्वकप 2026 के लिए टीम का किया ऐलान

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश ने आगामी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्ईय टीम का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड और वेल्स की मेजबानी में होने वाले इस वैश्विक टूर्नामेंट की शुरुआत 12 जून से होगी। बंगलादेश की महिला टीम ने इस साल की शुरुआत में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 ग्लोबल क्वालिफायर में हिस्सा लिया था और टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की की। ग्रुप और सुपर सिक्स स्टेज में बिना हारे रहने के बाद वे प्रतियोगिता में पहले नम्बर पर रहे। टीम 25 मई को स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स के बीच त्रिकोणीय-सीरीज के लिए एडिनबर्ग जाएगी, जिसके बाद वे अपने टी-20 वर्ल्ड कप वार्म अप मैचों के लिए लॉफबोरो जाएंगे।

# सबालेंका और पाओलिनी की सनसनीखेज हार

**रोम, वार्ता।** इटेलियन ओपन में शनिवार को कई चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिले, जिसमें महिलाओं की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और गत चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी दोनों बाहर हो गईं।

दिन का सबसे बड़ा झटका महिलाओं के सिगल्स के राउंड ऑफ 32 में लगा, जहां दुनिया की नम्बर 1 खिलाड़ी सबालेंका ने एक सेट की बढ़त गंवा दी और रोमानिया की सोराना सिर्स्टिया से 2-6, 6-3, 7-5 से हार गईं। सिर्स्टिया ने बेसलाइन से सबालेंका के साथ जोरदार मुकाबला किया और नेट की ओर आक्रामक रुख अपनाकर बेलारूस की इस खिलाड़ी को बार-बार परेशान किया, जिससे उन्हें दूसरे सेट के आठवें गेम में एक महत्वपूर्ण 'ब्रेक' हासिल हुआ। सबालेंका



को सिर्स्टिया के खेल की विविधता का सामना करने में मुश्किल हुई और उन्होंने लगातार 'अनफोर्स्ड एरर' (बिना दबाव के की गई गलतियां) करना शुरू कर दिया। निर्णायक सेट के पांचवें गेम में, सिर्स्टिया ने अपने चौथे 'ब्रेक पॉइंट' के मौके को भुनाते हुए एक और 'ब्रेक' हासिल किया और फिर अपनी सर्विस के साथ मैच जीत लिया, यह किसी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ उनके करियर की पहली जीत थी। जीत के बाद सिर्स्टिया ने कहा कि शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ आप सिर्फ सुरक्षित खेल नहीं खेल सकते। वे आपको जीत थाली में परोसकर नहीं देंगी। आपको जीत खुद हासिल करनी पड़ती है।

# पीठ की सर्जरी के बाद जल्द वापसी करके मैंने गलती की थी: राशिद

**जयपुर, वार्ता।** गुजरात टाइटंस के लेग स्पिनर राशिद खान ने माना कि पिछले साल पीठ की सर्जरी के बाद जल्द वापसी करना उनकी 'बहुत बड़ी गलती' थी, लेकिन आईपीएल 2026 में उन्होंने फिर से अपनी लय हासिल कर ली है।

वह दोबारा गुजरात टाइटंस (जीटी) के लिए मैच जिताने लगे हैं, और इसका ताजा उदाहरण चार विकेट वाला यह प्रदर्शन है, जो उन्होंने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ किया। आईपीएल 2025 में उन्होंने 15 मैचों में सिर्फ नौ विकेट लिए थे। लेकिन राशिद ने इस सीजन शानदार वापसी की है और अब तक 11 मैचों में 15 विकेट ले चुके हैं। राशिद ने कहा कि जब मेरी सर्जरी हुई, मैं सिर्फ दो महीने में



मैदान पर लौट आया था और वह मैंने बहुत जल्दबाजी में किया। मुझे लगता है कि उस समय मैंने बहुत बड़ी गलती की। लेकिन मुझे अफगानिस्तान के लिए वापस आना था और वे मैच खेलने थे। मुझे लगता है कि पिछले साल आईपीएल खत्म होने के बाद मुझे दो-तीन महीने का पूरा ब्रेक मिला और मैंने अपनी फिटनेस पर काम करने की पूरी कोशिश की। मैंने अपनी पीठ को फिर से ठीक हालत में लाने पर ध्यान दिया। मुझे लगता है कि क्रीज से गुजरते समय जो लय होती है, वही मेरे अंदर से गायब थी। उसके बाद मुझे मैदान पर अच्छा समय मिला और फिर बस उसी लय को मैंने जारी रखा। और जयपुर में वही लय साफ दिखी। जीटी ने सातवें ओवर में राशिद के गेंदबाजी पर आने तक तीन विकेट ले लिए थे। उन्हें पता था कि पिच से मदद मिल रही है। हालांकि आरआर ने तब तक 12-28 की रन रेट से 86 रन बना लिए थे। राशिद ने अपने पहले ही ओवर में दो बल्लेबाजों को बोल्ड कर दिया। उन्होंने तेज शुरुआत कर चुके ध्रुव जुरेल को चकमा दिया और फिर डोनोवन घ्रेरा को लेगब्रेक पर पूरी तरह बीट कर दिया। 230 रन का पीछा कर रही आरआर की टीम इसके बाद कभी संभल नहीं सकी। राशिद ने कहा कि हां, जैसे ही मैंने पहली गेंद डाली, मुझे पता चल गया कि यहां मेरे लिए कुछ मदद है।

# चीन को हराकर भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम ने जीता स्वर्ण पदक

**शंघाई (चीन), वार्ता।** दीपिका कुमारी, अंकिता भक्त और कुमकुम मोहोद वाली भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को शूट-ऑफ में मेजबान चीन को हराकर शंघाई में हुए तीरंदाजी विश्व कप 2026 में स्वर्ण पदक जीता।

यहां खेले गए मुकाबले में चौथी सीड वाली भारतीय तिकड़ी ने, झू जिगई, हुआंग युवेई और यू की की युवा दूसरी सीड वाली चीनी तीरंदाजी टीम के खिलाफ, चार सेट के आखिर में 4-4 से बराबरी पर रहने के बाद 28-26 से शूट-ऑफ जीता। अंकिता भक्त, जो पेरिस 2024 ओलंपिक्स में धीरज बोम्मादेवरा के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथे स्थान




पर रही थीं, ने शूट-ऑफ की शुरुआत 9 से की, जिसके बाद कुमकुम ने 10 का स्कोर किया। जीत सुनिश्चित करने के लिए 8 की जरूरत थी, चार बार की ओलंपियन दीपिका ने 9 का स्कोर करके जीत पक्की की। यह दीपिका का 39वां तीरंदाजी विश्व. कप पदक है,

अंकिता का आठवां और कुमकुम मोहोद का पहला। महिला टीम रिकर्व आर्चरी सेमीफाइनल में, भारत ने 10 बार की ओलंपिक चैंपियन और टॉप सीड साउथ कोरिया को 5-1 से हराया था।

रविवार को मिले स्वर्ण पदक के साथ, भारत ने विश्वकप 2026 सीरीज के शंघाई लेग को दो पदक के साथ खत्म किया। भारत के साहिल जाधव ने शनिवार को पुरुषों के इंडिविजुअल कंपाउंड इवेंट में कांस्य पदक जीता। इस बीच, सिमरनजीत कौर रविवार को दक्षिण कोरिया की जांग मिन्ही - जो पहले वर्ल्ड चैंपियन और ओलंपिक टीम स्वर्ण पदक विजेता के खिलाफ मैच 6-4 से हारने के बाद कांस्य पदक से चूक गईं।

# सिनर ने में जीत के साथ इतिहास रचने की मुहिम शुरू की

**रोम, वार्ता।** दुनिया के नम्बर एक खिलाड़ी जानिक सिनर ने इटेलियन ओपन के दूसरे राउंड में सेबेस्टियन ओफनर के खिलाफ सीधी जीत के साथ टेनिस के इतिहास में और ऊंचा मुकाम हासिल करने की अपनी मुहिम शुरू की। रोम में जीत का मतलब होगा कि सिनर नोवाक जोकोविच के बाद सिर्फ दूसरे ऐसे खिलाड़ी बन जाएंगे जो अपने करियर का 'गोल्डन मास्टर्स' पूरा करेंगे, यानी सभी नौ मास्टर्स 1000 इवेंट जीतेंगे।

बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, यह इटेलियन खिलाड़ी इस समय पुरुषों के टूर पर जबरदस्त फॉर्म में है, उसने पिछले पांच मास्टर्स इवेंट जीते हैं और इस सीजन में सिर्फ दो मैच हारे हैं। खचाखच भरे स्टेडियम के सामने, सिनर ने ऑस्ट्रिया के ओफनर को 6-3, 6-4 से हराकर मास्टर्स इवेंट में अपनी लगातार 29वीं जीत दर्ज की। सिनर को इस मैच में किसी भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने अपनी पहली सर्विस पर सिर्फ छह पॉइंट गंवाए। 24 साल के इस खिलाड़ी ने पिछले साल रोम में तीन महीने के डोपिग बैन से वापसी के बाद फाइनल तक का सफर तय किया था, लेकिन वह अपने प्रतिद्वंद्वी कार्लोस अल्काराज से हार गए थे। सिनर ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत ही खास टूर्नामेंट रहा है, जिसकी शुरुआत काफी पहले एक वाइल्डकार्ड के साथ हुई थी। हर साल जब आप यहां आते हैं, तो आप थोड़ा पीछे मुड़कर सोचते हैं। मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। चलिए देखते हैं कि अगले राउंड में क्या होने वाला है। सिनर का अगला मुकाबला 26वीं सीड याकूब मेन्सिक - जो इस साल जोकोविच के अलावा उन्हें हराने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं, या ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपीरिन से होगा। सिनर अक्टूबर 2025 में शंघाई के बाद से किसी भी मास्टर्स 1000 इवेंट में नहीं हारे हैं और इस स्तर पर अपने पिछले 60 सेटों में से 58 जीते हैं। पिछले कुछ महीनों में कोई भी सिनर को चुनौती नहीं दे पाया है( पिछले महीने मोंटे कार्लो में जीत के साथ इस इतालवी खिलाड़ी ने अल्काराज से दुनिया का नम्बर एक स्थान वापस हासिल कर लिया है। चूंकि अल्काराज चोट के कारण फ्रेंच ओपन से बाहर हो गए हैं।

### पुण्यतिथि पर कार्तिशेष पूर्व राज्यमंत्री मनोहर लाल शर्मा की प्रतिमा का अनावरण

# हमेशा याद रहेगा मनोहर लाल शर्मा का शिक्षा क्षेत्र में योगदान : कौशिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएसम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन एवं पूर्व राज्यमंत्री कार्तिशेष मनोहर लाल शर्मा की पुण्यतिथि पर बी.एस. एम. डिग्री कॉलेज के प्रांगण में आज एक गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के दिवंगत अध्यक्ष, प्रबंधक कीर्तिशेष मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट की भव्य प्रतिमा का अनावरण करने के साथ एक एंबुलेंस भी जनहित में दी गयी वहीं संस्थान में लगायी गयी एक लिफ्ट का उदघाटन करने के साथ संस्थान ने एक नवनिर्मित एक हाल का भी उदघाटन कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक व संस्थान के चेयरमैन ममतेश शर्मा एडवोकेट व सचिव रजनीश शर्मा एडवोकेट व उनके परिजनों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षा जगत की प्रमुख हस्तियां, कॉलेज का स्टाफ और भारी संख्या में छात्र एवम जन समूह उपस्थित रहे। इस अवसर पर उनकी स्मृति में सुविधाओं को और भी लचीला करने के लिए कॉलेज में एक लिफ्ट का भी उद्घाटन किया गया। कैबिनेट मंत्री द्वारा पूज्य बाबू जी की पुण्य तिथि के अवसर पर एक नई एम्बुलेंस का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया गया। इस अवसर पर कोटेक फार्मा के मैनिजिंग डायरेक्टर हर्ष तिवारी भी उपस्थित रहे।



कार्तिशेष पूर्व राज्यमंत्री मनोहर लाल शर्मा की मूर्ति का अनावरण करते कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक व संस्थान के चेयरमैन ममतेश शर्मा व सचिव रजनीश शर्मा व परिजन

**❖कार्तिशेष मनोहर लाल शर्मा राज्य के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद एवं समाजसेवी हस्तियों में शीर्ष पर थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन शिक्षा के प्रचार-प्रसार में समर्पित कर दिया : कैबिनेट मंत्री**

**❖पिता जी ने समाज सेवा व शिक्षा के बढ़ावे के लिए जो भी संस्थान बनाए उनको आगे बढ़ाने के लिए ईमानदारी जिम्मेदारी से काम करेंगे : ममतेश**



कार्तिशेष पूर्व राज्यमंत्री मनोहर लाल शर्मा की याद में एंबुलेंस का सुभारंभ करते कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक व संस्थान के चेयरमैन ममतेश शर्मा व सचिव रजनीश शर्मा व परिजन

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने रिबन काटकर प्रतिमा का अनावरण करते हुए मदन कौशिक व जनसमूह ने प्रबंधक की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कीर्तिशेष बाबू मनोहर लाल शर्मा की प्रतिमा का अनावरण आचार्य पण्डित बासुदेव पन्त द्वारा विधि-विधान से मन्त्रोंचारण के साथ किया गया। कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि पूज्य बाबू मनोहर लाल शर्मा राज्य के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद एवम समाज सेवी हस्तियों में शीर्ष पर थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन शिक्षा के प्रचार-प्रसार में समर्पित कर दिया। मैं जब भी किसी कार्य के लिए उनके पास गया कभी भी उन्होंने मुझे निराश नहीं किया। असम्भव कार्य को भी उन्होंने चुटकी में संपन्न कर दिया। किसी भी संस्थान की नींव उसके दूरदर्शी नेतृत्व पर टिकी होती है। बाबू जी ने न केवल इस कॉलेज की स्थापना की, बल्कि इसे अनुशासन और उच्च शिक्षा का एक आदर्श केंद्र बनाया। यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को उनके आदर्शों और कड़े परिश्रम की याद दिलाती रहेगी। प्रतिमा अनावरण के दौरान कॉलेज का स्टाफ काफी भावुक नजर आया। प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट एवम कॉलेज के सचिव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रबंधक जी का सपना इस क्षेत्र के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना था और यह संस्थान उनके पदचिन्हों पर चलने के लिए संकल्पित है।



बीएसएम शिक्षण संस्थान में लगाई गई लिफ्ट का उद्घाटन करते कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक व संस्थान के चेयरमैन ममतेश शर्मा व सचिव रजनीश शर्मा व परिजन

उन्होंने कहा कि, यह प्रतिमा केवल एक पत्थर की मूरत नहीं है, बल्कि हमारे पथ-प्रदर्शक के आदर्शों और शिक्षा के प्रति उनके अटूट समर्पण का प्रतीक है। पूज्य बाबू जी का सपना था कि यह कॉलेज एक यूनिवर्सिटी का रूप ले, उनके इस सपने को पूर्ण करने के लिए हम अथक प्रयास करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम में राम कुमार शर्मा, संजीव शर्मा एडवोकेट विनय कुमार शर्मा एडवोकेट, भानु प्रताप गौतम एडवोकेट, देवेश गौतम एडवोकेट, बी. एस. एम बी. एड कॉलेज की प्राचार्या ममता जोशी, बी. एस. एम डिग्री कॉलेज की प्राचार्या शिखा जैन, बी. एस. एम इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक , नेदेशक इंजीनिरिंग कॉलेज राजा राम, डॉ. अभय ढौंडियाल, शैलेन्द्र पन्त, शहजाद, पवन हांडा, सुशील त्यागी, धीर सिंह, कमल मिश्रा, डॉ. उदयन, अमित कपिल, प्रमोद कुमार शर्मा, विशेष कुमार, विनय कुमार, मोहित कुमार, विकास गौतम, नितिन मिश्रा, अंकित कौशिक आदि मौजूद रहे।



कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक को कार्यक्रम में शिरकत करने आते वक्त सम्मान के साथ लाते एनसीसी कैडेट व संस्थान के चेयरमैन ममतेश शर्मा व सचिव रजनीश शर्मा व परिवारजन



कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक को सम्मानित करते संस्थान के चेयरमैन ममतेश शर्मा व सचिव रजनीश शर्मा व परिवारजन



कार्तिशेष पूर्व राज्यमंत्री मनोहर लाल शर्मा की मूर्ति का अनावरण से पूर्व पूजा करते कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक व संस्थान के चेयरमैन ममतेश शर्मा व सचिव रजनीश शर्मा व परिवारजन

## निशुल्क आंखों का शिविर आयोजित

**झबरेडा।** रविवार को कस्बा झबरेडा स्थित सरस्वती राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के परिसर में एक नि:शुल्क नेत्र जाँच एवं ऑपरेशन शिविर लगाया गया। शुभारंभ कांग्रेस विधायक वीरेंद्र जाती ने किया गया। नेत्र जांच शिविर प्रात: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला। विधायक विरेन्द्र जाती ने बताया कि शिविर में देहरादून के प्रसिद्ध श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल के अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों की टीम द्वारा आँखों की बारीकी से जाँच की गई और विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उचित परामर्श दिया गया। जिन मरीजों को मोतियाबिंद या अन्य ऑपरेशन की आवश्यकता देखी गई, उन्हें नि:शुल्क ऑपरेशन की सुविधा भी प्रदान की गई है। विधायक ने इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी नारसन को पत्र लिखकर निर्देशित किया गया था।

## सोलानी नदी के पुल से नीचे गिरी कार, पांच घायल

**लंढौरा।** रुड़की-लक्सर मार्ग पर स्थित सोनाली नदी के पुल पर उस वक्त चीख-पुकार मच गई जब तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर पुल से नीचे नदी में जा गिरी। हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए, जिसमें सवार पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108 की सहायता से उपचार हेतु रुड़की के सिविल अस्पताल पहुंचाया। वही पुलिस हादसे के कारणों की जांच पड़ताल कर रही है।

रविवार की दोपहर रुड़की की ओर जा रही वेन्यू कार चालक का अचानक नियंत्रण बिगड़ा और देखते ही देखते कार पुल की रेलिंग तोड़ते हुए सीधे नदी में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई लोगों की भीड़ जमा होने के कारण पुल पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची लक्सर पुलिस ने राहगीरों व स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद सभी घायलों को कार से बाहर निकाला गया। और 108 एंबुलेंस के जरिए रुड़की के सिविल अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के बाद नदी में गिरी कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जिसे बाद में ट्रैक्टर की मदद से नदी से बाहर निकाला गया। लक्सर कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक नितिन चौहान ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। कार में कुल पांच लोग सवार थे, जिन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की पहचान रचना पत्नी जसवीर निवासी मुंडाखेड़ा खुर्द, सोनी पत्नी अनिल निवासी दाबकी महेश्वरी, कोमल पत्नी अमन निवासी मारकपुर, श्रीकांत पुत्र सुरेश निवासी बिजनाखेड़ी थाना नकुड़ सहारनपुर और अनिल पुत्र राजेंद्र निवासी दाबकी महेश्वरी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस हादसे के कारणों की जांच पड़ताल कर रही है।

## गंगनहर पुलिस ने दो गैंगस्टर पकड़े

**रूडकी।** गंगनहर पुलिस बडी कार्यवाही गोकशी करने वाले 02 गैगस्टर अपराधी गिरफ्तार किया है। ग्राम सफरपुर सुभान पुत्र घसीटा व अब्बास पुत्र अल्लादिया गोकशी के कार्य मे लिप्त थे जिनके विरुद्ध थाना कोतवाली गंगनहर पूर्व मे गोकशी के अभियोग दर्ज है परन्तु वर्तमान समय मे भी गोकशी के कार्य मे लिप्त होने के कारण निम्नलिखित अपराधियो के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अपराधियो की गिरफ्तार हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा टीम का गठन किया गया था जिसके फलस्वरुप गंगनहर पुलिस द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत 0 2 गैगस्टर अभियुक्त गण को गिरफ्तार किया गया।

## लक्सर पुलिस ने दो वारंटीयों को दबोचा

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर दो वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया है लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने बताया पुलिस मुख्यालय द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत चलाए गए अभियान को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा वारंटियों की धर पकड़ के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए दो वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया है जिनके नाम पुष्पेंद्र सिंह पुत्र समेरचंद निवासी सलेमपुर बक्काल थाना कोतवाली लक्सर मुकेश पुत्र जैतराम निवासी अकबरपुर ऊद थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताएं उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में अउप निरीक्षक रंजीत नौटियाल कांस्टेबल अरुण चौहान मोहित खंतवाल शामिल रहे।

## कलियर विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** विधायक हाजी फुरकान अहमद ने विधानसभा क्षेत्र के मुकर्रबपुर में राज्य योजना से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। लंबे समय से मांग में रही इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

पिरान कलियर विधानसभा क्षेत्र के मुकर्रबपुर में विधायक हाजी फुरकान अहमद ने राज्य योजना से बनने वाली इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क का शिलान्यास किया। विधायक फुरकान अहमद ने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग कर रही थी। जनहित और लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य योजना के तहत इस कार्य को स्वीकृति दिलाई गई है। सड़क बनने से आवागमन होगा और स्थानीय लोगों को काफी लाभ मिलेगा।उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा विकास और जनकल्याण को प्राथमिकता देती रही है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 में उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार बनेगी और प्रदेश में विकास की नई शुरुआत होगी।इस मौके पर अमजद ,मुबारिक,वरीस ,अय्यूब,शहजाद,सफीक अहमद,मुर्सलीन,भुरू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहें।नाम शराफत पुत्र बशीर निवासी टर कास्टेबल सुनील प्रकाश शामिल रहे।



### अशासकीय विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन उत्तराखंड के प्रथम प्रांतीय अधिवेशन में शिक्षा व्यवस्था पर हुई चर्चा

# प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में अशासकीय विद्यालयों का अहम योगदान : मदन

### शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के बीच खाई को मिटाने के लिए करेंगे काम : प्रदीप बत्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अशासकीय विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन उत्तराखंड के प्रथम प्रांतीय अधिवेशन में पंचायती राज मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में अशासकीय विद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। हाई स्कूल-इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा फल व छात्र संख्या की दृष्टि से अशासकीय विद्यालयों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

बीएसएम इंटर कॉलेज रुड़की में एसोसिएशन के प्रांतीय अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए पंचायती राज मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि अशासकीय विद्यालयों की अहम समस्याओं के निराकरण के लिए शीघ्र ही मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से संगठन पदाधिकारियों की वार्ता करायी जाएगी स कार्यक्रम अध्यक्ष परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने अशासकीय विद्यालयों के शानदार प्रदर्शन के लिए प्रबंध समितियों को साधुवाद देते हुए कहा कि उनके उत्थान के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे तथा उनकी हर संभव मदद की जाएगी स उन्होंने शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के बीच की खाई को समाप्त करने का आश्वासन भी दिया स उन्होंने भी ज्ञापन में अंकित समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया स अधिवेशन की शुरुआत दोनों मंत्रियों व संगठन पदाधिकारियों ने सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर व कीर्तिशेष पूर्व राज्य मंत्री बी एस एम शिक्षण संस्थान अध्यक्ष पंडित मनोहर लाल शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई स प्रांतीय संरक्षक चंद्र मोहन सिंह पयाल ने एसोसिएशन की ओर से मांग पत्र का वाचन कर कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक व प्रदीप बत्रा को ज्ञापन सौपा स मांग पत्र में मुख्य रूप से भर्तियों के लिए प्रस्तावित चयन बोर्ड गठन की समाप्ति, प्रबंध समितियों का कार्यकाल 3 वर्ष के स्थान पर 5 वर्ष करने, अवैधानिक 90 दिनों से अधिक रिक्त पदों के पुनर्जीवित करने संबंधी तुगलकी आदेश को निरस्त करने एवं पी टी ए शिक्षको के मानदेय बढ़ाने व विनियमितीकरण करने, शीघ्र खाली पड़े पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई स प्रदेश अध्यक्ष एवं बी एस एम शिक्षण संस्थान अध्यक्ष ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि सरकार तथा विभाग की अशासकीय विद्यालयों का अस्तित्व समाप्त करने की मंशा को किसी भी कीमत पर पूरा नहीं होने दिया जाएगा स प्रांतीय महामंत्री संजीव विरमानी एडवोकेट ने कहा कि यदि सरकार ने उनकी न्याय उचित मांगे नहीं मानी तो अपने अधिकारों की मांग पूरी कराने के लिए संगठन द्वारा शीघ्र प्रदेश स्तर पर जनहित में व्यापक आंदोलन किया जाएगास मेयर प्रतिनिधि ललित मोहन अग्रवाल ने संगठन को अस्वस्थ किया कि वह मुख्यमंत्री से तथा शिक्षा मंत्री से मिलकर प्रबंध समितियों का कार्यकाल 3 वर्ष से बढाकर 5 वर्ष जरूर करा कर छोड़ेंगे स कार्यक्रम संयोजक एवं बी एस एम शिक्षण संस्थान सचिव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट व मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया स विभिन्न जनपदों के जिला अध्यक्ष व जिला मंत्रियों ने जनपदों की समस्याओं पर प्रकाश डाला स प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी डॉक्टर घनश्याम गुप्ता तथा अभय ढोढ़ियाल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन कियास इस अवसर पर प्रधान विजय कुमार, अरविंद राठी,अशोक जोशी, अंकित भंडारी, अनुराग गोयल, किशन सिंह रावत, श्यामलाल कुकरेती, बचन सिंह बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य पौड़ी,कुलदीप सिंह नेगी, दलीप सिंह भंडारी, राकेश मोहन डबराल, महावीर सिंह मेहता, अश्वनी चौहान, दिनेश डोबरियाल, दीपक बिष्ट, अजीत सिंह, राम प्रसाद नौटियाल, शोभित मांगलिक, प्रवीन जैन वासुदेव पंत, विजेंद्र गुसाई, राजकुमार चौहान एडवोकेट, तरसेम सिंह चौहान एडवोकेट, गुरदयाल सिंह, सूबा सिंह, नवीन अग्रवाल, डॉक्टर एन के शर्मा, जयंत चौहान जिला पंचायत सदस्य, डॉ दीपक शर्मा, सुंदरलाल, कुलबीर सिंह, दीपक पोखरियाल, स्वर्ण कौर, डॉक्टर ममता जोशी, विनय मोहन थपलियाल, सोमेंद्र सिंह पवार, देवेंद्र सिंह पवार, प्रधान भंवर सिंह, पदम सिंह पवार आदि अधिवेशन में उपस्थित रहे।





# सम्पादकीय

## हाशिये पर महिलाएं

महिला आरक्षण को लेकर लंबे समय से देश में बहस चलती रही है। लगभग हर राजनीतिक दल समय-समय पर महिलाओं को राजनीति में बराबरी का अधिकार देने की बात करता है और संसद से लेकर सार्वजनिक मंचों तक महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जब इन दावों की वास्तविकता चुनावों के दौरान टिकट वितरण में दिखाई देती है, तब राजनीतिक दलों की कथनी और करनी के बीच का अंतर साफ नजर आने लगता है। हाल ही में पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि महिला आरक्षण की जोरदार पैरवी करने वाले अधिकांश राजनीतिक दल वास्तव में महिलाओं को उनका उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए गंभीर नहीं हैं। इन चुनावों में कुल 824 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ, लेकिन महिलाओं को उम्मीदवार बनाने के मामले में लगभग सभी दलों का रवैया निराशाजनक रहा। महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग करने वाले दल खुद टिकट वितरण में इस आंकड़े के आसपास भी नहीं पहुंच सके। कई दल तो महिलाओं को कुल टिकटों का आधा हिस्सा भी नहीं दे पाए। इससे साफ जाहिर होता है कि महिलाओं के अधिकारों और राजनीतिक भागीदारी को लेकर राजनीतिक दलों की प्रतिबद्धता केवल भाषणों और घोषणाओं तक सीमित है। पश्चिम बंगाल का उदाहरण सबसे अधिक चर्चा में रहा। यहां सत्तारूढ़ दल ने 294 सीटों में से केवल 33 महिलाओं को टिकट दिए, जबकि दूसरी प्रमुख पार्टी ने 291 सीटों में 52 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया। आंकड़ों पर नजर डालें तो यह संख्या कुल सीटों की तुलना में बहुत कम है। चुनाव परिणामों में भी महिलाओं की भागीदारी बेहद सीमित दिखाई दी और विधानसभा में पहुंचने वाली महिला प्रतिनिधियों का प्रतिशत दस फीसदी के आसपास ही सिमट गया। यह स्थिति उस राज्य की है जहां महिला नेतृत्व और महिला सशक्तिकरण की सबसे ज्यादा बातें की जाती हैं। तमिलनाडु में भी हालात बहुत अलग नहीं रहे। सत्ता के करीब पहुंचने का दावा करने वाली पार्टी ने 234 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन केवल 24 महिलाओं को टिकट दिया। इसी तरह असम में सत्ता में आई गठबंधन सरकार ने बेहद कम महिलाओं को उम्मीदवार बनाया। वहीं खुद को प्रगतिशील और उदारवादी बताने वाले दल भी महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने में पीछे दिखाई दिए। यह तस्वीर बताती है कि विचारधारा चाहे जो भी हो, महिलाओं को राजनीति में बराबरी देने के सवाल पर लगभग सभी दलों का रवैया एक जैसा है। महिलाओं को कम टिकट मिलने का सीधा असर चुनाव परिणामों पर भी दिखाई देता है। जब महिलाओं को पर्याप्त संख्या में चुनाव लड़ने का अवसर ही नहीं मिलेगा, तो स्वाभाविक रूप से विधानसभाओं और संसद में उनकी भागीदारी भी सीमित रहेगी।

## अनाज के ढेर पर बैठी भूखी दुनिया





प्रो. आर.के. जैन

सभ्यता की चकाचौंध के बीच दुनिया एक खामोश त्रासदी जी रही है। खेतों में रिकॉर्ड अनाज उग रहा है, खाद्य कंपनियां लगातार विस्तार कर रही हैं और बाजार रंग-बिरंगे पैकेटों से भरे पड़े हैं, फिर भी करोड़ों लोग भूख की यातना सहने को मजबूर हैं। यह केवल आर्थिक विषमता नहीं, बल्कि विकास के खोखले मॉडल की सबसे बड़ी हार है। अधिक उत्पादन की लालसा ने जंगल उजाड़े, जलस्रोत खत्म किए और मिट्टी की जीवनशक्ति घटा दी। अब प्रकृति भी उसी विनाश का जवाब दे रही है। कहीं लू फसलें झुलसा रही है तो कहीं बाढ़ महीनों की मेहनत बहा ले जाती है। भूख और पर्यावरण विनाश का यह दुष्चक्र अब इतना भयावह हो चुका है कि यदि इसे समय रहते नहीं तोड़ा गया, तो आने वाला दौर मानव इतिहास का सबसे अंधकारमय अध्याय बन सकता है।

मानव सभ्यता की सबसे भयावह तस्वीर आज आंकड़ों में कैद दिखाई देती है। वर्ष 2025 में लगभग 266 मिलियन लोग तीव्र खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे थे, जबकि संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 673 मिलियन लोग लगातार भूख का सामना कर रहे हैं। अफ्रीका में हर पांचवां व्यक्ति भोजन संकट में जी रहा है। 35.5 मिलियन बच्चे कुपोषण के शिकार हैं और करीब 10 मिलियन गंभीर स्थिति में हैं। सबसे दर्दनाक तथ्य यह है कि दुनिया की अधिकांश भूख केवल 10 देशों में सिमट चुकी है। यह केवल भोजन की कमी नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था की विफलता का प्रमाण है। युद्ध, आर्थिक संकट, बेरोजगारी और जलवायु आपदाएं मिलकर भूख को ऐसा हथियार बना चुकी हैं, जो इंसानी अस्तित्व को भीतर से तोड़ रहा है। अब भूख किसी गरीब राष्ट्र की समस्या नहीं, बल्कि असंतुलित वैश्विक विकास का सबसे भयावह चेहरा बन चुकी है। मानवता को भोजन देने वाली व्यवस्था अब पृथ्वी के विनाश का बड़ा कारण बन चुकी है। वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 26 प्रतिशत हिस्सा खाद्य प्रणाली से आता है। कृषि अकेले पृथ्वी की आधी रहने योग्य भूमि और 70 प्रतिशत मीठे पानी का उपयोग करती है। वर्ष 2022 में एग्रीफूड सिस्टम ने करीब 16।2 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड समकक्ष उत्सर्जन किया था। पशुपालन से निकलने वाली मीथेन, रासायनिक उर्वरकों से पैदा नाइट्रस ऑक्साइड और जंगलों की कटाई से बढ़ती कार्बन डाइऑक्साइड धरती को लगातार गर्म कर रही हैं। तापमान में हर अतिरिक्त डिग्री वृद्धि प्रति व्यक्ति लगभग 120 कैलोरी प्रतिदिन घटा देती है। यानी अधिक उत्पादन की दौड़ ही भविष्य का भोजन निगल रही है। बदलता जलवायु चक्र अब भूख को और भयावह बना रहा है। मौसम अब अनुमान नहीं, भय का विषय बन चुका है। कहीं महीनों तक बारिश नहीं होती तो कहीं कुछ घंटों की वर्षा पूरी खेती बहा ले जाती है। लू, सूखा, चक्रवात और बाढ़ लगातार फसलों को नष्ट कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार अमीर देशों में 41 प्रतिशत और गरीब देशों में 28 प्रतिशत तक उपज क्षमता घट सकती है। सबसे बड़ा संकट छोटे किसानों पर है, जिनके पास न आधुनिक तकनीक, न बीमा और न पर्याप्त संसाधन हैं। कई संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में भूख को हथियार बनाया जा रहा है। यदि यही स्थिति रही, तो वर्ष 2030 तक लगभग 512 मिलियन लोग भूख की चपेट में आ सकते हैं। पर्यावरण विनाश और भूख अब एक ही संकट के दो चेहरे हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि एक ओर करोड़ों लोग भूखे सोते हैं, वहीं दूसरी ओर भोजन कूड़े में फेंक दिया जाता है। दुनिया में उत्पादित भोजन का लगभग एक-तिहाई हिस्सा बर्बाद हो जाता है। यह अपव्यय 8-10 प्रतिशत उत्सर्जन के बराबर है। अमीर देशों की थालियों से फेंका गया भोजन गरीब देशों के बच्चों की भूख बनता है। उधर मिट्टी की उर्वरता घट रही है, भूजल स्तर गिर रहा है और जैव विविधता खत्म हो रही है। रासायनिक खेती ने उत्पादन बढ़ाया लेकिन मिट्टी कमजोर की। अब टिकाऊ विकल्प जरूरी हैं। यदि दुनिया को इस संकट से निकलना है, तो भोजन को व्यापार नहीं, मानव अस्तित्व की जिम्मेदारी मानना होगा। अन्यथा भूख का यह संकट वैश्विक स्थिरता तोड़ देगा। विनाश के बढ़ते साए में रिजनरेटिव कृषि सबसे बड़ी आशा बन चुकी है। यह केवल खेती की तकनीक नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन की नई राह है। कवर क्रॉपिंग, फसल चक्रण, नो-टिल फार्मिंग, एग्रोफॉरेस्ट्री और प्रिसीजन फार्मिंग मिट्टी को फिर जीवंत बना रही हैं। स्वस्थ मिट्टी अधिक कार्बन सोखती है, कम पानी में बेहतर उत्पादन देती है और जलवायु संकट झेलने की क्षमता बढ़ाती है। माइक्रोबियल इनोकुलेशन और विविध फसल प्रणाली जैव विविधता मजबूत कर रही हैं। क्लाइमेट-स्मार्ट कृषि छोटे किसानों को मौसम पूर्वानुमान, सटीक सिंचाई और बेहतर बाजार से जोड़ रही है। शोध बताते हैं कि सूखे में भी रिजनरेटिव खेत पारंपरिक खेतों से अधिक उत्पादक रहे।

## श्रीमुख से...

### विस्तार में मुख्यमंत्री की कोई भूमिका नहीं



उप्र में मंत्रिपरिषद विस्तार में मुख्यमंत्री की कोई भूमिका नहीं रह गई है और फैसले ऊपर से आने वाली पर्चियों के आधार पर हो रहे हैं, समय बिताने के लिए करना है कुछ काम, वैसे भी मंत्रिमंडल के विस्तार में तो इनका कोई काम है नहीं, उधर से पर्ची आएगी, यहां तो सिर्फ पढ़ी जाएगी, भाजपा राज में वैसे भी सीएम का मतलब बस यही रह गया है, कूरियर मैसेंजर, जनता पूछ रही है कि फिल्म सबसे आगे बैठकर देखेंगे या पीछे बैठकर साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म ध्यान से देखिएगा, हो सकता है कर्मफल-कंसफल का सिद्धांत समझ में आए और कुछ सकारात्मक बदलाव देखने को मिले, मूल रूप से व्यक्ति नहीं, बल्कि उसका लालच और लोभ बुरा होता है, जो दुराचरण का रूप ले लेता है।

-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**

पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड
मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

## देश में लोकतंत्र : हकीकत या केवल भ्रम



तनवीर जाफरी

पिछले दिनों देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए। इनमें सबसे अधिक चर्चा पश्चिम बंगाल चुनाव परिणामों की रही। चर्चा का कारण था पश्चिम बंगाल राज्य में पहली बार दक्षिणपंथी भारतीय जनता पार्टी का सत्ता में आना।

दरअसल पश्चिम बंगाल एक ऐसा राज्य है जहां प्राय: धर्मनिरपेक्ष सत्तारूढ़ दलों का लंबे समय तक राज करने का इतिहास रहा है। मिसाल के तौर पर स्वतंत्रता के बाद 1947 से लेकर 1977 तक यानी लगभग 30 वर्षों तक यहां लगातार कांग्रेस की सरकार रही। कांग्रेस शासन में बिधान चंद्र रॉय, प्रफुल्ल चंद्र सेन, और सिद्धार्थ शंकर रे जैसे दिग्गज नेता राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। बाद में 1977 में कांग्रेस को हराकर वाम मोर्चा सत्ता में आया और लगातार 34 वर्षों वामपंथी सरकार का शासन रहा। उसके बाद कांग्रेस छोड़कर अपनी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी ने मई 2011 में सत्ता संभाली और मई 2026 तक यानी लगातार 15 वर्षों तक पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया है। लगातार तीन कार्यकालों तक सत्ता संभालने वाली राज्य की वह पहली महिला मुख्यमंत्री भी रही हैं। 1947 से लेकर 2026 तक राज्य में जितनी भी सरकारें बनीं वे सभी धर्मनिरपेक्ष सरकारें थीं परन्तु यह पहला मौका है जबकि दक्षिणपंथी विचारधारा की भाजपा ने यहां सत्ता संभाली है। 2014 में केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद जिसतरह सत्ता व अनेक सरकारी संस्थाओं का दुरूपयोग कर,दूसरे राजनैतिक दलों में फूट डालकर या तोड़फोड़कर,भय लालच आदि के बल पर यहां तक कि राज्यपालों के पद का खुला राजनैतिक दुरूपयोग कर देश के अनेक राज्यों में भाजपा द्वारा अपनी सरकारें बनाई गई हैं उसे देखकर पश्चिम बंगाल में भाजपा की इस बार सरकार बनना कोई खास आश्चर्य का विषय नहीं होना चाहिए।

वैसे भी जिस तरह भाजपा को अपनी मनपसंद यानी साम्प्रदायिकता की पिच पर यहां खेलने का मौका मिला उसमें निश्चित रूप से उसे महारत हासिल हो चुकी है। जिन सुवेन्दु अधिकारी को भाजपा ने अपना पहला मुख्यमंत्री बनाया है वह भी मूल रूप से तृणमूल कांग्रेस के ही नेता थे परन्तु 2020 में भाजपा में शामिल होकर उन्होंने राज्य में भाजपा के आधार का विस्तार किया। यह वही सुवेन्दु अधिकारी हैं जिन्हें 2014 में नारदा स्टिंग ऑपरेशन मामले में एक फर्जी कंपनी के प्रतिनिधियों से रंगे हाथ नकद रिश्वत लेते हुए एनडीटीवी के मैथ्यू सैमुअल द्वारा किए गए स्टिंग वीडीओ में दिखाया गया था। 2016 में बंगाल में एक चुनावी सभा में नरेंद्र मोदी ने सुवेन्दु जैसे भ्रष्ट व रिश्वतखोर नेताओं का जिक्र भी किया था। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मार्च 2017 में नारदा स्टिंग ऑप्रेशन की सीबीआई जांच के आदेश भी दिए थे। स्टिंग ऑप्रेशन के बाद, तृणमूल कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ-साथ सुवेन्दु अधिकारी से भी सीबीआई व ईडी ने पूछताछ की थी। बाद में चूंकि सुवेन्दु अधिकारी भाजपा में शामिल हो गए इसलिए उन्हें इस मामले में गिरफ्तार नहीं किया गया। सीबीआई ने 2021 में बताया भी कि उन्होंने सुवेन्दु अधिकारी और मुकुल रॉय के खिलाफ जांच के लिए सरकार से आवश्यक मंजूरी न मिलने के कारण कार्रवाई नहीं की। गोया भाजपा की वाशिंग मशीन से पाक साफ होने वाले नेताओं में सुवेन्दु अधिकारी भी मुख्य नेता हैं।

इस समय राज्य में भाजपा के निर्वाचित 207 विधायकों में लगभग 35 विधायक ऐसे हैं जो 2021-2026 के बीच या उससे पहले तृणमूल, कांग्रेस या वामपंथी दलों से आए हुए दलबदलू हैं। बहरहाल सुवेन्दु अधिकारी अपनी जिस विशेषता के चलते भाजपा की आंखों का तारा बने हैं वह है उनके घोर जहरीले व साम्प्रदायिकतावादी बयान। चुनाव प्रचार से लेकर चुनाव जीतने तक उन्होंने जैसी भाषा का प्रयोग किया है वह किसी धर्मनिरपेक्ष लोकतान्त्रिक देश के किसी नेता की भाषा कतई नहीं कही जा सकती। जैसे कि नंदीग्राम में अपनी जीत के बाद, उन्होंने कहा कि मुसलमान मतदाता कट्टरपंथी हैं और उन्होंने टीएमसी को एकतरफा वोट दिया है। उन्होंने कहा कि नंद. ीग्राम की हिंदू जनता ने मुझे फिर से जिताया। वहां मुसलमान वोट पूरा का पूरा TMC को मिला। इसलिए, मैं अब नंदीग्राम के हिंदुओं के लिए काम करूंगा। इसी तरह उन्होंने मतदान के दौरान एक अत्यंत विवादास्पद बयान देते हुए कहा था कि हिंदू वोट एकजुट होकर बीजेपी को मिले और मुस्लिम वोट टीएमसी को। उन्होंने एक जनसभा के दौरान मुसलमानों को कट्टरवादी कहते हुए कहा था कि कट्टर मुसलमान ममता बनर्जी के साथ हैं। भाजपा की जीत के बाद उन्होंने यह भी कहा था कि वह राज्य के अल्पसंख्यकों के लिए नहीं, बल्कि हिंदुत्व के लिए काम करेंगे। सुवेन्दु अधिकारी की मुसलमानों के प्रति नफरत की पराकाष्ठा को उनके दिसंबर 2025 के उस बयान से भी समझा जा सकता है जिसमें उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमलों के विरोध में कोलकता में आयोजित एक रैली के दौरान कहा था कि बांग्लादेश को भी ष्उसी तरह सबक सिखाया जाना चाहिए जैसे इजराइल ने गजा को सिखाया। उन्होंने आगे कहा कि हमारे 100 करोड़ हिंदू और हिंदू हितों के लिए काम कर रही सरकार को उन्हें वैसे ही सबक सिखाना चाहिएश्। जरा सोचिए जिस गजा नरसंहार को लेकर दुनिया के कई प्रमुख देश इस्राईल से रिश्ते खत्म कर रहे हैं, जिस गजा नरसंहार की वजह से अंतर्राष्ट्रीय अदालत ने इस्राईली प्रधानमंत्री के विरुद्ध वारण्ट जारी कर रखा है।

## सोमनाथ से सिंदूर तक : पुनरुत्थानशील भारत की भावना





पीयूष गोयल

75 वर्ष पहले किया गया भव्य सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा भारत के सभ्यतागत गौरव की पुनर्स्थापना का निर्णायक क्षण था। इसने भारत की उस दृढ़ता और संकल्प को पुन: स्थापित किया, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' मिशन का मूल आधार है। इस पवित्र उपलब्धि की 75वीं वर्षगांठ राष्ट्र को भारतीय सभ्यता की मजबूत नींव और शक्ति पर सर्वोच्च विश्वास प्रदान करती है, जो 1,000 वर्षों तक कट्टरपंथियों द्वारा मंदिर पर किए गए भीषण हमलों को झेलने के बाद भी और अधिक सशक्त होकर उभरी। गुजरात के शांत समुद्र तट पर स्थित यह मंदिर हर आक्रमण के बाद खंडहरों से अपनी पूरी भव्यता के साथ फिर उठ खड़ा हुआ। कई मायनों में इसका इतिहास भारत के अतीत का प्रतिबिंब है, जहां हमारे शांतिप्रिय लोगों ने अपनी आस्था, संस्कृति और विरासत पर हुए क्रूर हमलों के बाद फिर से मजबूती से वापसी की।

जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जिस प्रकार सोमनाथ को नष्ट करने के लिए बार-बार षड्यंत्र और प्रयास हुए, उसी प्रकार विदेशी आक्रमणकारियों ने सदियों तक भारत को समाप्त करने की कोशिश की। फिर भी न तो यह पूजनीय तीर्थ नष्ट हुआ और न ही भारत। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि सोमनाथ पर हमलों का उद्देश्य लूटपाट से ज्यादा खतरनाक था। उन्होंने कहा, यदि हमले केवल लूट के लिए होते, तो एक हजार वर्ष पहले हुई पहली बड़ी लूट के बाद ही रुक गए होते, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सोमनाथ की पवित्र मूर्ति को अपवित्र किया गया, मंदिर के स्वरूप को बार-बार बदला गया। और हमें यह सिखाया गया कि सोमनाथ को केवल लूट के लिए नष्ट किया गया था। घृणा, उत्पीड़न और आतंक का यह क्रूर इतिहास हमसे छिपाया गया। स्वतंत्रता के बाद सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण के मिशन का नेतृत्व किया। यह नवस्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय आत्मविश्वास की प्रारंभिक अभिव्यक्तियों में से एक था। लेकिन इस प्रयास की राह में भी मुश्किलें आईं। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इसके ऐतिहासिक लोकार्पण समारोह में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने का औपचारिक तौर पर विरोध किया। इसके बावजूद राष्ट्रपति ने 11 मई 1951 को मंदिर का लोकार्पण किया। सदियों के क्रूर उत्पीड़न के बाद इस पुनर्निर्माण ने भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सभ्यता पर गर्व के बीज बोए। काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के पुनरुद्धार से लेकर अयोध्या में भव्य राम मंदिर तक केदारनाथ के पुनर्जीवन से लेकर असंख्य धरोहर स्थलों के संरक्षण तक भारत अपनी सभ्यता की कहानी को गरिमा और उद्देश्य के साथ पुन: स्थापित कर रहा है। इन प्रयासों से पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं व्यापार के अनेक अवसरों का सृजन हो रहा है। सोमनाथ की ही भांति भारत भी और अधिक सशक्त होकर उभरा है। यह विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ अपनी समृद्ध विरासत और आधुनिकता के अद्वितीय संगम के लिए वैश्विक पहचान बना रहा है। 2014 में जब देश भारी बहुमत से मोदी सरकार को सत्ता में लाया, तो संयुक्त राष्ट्र महासभा ने रिकॉर्ड 175 देशों के समर्थन से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित किया।

योग आज एक वैश्विक वेलनेस मुहिम बन चुका है, जिसने दुनिया की सभी संस्कृतियों के लोगों को लाभ पहुंचाया है। एक दशक बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में संयुक्त अरब अमीरात सरकार द्वारा उपहार में दी गई भूमि पर बने एक भव्य मंदिर का लोकार्पण किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने बहरीन में 200 वर्ष पुराने मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ किया था। वह नियमित रूप से प्रवासी भारतीयों से संवाद करते हैं जिससे वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत का गौरवशाली दूत बन जाते हैं।

**( लेखक केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं )**



चेन्नई। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपने शपथ ग्रहण समारोह के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ हाथ मिलाते तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री (टीवीके) प्रमुख विजय।

## ईयू एंव ब्रिटेन के ऊर्जा के उपलब्ध विकल्प और सीमित हुए: किरल दमित्रीव

**मास्को।** रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) के प्रमुख किरिल दिमित्रीव के अनुसार तेल और गैस क्षेत्र में रूस एवं चीन के बीच बढ़ते सहयोग की संभावनाओं के कारण यूरोपीय संघ (ईयू) और ब्रिटेन के लिए ऊर्जा परिदृश्य और भी सीमित हो गया है। दिमित्रीव की यह टिप्पणी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने शनिवार को कहा था कि रूस और चीन ने ऊर्जा क्षेत्र, विशेष रूप से गैस और तेल में सहयोग के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए 'उच्च स्तर की सहमति' बना ली है। पुतिन के बयान पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रतिक्रिया देते हुए दिमित्रीव ने कहा कि इतिहास के सबसे खराब ऊर्जा संकट के दौरान यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के पास उपलब्ध ऊर्जा विकल्प अब और भी सीमित हो गए हैं।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय को दी बधाई

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने रविवार को तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय को बधाई देते हुए दोनों क्षेत्रों के ऐतिहासिक संबंधों का जिक्र किया। दिसानायके ने सोशल मीडिया पर श्रीलंका और तमिलनाडु के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि दोनों पक्षों के बीच यह रिश्ता पीढ़ियों से चले आ रहे लोगों के आपसी जुड़ाव से और मजबूत हुआ है। उन्होंने लिखा कि श्रीलंका और तमिलनाडु इतिहास, संस्कृति, उद्यम और पीढ़ियों से चले आ रहे लोगों के आपसी जुड़ाव से जुड़े हुए हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच भविष्य में अपार आर्थिक संभावनाओं और अवसरों की बात करते हुए कहा कि श्रीलंका और भारत अपने द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा कर रहे हैं।

# इजरायल ने इराक में बनाया गुप्त सैन्य अड्डा: रिपोर्ट

### ईरान पर हवाई हमले करने के लिए, खोज और बचाव दल भी तैनात किए गए

**तेहरान।** इजरायली अधिकारियों ने ईरान के खिलाफ हवाई हमले शुरू करने के लिए इराकी रेगिस्तान में गुप्त सैन्य अड्डा स्थापित किया है। यह जानकारी रविवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों सहित अन्य स्रोतों के हवाले से दी। सूत्रों के अनुसार, इजरायली सेना ने विशेष बलों को रखने के लिए एक ठिकाना बनाया है। यह बेस इजरायली वायु सेना के लिए रसद केंद्र के रूप में भी काम करता है।

सूत्रों का दावा है कि इस बेस की स्थापना ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू होने के ठीक पहले हुई थी। प्रकाशन ने स्पष्ट किया कि वहां खोज और बचाव दल भी तैनात किए गए हैं ताकि विमान गिरने पर इजरायली पायलटों की तलाश की जा सके। एक अनाम सूत्र ने बताया कि इजरायली वायु सेना के विशेष बल, जिन्हें दुश्मन के इलाके में तोड़फोड़ की कार्रवाई का प्रशिक्षण दिया गया है, वे भी इस बेस पर तैनात हैं। सूत्रों ने वॉल स्ट्रीट जर्नल को बताया कि इराकी रेगिस्तान में स्थित यह इजरायली बेस का पता लगभग मार्च में लगा था। अखबार ने अनाम इराकी सरकारी मीडिया का हवाला देते हुए



■ वॉल स्ट्रीट जर्नल का अमेरिकी अधिकारियों सहित अन्य स्रोतों के हवाले से खुलासा

लिखा कि एक स्थानीय चरवाहे ने इलाके में असामान्य सैन्य गतिविधि, विशेष रूप से हेलीकॉप्टर की उड़ानों की जानकारी दी थी। इसके बाद इराकी बलों को उस सैन्य सुविधा की जांच के लिए भेजा गया लेकिन इजरायल ने हवाई हमलों के जरिए उनकी बढ़त को रोक दिया। अखबार ने इराक में बेस के सटीक स्थान का उल्लेख नहीं किया है। एक अनाम सूत्र ने बताया कि जब ईरानी शहर इस्फहान के पास एक अमेरिकी एफ-15 लड़ाकू विमान को मार गिराया गया था, तब इजरायल ने मदद की पेशकश की थी, लेकिन अमेरिकी सेना ने स्वतंत्र रूप से दोनों पायलटों को बचा लिया। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने आगे कहा कि इजरायल ने इस अभियान की सुरक्षा के लिए हवाई हमले भी किए थे। ईरान के ऊपर एक एफ-15ई फाइटर-बॉम्बर को मार गिराया गया था। तीन अप्रैल को खोज अभियान शुरू हुआ। इसमें दो पायलटों में से एक को जल्द ही ढूंढ़ लिया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पांच अप्रैल की रात को दूसरे पायलट की वापसी का एलान किया। 28 फरवरी को, अमेरिका और इजरायल ने ईरान में ठिकानों पर हमला करना शुरू किया, जिसमें 3,000 से अधिक लोग मारे गए। वाशिंगटन और तेहरान ने आठ अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई बातचीत बेनतीजा रही, हालांकि दोबारा जंग शुरू होने की कोई खबर नहीं है। फिर भी, अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरू कर दी है।

# यूएस की परमाणु धमकी बेहद बेतुकी: ईरान

### ट्रम्प की टिप्पणी अमेरिका की कथित 'शांति की इच्छा' से मेल नहीं खाती: इस्माइल बकाई

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की कथित परमाणु हमले की चेतावनी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे 'घृणित बेतुकापन' करार दिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह टिप्पणी अमेरिका की कथित 'शांति की इच्छा' से मेल नहीं खाती है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि यह 'विकृत विडंबना' है कि अमेरिका एक ओर शांति और परमाणु संकट रोकने की बात करता है और दूसरी ओर 'एक बड़ी चमक' जैसी भाषा का इस्तेमाल कर सैन्य धमकी देता है। बकाई ने अपनी पोस्ट में हॉलीवुड फिल्म 'डा. स्ट्रेंजलव' का उल्लेख करते हुए अमेरिकी बयानबाजी का उपहास भी उड़ाया। यह प्रतिक्रिया ट्रम्प के उस बयान के बाद आई जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि ईरान के साथ युद्धविराम समाप्त होता है तो आपको जानने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बस ईरान से उठती एक बड़ी चमक दिखाई देगी। उन्होंने यह भी कहा था कि ईरान को समझौते पर जल्द हस्ताक्षर कर देने चाहिए, अन्यथा उसे 'काफी दर्द' झेलना पड़ेगा। इस बीच, मॉस्को में विजय दिवस समारोह के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका-ईरान तनाव को 'बेहद कठिन' स्थिति बताया और कहा कि रूस को उम्मीद है कि संघर्ष जल्द समाप्त होगा। पुतिन ने कहा कि ईरान के परमाणु हथियार विकसित करने के कोई प्रमाण नहीं हैं और विवाद का समाधान कूटनीतिक तरीके से संभव है। उन्होंने कहा कि रूस को ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला है जिससे यह संकेत मिले कि ईरान परमाणु हथियार बना रहा है। उन्होंने यह भी दोहराया कि रूस अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में ईरान के यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम के प्रबंधन में सहयोग देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि रूस का प्रस्ताव ईरान के संवर्धित यूरेनियम को शांतिपूर्ण परमाणु उपयोग के लिए ईंधन रॉड में परिवर्तित करने पर आधारित है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ईरान को युद्ध समाप्त करने के लिए प्रस्तावित 10 सूत्री समझौता ज्ञापन पर जवाब देने का इंतजार कर रहा है। इस प्रस्ताव में ईरान का परमाणु कार्यक्रम प्रमुख विवादित मुद्दों में शामिल है। अमेरिका ने अब तक रूस के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। अमेरिका की मुख्य चिंता ईरान के लगभग 450 किलोग्राम 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम भंडार को लेकर है, जिसे हथियार-स्तरीय 90 प्रतिशत संवर्धन से केवल एक तकनीकी कदम दूर माना जाता है। रिपोर्टों के अनुसार ईरान के पास लगभग 1,000 किलोग्राम 20 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम और करीब 8,500 किलोग्राम 3.6 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम भी मौजूद है।



■ बकाई ने अपनी पोस्ट में हॉलीवुड फिल्म 'डा. स्ट्रेंजलव' का उल्लेख करते हुए अमेरिकी बयानबाजी का उपहास भी उड़ाया

## आईआरजीसी ने अपने जहाजों पर हमले के खिलाफ अमेरिका को दी चेतावनी

**तेहरान।** ईरान के प्रमुख सुरक्षा बल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) की नौसेना शाखा ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर ईरानी तेल टैंकरों एवं कारोबारी जहाजों के प्रति किसी भी तरह की आक्रामकता दिखाई जाती है तो इस नतीजा क्षेत्र में स्थित अमेरिकी सैन्य केंद्रों में एक और 'शत्रु' के जहाजों पर भारी हमले के रूप में सामने आएगा। ये टिप्पणियां शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में की गईं, जो गुरुवार और शुक्रवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में और उसके आसपास ईरान और अमेरिका के बीच भड़की छिटपुट झड़पों के बाद आई हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में अमेरिकी सेना ने कई ईरानी जहाजों और तेल टैंकरों पर हमला किया है।

## ईरान होर्मुज स्ट्रेट पर पकड़ मजबूती को कर रहा मच्छर बेड़े का इस्तेमाल

**मॉस्को।** ईरान रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए तेज गति से चलने वाली नौकाओं के एक बड़े नेटवर्क पर निर्भर है, जिसे 'मच्छर बेड़ा' कहा जाता है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट में रक्षा विशेषज्ञों के हवाले से यह जानकारी दी गई। रिपोर्टों में कहा गया है कि ईरानी अधिकारी सैकड़ों छोटी, तेज गति से चलने वाली नौकाओं का संचालन करते हैं, जिनमें से कई हल्के हथियारों से लैस हैं, जबकि अन्य अल्प दूरी की मिसाइलों से सुसज्जित हैं। माना जाता है कि ए नौकाएं क्षेत्र में ईरान की असममित नौसैनिक रणनीति की रीढ़ हैं।

# भीषण आत्मघाती हमले से दहला पाकिस्तान

■ विस्फोटक से भरी गाड़ी चेकपोस्ट से टकराई 15 पुलिसकर्मियों की मौत, कई घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बन्नू जिले में शनिवार देर रात एक भीषण आत्मघाती हमला हुआ। मामले में एक आत्मघाती हमलावर ने बारूद से भरी अपनी गाड़ी को फतेह खेल पुलिस चेकपोस्ट में दे मारी। इस जोरदार धमाके में 15 पुलिसकर्मियों की जान चली गई और तीन अन्य जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि की है। धमाका इतना जोरदार था कि पुलिस चेकपोस्ट पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गया।

बन्नू के डीआईजी सज्जाद खान ने बताया कि विस्फोट से भारी तबाही हुई और कई जवान मलबे के नीचे दब गए। बचाव दल ने रात भर चले अभियान के बाद मलबे से तीन पुलिस अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायलों को तुरंत जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डीआईजी ने जाकर उनके इलाज का जायजा लिया। अधिकारियों ने मृतक जवानों की पहचान कर ली है। इनके नाम रहमत अयाज, सनाउल्लाह, नियाज अली, हबीब, सादुल्लाह जान, कामरान (पुत्र खान सिकंदर), एक अन्य कामरान, नूरुल्लाह, आबिद जानी, इमरान, कलीमुल्लाह, सादिकुल्लाह, मुनीर आलम खान, राहतुल्लाह खान और फारूक हैं। घायल जवानों के नाम मुजरिम फिरोज, हयातुल्लाह और कदरुल्लाह बताए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज जिले के दूर-दराज के इलाकों तक सुनी गई। धमाके से आसपास के घरों और नागरिक इमारतों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। चश्मदीदों का कहना है कि धमाके की वजह से कई घरों की छतें गिर गईं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने इस हमले की कड़ी निंदा की है। इससे पहले रविवार को, बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने बलूचिस्तान के अलग-अलग इलाकों में 10 आपरेशनों की जिम्मेदारी ली है।

## दोहा के पास मालवाहक जहाज अज्ञात मिसाइल की चपेट में आया

**दोहा।** कतर की राजधानी दोहा से 23 समुद्री मील उत्तर-पूर्व में एक मालवाहक जहाज 'अज्ञात मिसाइल' की चपेट में आ गया। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) केंद्र ने यह जानकारी दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जारी एक बयान में यूकेएमटीओ ने बताया कि जहाज पर आग लग गई थी, जिस पर जल्द ही काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। एजेंसी ने कहा कि जहाज पर मामूली आग लगी थी जिसे बुझा दिया गया है, कोई हताहत नहीं हुआ है। बयान के अनुसार, बल्क कैरियर के कैप्टन ने सूचना दी कि रविवार को खाड़ी में यात्रा के दौरान जहाज किसी अज्ञात वस्तु से टकराया था।

# इजरायली हमले में 39 लोगों की मौत: लेबनान

### दक्षिणी शहर सकसाकियाह पर हुए एक इजरायली हमले में एक बच्चे सहित कम से कम सात लोग मारे गए

**बेरूत।** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायल द्वारा लेबनान में किए गए भीषण हमलों में 39 लोग मारे गए। यह जानकारी बीबीसी ने रविवार को दी। मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी शहर सकसाकियाह पर हुए एक इजरायली हमले में एक बच्चे सहित कम से कम सात लोग मारे गए।

इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि वह लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह को निशाना बना रहा था और निर्दोष नागरिकों को हुए नुकसान की रिपोर्टों से अवगत था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 16 अप्रैल को इजरायल और लेबनान की सरकारों के बीच युद्धविराम समझौते की घोषणा के बाद से इजरायली सेना और हिजबुल्लाह के बीच गोलीबारी जारी है। इजरायल के अधिकांश हवाई हमले दक्षिणी लेबनान में हुए हैं और आईडीएफ का कहना है कि वह ईरान समर्थित मिलिशिया और राजनीतिक दल हिजबुल्लाह से जुड़ी अवसंरचना



■ पिछले सप्ताह इजरायली हमलों में पूरे देश में 120 से अधिक लोग मारे गए जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल

और लोगों को निशाना बना रही है। शनिवार को लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी नेशनल न्यूज एजेंसी (एनएएनए) ने सकसाकियाह सहित पूरे दक्षिण में इजरायली हमलों की सूचना दी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस हमले में शुरुआती तौर पर सात लोग मारे गए, जिनमें एक लड़की भी शामिल है और 15 लोग घायल हुए हैं, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। आईडीएफ ने कहा कि उसने इलाके में सैन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक इमारत के अंदर से सक्रिय हिजबुल्लाह आतंकवादियों पर हमला किया। उसने आगे कहा कि हमले से पहले, नागरिकों को होने वाले नुकसान के जोखिम को यथासंभव कम करने के लिए कदम उठाए गए, जिनमें सटीक गोलाबारी और हवाई निगरानी शामिल हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले सप्ताह इजरायली हमलों में पूरे देश में 120 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। मंत्रालय लड़ाकों एवं नागरिकों में कोई अंतर नहीं करता है। इजरायली सेना ने सीमा के साथ लेबनानी भूमि की एक पट्टी पर भी कब्जा कर रखा है और अधिकारियों का कहना है कि इसका उद्देश्य इजरायल के उत्तरी समुदायों की रक्षा के लिए हिजबुल्लाह-मुक्त सुरक्षा क्षेत्र बनाना है।

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने कतर के प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मियामी में कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी से मुलाकात की। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिका फरवरी के अंत में शुरू हुए संघर्ष को समाप्त करने के अपने नवीनतम प्रस्ताव पर ईरान के जवाब का इंतजार कर रहा है। इस दौरान चर्चा मुख्य रूप से ईरान संकट, रक्षा सहयोग और पश्चिम एशिया में स्थिरता बनाए रखने के व्यापक प्रयासों पर केंद्रित रही। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने एक बयान में कहा कि रूबियो ने कई क्षेत्रों में कतर की साझेदारी की सराहना की और खतरों को रोकने तथा क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए वॉशिंगटन और दोहा के बीच निरंतर घनिष्ठ समन्वय पर जोर दिया। रूबियो ने कतर की रक्षा क्षमताओं के लिए अमेरिकी समर्थन पर और क्षेत्रीय सुरक्षा बनाए रखने में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी का उल्लेख किया। रूबियो ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि चर्चा में 'कतर की रक्षा के लिए अमेरिकी समर्थन' शामिल था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

## यूक्रेन संघर्ष समाप्ति की ओर अग्रसर: पुतिन

■ पुतिन की ये टिप्पणियां उनके विजय दिवस भाषण के कुछ ही घंटों बाद आई

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उन्हें लगता है कि यूक्रेन के साथ रूस का संघर्ष समाप्त होने वाला है। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत संघ की जीत के उपलक्ष्य में मस्को में आयोजित एक सीमित सैन्य परेड के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

यह जानकारी बीबीसी ने रविवार को दी। सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण रूस की वार्षिक परेड में टैंकों एवं मिसाइलों का सामान्य प्रदर्शन नहीं हुआ क्योंकि अधिकारियों को आशंका थी कि यूक्रेन ड्रोन से रेड स्क्वायर को निशाना बना सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मध्यस्थता से मास्को और कीव के बीच अंतिम समय में हुए युद्धविराम ने किसी भी हमले के खतरे को कम कर दिया और परेड बिना किसी रुकावट के संपन्न हुई। पुतिन की ये टिप्पणियां उनके विजय दिवस भाषण के कुछ ही घंटों बाद आई जिसमें उन्होंने युद्ध को जायज ठहराया था। उस भाषण में उन्होंने कहा कि रूस एक न्यायपूर्ण युद्ध लड़ रहा है और यूक्रेन को एक आक्रामक शक्ति करार दिया जिसे नाटो के पूरे गुट द्वारा हथियार और समर्थन दिया जा रहा है। बाद में, जब एक संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम देशों द्वारा यूक्रेन की मदद करने के बारे में पूछे गए सवाल पर पुतिन ने कहा कि उन्होंने (पश्चिम ने) सहायता का वादा किया और फिर रूस के साथ टकराव को हवा देना शुरू कर दिया जो आज तक जारी है। मुझे लगता है कि मामला अब सुलझने वाला है लेकिन यह एक गंभीर मामला है।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज • बांझपन का इलाज
• बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
• परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
• हाईरिस्क गर्भावस्था
• बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
• बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
• नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)